RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 41
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मोदी सरकार ने 1.25 लाख करोड़ का काला धन जब्त किया
कारोबार-10

www.dailypioneer.com

# अरुणाचल में भारत-चीन के सैनिकों में हुई झड़प

- नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में हुई थी घटना, दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल
- माना जा रहा है कि चीन की फौज को क्षति अधिक, फिलहाल शांति हुई बहाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** और चीनी सैनिकों की अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट एक स्थान पर नौ दिसंबर को झड़प हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल हो गए। भारतीय सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्वी लद्दाख में दोनों पक्षों के बीच 30 महीने से अधिक समय से जारी सीमा गतिरोध के बीच पिछले शुक्रवार को संवेदनशील क्षेत्र में एलएसी पर यांग्त्से के पास झड़प हुई।



सीमा पर तैनात भारत और चीन के जवान — फाइल फोटो

भारतीय थलसेना ने एक बयान में कहा, पीएलए के सैनिकों के साथ तवांग सेक्टर में एलएसी पर नौ दिसंबर को झड़प हुई। हमारे सैनिकों ने चीनी सैनिकों का दृढ़ता के साथ सामना किया। इस झड़प में दोनों पक्षों के कुछ जवानों को मामूली चोटें आईं। इसने कहा, दोनों पक्ष तत्काल क्षेत्र से पीछे हट गए। इसके बाद हमारे कमांडर ने स्थापित तंत्रों के अनुरूप शांति बहाल करने के लिए चीनी समकक्ष के साथ फ्लैग बैठक की। सेना के बयान में झड़प में शामिल सैनिकों और घटना में घायल हुए सैनिकों की संख्या का उल्लेख नहीं किया गया। इसने कहा कि तवांग सेक्टर में एलएसी पर क्षेत्रों को लेकर दोनों पक्षों की 'अलग-अलग धारणा' है। सेना ने कहा, अरुणाचल प्रदेश में तवांग सेक्टर में एलएसी से सटे अपने दावे वाले कुछ क्षेत्रों में दोनों पक्ष गश्त करते हैं। यह सिलसिला 2006 से जारी है। माना जाता है कि झड़प में घायल हुए चीनी सैनिकों की संख्या काफी अधिक हो सकती है।

पूर्वी लद्दाख में रिनचेन ला के पास अगस्त 2020 के बाद से भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच यह पहली बड़ी झड़प है। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पिछले साल अक्टूबर में भी यांग्त्से के पास एक संक्षिप्त टकराव हुआ था और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों के बीच बातचीत के बाद इसे सुलझा लिया गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में भीषण संघर्ष के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। दोनों पक्षों ने एलएसी पर धीरे-धीरे हजारों सैनिकों और भारी हथियारों की तैनाती कर दी। पूर्वी लद्दाख गतिरोध के बाद, भारतीय सेना ने पूर्वी थिएटर में एलएसी पर अपनी अभियानगत क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है। पूर्वी थिएटर में बड़े पैमाने पर सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में एलएसी से लगते सीमावर्ती क्षेत्र शामिल हैं तथा सीमांत क्षेत्रों में तवांग और उत्तरी सिक्किम क्षेत्र सहित कई संवेदनशील अग्रिम स्थान हैं।


सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सेना ने एक प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किया है और पिछले दो वर्षों में क्षेत्रों की समग्र निगरानी में काफी सुधार हुआ है। सितंबर में, सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने कहा था कि भारतीय सेना एलएसी पर पीएलए की गतिविधियों की लगातार निगरानी कर रही है और किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। गौरतलब है कि पांच मई, 2020 को शुरू हुए पूर्वी लद्दाख गतिरोध के बाद भारत लगभग 3,500 किलोमीटर लंबी एलएसी के निकट बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी ला रहा है।

# कोटा में कोचिंग कर रहे तीन छात्रों ने की खुदकुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** के कोटा में प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे दो नाबालिग समेत तीन छात्रों ने सोमवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। तीनों मृतक छात्रों की उम्र महज 16, 17 और 18 साल थी। पुलिस को घटना स्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस घटना ने एक बार फिर देश के सबसे बड़े कोचिंग हब कोटा को सुर्खियों में ला दिया है, जहां छात्रों पर मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए गलाकाट प्रतियोगिताओं में सफल होने का जबरदस्त दबाव रहता है। कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले छात्रों में से दो, अंकुश और उज्जवल, बिहार के रहने वाले थे। दोनों आपस में दोस्त थे और एक ही हॉस्टल में आसपास के कमरों में रहते थे। एक इंजीनियरिंग तो दूसरा नीट की तैयारी कर रहा था। तीसरा छात्र प्रणव मध्य प्रदेश का रहने वाला था और वह भी मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए नीट परीक्षा की ही तैयारी कर रहा था।

कोटा के पुलिस अधीक्षक केशर सिंह शेखावत ने कहा कि बिहार के दो छात्र एक प्रमुख कोचिंग संस्थान में पढ़ रहे थे। दोनों ही अपने पेइंग गेस्ट (पीजी) आवास में छत के पंखे से लटके पाए गए। पहले की उम्र 19 साल थी, जबकि दूसरे की उम्र 18 साल थी। दोनों 11वीं कक्षा के छात्र थे और पिछले छह महीनों से एक ही पीजी आवास के अलग-अलग कमरों में रह रहे थे। पीजी के मालिक को उस समय शक हुआ जब एक लड़का सुबह अपने कमरे से बाहर नहीं निकला और बार-बार खटखटाने पर भी जवाब नहीं दिया। इसके बाद मालिक ने दरवाजा तोड़ा और उसे पंखे से लटका पाया, तो पुलिस को सूचना दी। दोपहर में दूसरे लड़के की बहन उससे मिलने पीजी में आई थी। वह पहले लड़के के बगल वाले कमरे में रह रहा था। जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो उसे भी तोड़ा गया। वह लड़का भी पंखे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने कहा कि दोनों में से किसी भी लड़के के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की तह तक जाने के लिए दोनों के मोबाइल की जांच की जा रही है। दोनों पिछले तीन साल से कोटा में रह रहे थे और संभवत: कल रात खाना खाने के बाद उन्होंने आत्महत्या कर ली। दूसरे लड़के ने कल रात अपनी बहन को भी फोन किया था। तीसरी घटना में मध्य प्रदेश के शिवपुरी निवासी 17 वर्षीय एक छात्र ने कथित तौर पर कोई जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। (शेष पेज 8)



- तीनों की उम्र 16, 17 और 18 साल थी, नहीं मिला सुसाइड नोट, पुलिस कर रही जांच

### आखिर कब तय होगी कोचिंग संचालकों की जवाबदेही

**कोचिंग** हब कोटा छात्रों को लंबी कक्षा के घंटे, लंबे असाइनमेंट और बहुत ही प्रतिस्पर्धी इंटरनल टेस्ट में व्यस्त रखने के लिए कुख्यात है। कोचिंग छात्रों को 10+2 परीक्षाओं को पास करने के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं में सफलता हासिल करने का दोहरा दबाव झेलना पड़ता है। हालांकि, कोचिंग संस्थानों के पास तनावपूर्ण मानसिक स्थिति से गुजर रहे युवाओं को संभालने के लिए कोई मनोवैज्ञानिक व्यवस्था नहीं है। संभवत: इसी दबाव के चलते कोटा में 2018 में 19 एवं 2017 में सात और 2016 में 17 छात्रों ने आत्महत्या की है। इसी साल बीते नवंबर में उत्तराखंड के एक 16 वर्षीय छात्र ने कोटा के इंद्र विहार इलाके में अपने पीजी कमरे की छत में लगे पंखे से लटक कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

इससे पहले जुलाई में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 16 वर्षीय नीट की तैयारी करने वाले छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ पूनम फोगाट ने द पायनियर को बताया कि छात्रों पर बढ़ते अनावश्यक दबाव के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों एवं इसकी तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों को समान रूप से दोषी ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि वे कभी भी मनोवैज्ञानिक कारकों पर ध्यान नहीं देते हैं, जिसका प्रभाव तनाव के रूप में युवा दिमाग पर पड़ता है। मनोवैज्ञानिक जरूरतों को कोचिंग पैकेज में ही शामिल किया जाना चाहिए। इससे पहले, कोटा जिला प्रशासन ने आत्महत्या के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए सुसाइड हेल्पलाइन स्थापित की थी, जहां चिंतित छात्र परामर्श लेने के लिए कॉल कर सकते थे। वर्ष 2016 में एक छात्रा ने आईआईटी-जेईई मुख्य परीक्षा पास करने के बावजूद छत से कूद कर आत्महत्या कर ली थी। उसने अपने सुसाइड नोट में सभी कोचिंग सेंटरों को बंद करने की मांग की थी। वर्ष 2019 में राजस्थान सरकार ने कोचिंग केंद्रों के नियमन के लिए एक विधायी मसौदा तैयार करने के लिए एक राज्य-स्तरीय समिति का गठन किया था। (शेष पेज 8)

# जलवायु परिवर्तन के जिम्मेदार देश शीघ्र कदम उठाएं: जयशंकर

**भाषा।** अबू धाबी, लंदन

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार देशों को शीघ्र कदम उठाने और वैश्विक तापपान को बढ़ने से रोकने की दिशा में काम करने की जरूरत है। अबू धाबी में जलवायु, वित्त और प्रौद्योगिकी विषय पर इंडिया ग्लोबल फोरम यूएई समिट को संबोधित करते हुए जयशंकर ने जलवायु को लेकर बहस के दो हिस्सों के बीच फर्क का जिक्र किया। इसके तहत उन्होंने जलवायु कार्रवाई और हरित विकास के लिए क्षमता और दूसरा कठिन हिस्सा जलवायु न्याय को रेखांकित किया, जिसके लिए विकासशील दुनिया से किए गए वादों को पूरा करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने कहा, महत्वपूर्ण है कि जो कार्बन स्पेस पर कब्जा कर रहे हैं, वे वादा करते रहे हैं कि वे दूसरों की मदद करेंगे और स्पष्ट रूप से उन्होंने दुनिया को तेजी से बदला है।



विदेश मंत्री ने कहा, वे हर सीओपी (कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज) में कुछ नए तर्क, कुछ बहानेबाजी, कुछ ऐसी चीजें प्रस्तुत करते हैं जो मार्ग को बाधित करती रहती हैं। इसलिए, आज आप जिस वास्तविक समस्या का सामना कर रहे हैं, वह कई सीओपी में आ चुका है। विकसित देश अभी भी अपने वादों को निभाने के बारे में गंभीर नहीं हैं। निराशा बढ़ रही है क्योंकि दुनिया की स्थिति स्पष्ट रूप से बदतर होती जा रही है। मंत्री ने बड़े उत्सर्जक जैसी पहचान के साथ देशों को लक्षित करने और भ्रमित करने के लिए कुछ जलवायु विमर्श की भी निंदा की। उन्होंने कहा, उस देश में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन हो सकता है जो बाकी दुनिया का दसवां हिस्सा है। हालांकि, यह वह देश नहीं है जिसने कार्बन स्पेस पर कब्जा कर लिया। (शेष पेज 8)

# पटेल दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में गांधीनगर में पद और गोपनीयता की ली शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**भाजपा** नेता भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में सोमवार को एक भव्य समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पटेल का यह लगातार दूसरा कार्यकाल है। साथ ही 16 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली जिनमें से आठ कैबिनेट स्तर के हैं। नए मंत्रियों में 11 पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नए सचिवालय के पास हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में पटेल को राज्य के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। कैबिनेट मंत्रियों में कनूदेसाई, ऋषिकेश पटेल, राघवजी पटेल, बलवंत सिंह राजपूत, कुंवरजी बावलिया, मुलुभाई



मुख्यमंत्री पद की शपथ के बाद सहयोगी मंत्रियों, राज्यपाल आचार्य देवव्रत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल

बेरा, कुबेर डिंडोर और भानुबेन बावरिया शामिल हैं। हर्ष सांघवी और जगदीश विश्वकर्मा ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली राज्य के छह अन्य मंत्रियों में पुरुषोत्तम सोलंकी, बच्चूभाई खाबाद, मुकेश पटेल, प्रफुल्ल पंशेरिया, भीखूसिंह परमार और कुवरजी हलपति शामिल हैं।

इन 16 मंत्रियों में से चार (बावलिया, खाबाद, सोलंकी और मुकेश पटेल) कोली समुदाय से, तीन (राजघवजी, ऋषिकेश और प्रफुल्ल) पाटीदार, तीन (विश्वकर्मा, परमार और बेरा) ओबीसी तथा दो (हलपति और डिंडोर) आदिवासी समुदाय से हैं। बावरिया अनुसूचित जाति समुदाय से, सांघवी जैन, देसाई ब्राह्मण और राजपूत क्षत्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री पटेल और उनकी नई टीम को ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह के बाद ट्वीट किया, श्री भूपेंद्रभाई पटेल को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। मैं उन सभी लोगों को भी बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने मंत्री के रूप में शपथ ली। यह एक ऊर्जावान टीम है जो गुजरात को प्रगति की और नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी। भूपेंद्र पटेल की दूसरी सरकार में शामिल 11 पूर्व मंत्रियों में से सात मंत्री सितंबर 2021 से दिसंबर 2022 तक उनकी अगुवाई वाली सरकार का हिस्सा रहे थे। इनमें हर्ष सांघवी, जगदीश विश्वकर्मा, कनूभाई देसाई, ऋषिकेश पटेल, राघवजी पटेल, कुबेर डिंडोर और मुकेश पटेल शामिल हैं। (शेष पेज 8)

# प्रधानमंत्री के खिलाफ कांग्रेस नेता पटेरिया के विवादित बोल

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल, पन्ना

- कहा- संविधान, अल्पसंख्यकों, दलितों का भविष्य बचाना है तो मोदी की 'हत्या' के लिए तैयार रहें

**मध्यप्रदेश** में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने विवादास्पद टिप्पणी करते हुए लोगों से संविधान और अल्पसंख्यकों, दलितों एवं आदिवासियों का भविष्य को बचाने की खातिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहने को कहा है। इस मामले में मध्यप्रदेश पुलिस ने पटेरिया के खिलाफ सोमवार को विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। सोशल मीडिया पर सोमवार सुबह सामने आए एक वीडियो में पटेरिया को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से यह कहते हुए सुना जा सकता है, मोदी चुनाव खत्म कर देंगे। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर (लोगों को) बांट देंगे। दलितों का, आदिवासियों का, अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या का मतलब है, हराने का काम करो।

पटेरिया का यह वीडियो मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के पवई स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का है।

लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री संजय कुमार खरे की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने यहां एक बयान जारी कर कहा, शिकायत के बाद सोमवार दोपहर पन्ना जिले के पवई पुलिस थाने में पटेरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मिश्रा ने कहा, पुलिस ने पाया कि पटेरिया के द्वारा एक जनसभा में धर्म, जाति और भाषा के आधार पर दलित, अल्पसंख्यक एवं आदिवासी समुदाय के बीच घृणा तथा वैमनस्य फैलाने का कार्य प्रतीत हुआ है, इससे लोक शांति भंग होना पुलिस ने पाया है। (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,131 | ↓ | 51 | |
| निफ्टी | 18,497 | ↑ | 1 | |
| सोना | 54,140 | ↓ | 155 | /10g |
| चांदी | 68,136 | | 98 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सरकार ने पाक स्थित ओटीटी प्लेटफार्म को किया ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को पाकिस्तान स्थित ओटीटी प्लेटफार्म की वेबसाइट, दो मोबाइल अप्लीकेशन, चार सोशल मीडिया अकाउंट तथा स्मार्ट टीवी ऐप को ब्लॉक करने का निर्देश दिया। इसे भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए खतरनाक माना जा रहा था। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 12 दिसंबर को आईटी रूल्स 2021 के तहत अपनी आपात शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान स्थित ओटीटी प्लेटफार्म विडली टीवी को बैन कर दिया। प्लेटफार्म विडली टीवी ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर 'सेवक: द कन्फेशन' के नाम से एक वेब सीरीज का जारी किया था। मंत्रालय ने कहा कि ऐसा पाया गया कि यह देश की सुरक्षा, संप्रभुता तथा अखंडता के लिए खतरा है।

# देशमुख को जमानत, लेकिन 10 दिन बाद आदेश होगा प्रभावी

- फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के लिए सीबीआई के समय मांगने पर उच्च न्यायालय ने आदेश को स्थगित रखा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**बंबई** हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अनिल देशमुख को भ्रष्टाचार के एक मामले में सोमवार को जमानत दे दी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। हालांकि देशमुख जेल से बाहर नहीं निकल सकेंगे क्योंकि उच्च न्यायालय ने सीबीआई द्वारा सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती देने के लिए समय मांगे जाने के बाद आदेश को दस दिन तक स्थगित रखा है। न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद देशमुख की जमानत याचिका मंजूर कर ली। वह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद है। सीबीआई की एक विशेष अदालत द्वारा पिछले महीने उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद 74 वर्षीय देशमुख ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

उन्होंने चिकित्सा आधार पर जमानत मांगी। धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद राकांपा के नेता पिछले साल नवंबर से जेल में हैं। इस साल अप्रैल में उन्हें सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय ने उन्हें पिछले महीने ईडी मामले में जमानत दी थी। (शेष पेज 8)

### मनीष तिवारी ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** सांसद मनीष तिवारी ने सोमवार को न्यायिक नियुक्तियों को लेकर न्यायापालिका के साथ सरकार की चल रही खींचतान पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया। केंद्र और न्यायपालिका के बीच जजों की नियुक्ति को लेकर मतभेद चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में केंद्र से कहा था कि कोलेजियम प्रणाली का पालन किया जाना चाहिए। इसी परिप्रेक्ष्य में तिवारी का प्रस्ताव आया है। न्यायिक नियुक्ति का यह मुद्दा उस समय सतह पर आया जब विभिन्न सरकारी पदाधिकारियों ने इस मुद्दे पर बड़ी संख्या में बयान जारी किया। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजूजू ने दो महीने पहले न्यायिक नियुक्तियों के लिए कोलेजियम सिस्टम की मुखर आलोचना की थी। कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव नोटिस पर रिजूज ने कहा 'हम कांग्रेस जैसी पार्टी नहीं हैं जो हर चीज पलट देती है और देश के संस्थानों पर कब्जा कर लेती है।' (शेष पेज 8)

# टी-3 पर भीड़ कम करने को नया एक्शन प्लान

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

- उड्डयन मंत्रालय व डायल ने पेश की पांच बिंदुओं वाली कार्ययोजना
- व्यस्त समय में उड़ानें कम करने व कुछ को टर्मिनल 1 व 2 पर भेजा जाएगा

**आईजीआई** एयरपोर्ट का संचालन करने वाले दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) के साथ मिलकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने व्यस्त समय में टर्मिनल-3 पर अव्यवस्था निपटने के लिए सोमवार को पांच सूत्री कार्ययोजना पेश की है। इसके तहत सुबह के व्यस्त घंटों के दौरान टर्मिनल-3 पर उड़ानें कम करने के लिए कुछ उड़ानों को टर्मिनल-1 और टर्मिनल-2 तथा टर्मिनल-3 पर ही व्यस्त समय के बाद स्थानांतरित करने की योजना है। इसके अलावा हवाई अड्डे के प्रत्येक प्रवेश द्वार पर प्रतीक्षा समय प्रदर्शित करने वाले बोर्ड लगेंगे। सूत्रों ने कहा कि अगले छह से सात दिनों में नई व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले कुछ दिनों से भीड़भाड़ और अव्यवस्था की शिकायतों के बीच सोमवार सुबह इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के टर्मिनल-3 का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक की। सर्दियों की छुट्टियों की भीड़ और शादी के सीजन ने उड्डयन क्षेत्र में नई जान फूंक दी है और इस क्षेत्र को भरपूर लाभ पहुंचाया है, लेकिन दिल्ली के आईजीआई समेत मुंबई और बेंगलुरु के हवाईअड्डों पर प्री बोर्डिंग पर लंबी-लंबी लाइनें और फ्लाइट छूटने की शिकायतें आम हो गई थीं। व्यवस्था में सुधार न होता देख लोग सोशल मीडिया पर लगातार शिकायतें कर रहे थे। तमाम एयरपोर्ट के लिए एक सप्ताह बाद नए साल की छुट्टियों का समय और भी व्यस्त होने वाला है। ऐसे में यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो स्थिति गंभीर हो सकती है। दिलचस्प बात यह है कि मार्च 2020 में कोविड पाबंदिया लगने के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब रविवार को 4.27 लाख से अधिक यात्रियों ने घरेलू उड़ानों में सफर किया। यही नहीं, महामारी से पहले घरेलू उड़ानों में सफर करने वालों का दैनिक औसत भी केवल 4.2 लाख ही था। (शेष पेज 8)




टर्मिनल-3 के निरीक्षण के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

## पांच सूत्री मांगों को लेकर उपवास पर बैठे स्वास्थ्यकर्मी

**गाजियाबाद।** अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्क्स एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने सीएमओ कार्यालय पर उपवास कर धरना दिया। संघ के अध्यक्ष गोविंद सिंह रौतेला ने बताया कि हम अपनी मांगों लेकर लगातार पत्र लिख रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य पर्यवेक्षक की पदोन्नति स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के पद पर किए जाने की सेवा नियमावली बनाई गई थी, लेकिन अभी तक भी इस सेवा नियमावली का पालन नहीं किया गया है।


AXIS BANK

**PUBLIC NOTICE FOR E-AUCTION OF PLEDGED ASSETS BEING GOLD ORNAMENTS**

THE BORROWERS, IN SPECIFIC AND THE PUBLIC IN GENERAL ARE HERE BUY NOTIFIED THAT PUBLIC AUCTION OF THE GOLD ORNAMENTS PLEDGE IN THE BELOW ACCOUNTS IS PROPOSED TO BE CONDUCTED BY THE AXIS BANK AT THE BELOW MENTIONED BRANCH. THE BELOW MENTIONED BORROWERS HAS AVAILED THE CREDIT FACILITY FROM THE AXIS BANK LIMITED AGAINST THE PLEDGE OF GOLD ORNAMENTS ("GOLD LOAN FACILITY") IN FAVOUR OF THE BANK TOWARDS THE SECURITY. THE DEMAND NOTICES WERE ISSUED TO THE BORROWERS/GUARANTORS CALLING UP THE BORROWERS/ GUARANTORS TO PAY THEIR OUTSTANDING AMOUNT TOWARDS THE GOLD LOAN FACILITY AVAILED. AS THE BORROWERS/ GUARANTORS HAVE FAILED TO REPAY THE OUTSTANDING LOAN AMOUNT, THE BANK IS CONSTRAINED TO INVOKE THE PLEDGE AND PROPOSED TO CONDUCT AN E-AUCTION SALE OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS MORE PARTICULARLY DESCRIBED IN SCHEDULE OF PROPERTY HEREUNDER ON **23.12.2022 AT 12.30 PM TO 3.30 PM** ON **"AS IN WHERE IS", "AS IS WHAT IS", "WHATEVER THERE IS" AND "NO RECOURSE BASIS".**

**DETAILS OF BORROWERS AND OUTSTANDING AMOUNT**

| SR NO. | BRANCH NAME | CUSTOMER NAME | LOAN A/C NO. | AMOUNT OUTSTANDING | DATE OF RECALL | GROSS WEIGHT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | MUSKAN GUPTA | XXXXXXXXXXX0332 | ₹ 487,541.00 | 3-SEP-22 | 209.80 |
| 2 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | KARAN MADANI | XXXXXXXXXXX9965 | ₹ 456,983.00 | 18-JUL-22 | 152.80 |
| 3 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | ARTI | XXXXXXXXXXX9011 | ₹ 422,842.00 | 22-JUL-22 | 137.70 |
| 4 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | KUMAIL ABBAS | XXXXXXXXXXX8833 | ₹ 222,654.00 | 24-MAR-22 | 81.10 |
| 5 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | MOHIT KUMAR | XXXXXXXXXXX3582 | ₹ 219,146.00 | 5-SEP-22 | 95.60 |
| 6 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | MAMTA | XXXXXXXXXXX2961 | ₹ 441,256.00 | 3-SEP-22 | 184.90 |
| 7 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | PRITHVI SINGH CHAUHAN | XXXXXXXXXXX1180 | ₹ 329,329.00 | 3-DEC-21 | 110.10 |
| 8 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | UMESH SINGH | XXXXXXXXXXX9003 | ₹ 255,603.00 | 28-FEB-22 | 201.20 |
| 9 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | DHANRAJ KHANNA | XXXXXXXXXXX5842 | ₹ 204,723.00 | 6-JUN-22 | 74.00 |
| 10 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | WASI AHMED | XXXXXXXXXXX3648 | ₹ 69,933.00 | 18-JUN-22 | 23.80 |
| 11 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | SANJAY CHOUDHARY | XXXXXXXXXXX4679 | ₹ 57,872.00 | 28-JUL-22 | 22.40 |
| 12 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | SUNNY DAYAL | XXXXXXXXXXX3043 | ₹ 52,772.00 | 26-JUL-22 | 28.80 |
| 13 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | AMIT JAIN | XXXXXXXXXXX4197 | ₹ 49,148.00 | 17-MAY-22 | 14.80 |
| 14 | ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | NIRAJ KUMAR | XXXXXXXXXXX9946 | ₹ 40,357.00 | 24-MAR-22 | 16.30 |
| 15 | BALI NAGAR, NEW DELHI [DL] | ASHISH KUMAR MISHRA | XXXXXXXXXXX5363 | ₹ 195,981.00 | 5-FEB-22 | 71.00 |
| 16 | BALI NAGAR, NEW DELHI [DL] | RANVEER KUMAR | XXXXXXXXXXX3835 | ₹ 78,376.00 | 3-SEP-22 | 36.70 |
| 17 | DARYAGANJ, DELHI [DL] | KAVITA GUPTA | XXXXXXXXXXX3441 | ₹ 303,253.00 | 3-SEP-22 | 117.20 |
| 18 | DARYAGANJ, DELHI [DL] | SUNITA | XXXXXXXXXXX4829 | ₹ 296,602.00 | 22-JUN-22 | 121.00 |
| 19 | DARYAGANJ, DELHI [DL] | NAWAZISH AHMAD | XXXXXXXXXXX5926 | ₹ 78,461.00 | 26-JUL-22 | 25.40 |
| 20 | DARYAGANJ, DELHI [DL] | ANAMIKA DEVI | XXXXXXXXXXX8288 | ₹ 36,795.00 | 18-JUN-22 | 13.70 |
| 21 | DWARKA, DELHI [DL] | ARVIND KUMAR PANDAY | XXXXXXXXXXX9300 | ₹ 163,693.00 | 3-SEP-22 | 57.60 |
| 22 | FARIDABAD [HR] | TILAK RAJ | XXXXXXXXXXX9125 | ₹ 273,068.00 | 11-AUG-22 | 126.50 |
| 23 | FARIDABAD [HR] | RAHUL | XXXXXXXXXXX8068 | ₹ 233,385.00 | 30-APR-21 | 88.00 |
| 24 | FARIDABAD [HR] | AMARJEET SINGH | XXXXXXXXXXX7341 | ₹ 100,236.00 | 18-JUN-22 | 32.10 |
| 25 | FARIDABAD [HR] | REENA | XXXXXXXXXXX2234 | ₹ 96,304.00 | 24-MAR-22 | 33.00 |
| 26 | FARIDABAD [HR] | KANCHAN KUMARI | XXXXXXXXXXX9321 | ₹ 94,507.00 | 18-JUL-22 | 33.10 |
| 27 | FARIDABAD [HR] | PARMANAND SINGH | XXXXXXXXXXX6771 | ₹ 103,440.00 | 18-JUN-22 | 35.00 |
| 28 | FARIDABAD [HR] | GOURAV . | XXXXXXXXXXX3237 | ₹ 56,800.00 | 17-MAY-22 | 18.50 |
| 29 | FARIDABAD [HR] | ASHOK KUMAR | XXXXXXXXXXX3152 | ₹ 49,245.00 | 22-JUN-21 | 15.80 |
| 30 | GHAZIABAD [UP] | MOHD SHAHID | XXXXXXXXXXX9929 | ₹ 202,614.00 | 7-JAN-22 | 67.30 |
| 31 | GHAZIABAD [UP] | HAKIKAT ALI | XXXXXXXXXXX9608 | ₹ 62,809.00 | 28-FEB-22 | 20.80 |
| 32 | JYOTI NAGAR DEL DL | SUNIL SINGH | XXXXXXXXXXX5778 | ₹ 193,274.00 | 3-SEP-22 | 65.60 |
| 33 | JYOTI NAGAR DEL DL | MOHIT . | XXXXXXXXXXX7592 | ₹ 128,349.00 | 18-JUN-22 | 54.90 |
| 34 | JYOTI NAGAR DEL DL | MOHIT . | XXXXXXXXXXX7494 | ₹ 54,839.00 | 18-JUN-22 | 19.20 |
| 35 | KALKAJI, NEW DELHI [DL] | AGAMYA JHA | XXXXXXXXXXX1894 | ₹ 559,537.00 | 13-APR-22 | 208.90 |
| 36 | KALKAJI, NEW DELHI [DL] | JAFAR | XXXXXXXXXXX8338 | ₹ 27,694.00 | 17-MAY-22 | 10.40 |
| 37 | KISHANGANJ OD DL | NADIM | XXXXXXXXXXX4900 | ₹ 525,388.00 | 28-JUL-22 | 180.00 |
| 38 | KISHANGANJ OD DL | AJAY KUMAR SHARMA | XXXXXXXXXXX6135 | ₹ 113,847.00 | 28-JUL-22 | 33.40 |
| 39 | KISHANGANJ OD DL | AJEET KUMAR | XXXXXXXXXXX4400 | ₹ 60,113.00 | 18-JUN-22 | 22.80 |
| 40 | KISHANGANJ OD DL | SATISH KUMAR PANDEY | XXXXXXXXXXX3598 | ₹ 27,638.00 | 18-JUL-22 | 10.50 |
| 41 | LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | RAMINDER KAUR | XXXXXXXXXXX5786 | ₹ 990,803.00 | 11-AUG-22 | 334.50 |
| 42 | LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | SANJAY KUMAR TEWATIA | XXXXXXXXXXX2401 | ₹ 380,723.00 | 22-JUL-22 | 126.60 |
| 43 | LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | LAXMI NARAYAN | XXXXXXXXXXX5382 | ₹ 118,228.00 | 3-SEP-22 | 41.80 |
| 44 | LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | RAGINI SINHA | XXXXXXXXXXX0746 | ₹ 90,281.00 | 13-SEP-22 | 30.80 |
| 45 | LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | VIJAY CHOWDHARY | XXXXXXXXXXX9433 | ₹ 65,367.00 | 7-JAN-22 | 20.10 |
| 46 | LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | ANKUSH SHARMA | XXXXXXXXXXX7898 | ₹ 35,113.00 | 30-MAR-22 | 7.50 |
| 47 | MALVIYA NAGAR, NEW DELHI [DL] | AMIT MOZA | XXXXXXXXXXX7726 | ₹ 41,326.00 | 18-JUN-22 | 14.20 |
| 48 | MALVIYA NAGAR, NEW DELHI [DL] | RAKESH KUMAR | XXXXXXXXXXX0972 | ₹ 65,478.00 | 3-SEP-22 | 29.50 |
| 49 | MAYUR VIHAR, NEW DELHI [DL] | HITISH LAMBA | XXXXXXXXXXX2310 | ₹ 1,615,660.00 | 26-JUL-22 | 610.30 |
| 50 | MAYUR VIHAR, NEW DELHI [DL] | ANIL KUMAR LAMBA | XXXXXXXXXXX7387 | ₹ 1,274,759.00 | 6-AUG-22 | 788.30 |
| 51 | MAYUR VIHAR, NEW DELHI [DL] | RAJEEV CHAUHAN | XXXXXXXXXXX2876 | ₹ 455,090.00 | 18-JUN-22 | 163.40 |
| 52 | MAYUR VIHAR, NEW DELHI [DL] | MONIKA AGARWAL | XXXXXXXXXXX0129 | ₹ 423,106.00 | 5-SEP-22 | 156.00 |
| 53 | MAYUR VIHAR, NEW DELHI [DL] | HITISH LAMBA | XXXXXXXXXXX1856 | ₹ 395,259.00 | 22-JUL-22 | 123.40 |
| 54 | MAYUR VIHAR, NEW DELHI [DL] | DEWANI RAM | XXXXXXXXXXX9712 | ₹ 188,600.00 | 22-JUL-22 | 67.70 |
| 55 | MAYUR VIHAR, NEW DELHI [DL] | PRIYANKA YADAV | XXXXXXXXXXX5554 | ₹ 163,194.00 | 30-MAR-22 | 60.20 |
| 56 | MAYUR VIHAR, NEW DELHI [DL] | AJAY VIR SINGH | XXXXXXXXXXX9853 | ₹ 67,894.00 | 17-MAY-22 | 27.60 |
| 57 | MEERA BAGH, NEW DELHI [DL] | BILAL RIYAZ | XXXXXXXXXXX1682 | ₹ 399,278.00 | 22-JUL-22 | 149.50 |
| 58 | MEERA BAGH, NEW DELHI [DL] | AMIT KUMAR TIWARI | XXXXXXXXXXX7643 | ₹ 41,112.00 | 18-JUL-22 | 15.90 |
| 59 | NANGLOI DEL DL | ARTI | XXXXXXXXXXX3220 | ₹ 239,803.00 | 22-JUL-22 | 76.20 |
| 60 | NAZAFGARH, NEW DELHI [DL] | GULAB | XXXXXXXXXXX0039 | ₹ 907,536.00 | 6-JUN-22 | 390.50 |
| 61 | NAZAFGARH, NEW DELHI [DL] | AMITA SHARMA | XXXXXXXXXXX5398 | ₹ 108,754.00 | 24-MAR-22 | 41.90 |
| 62 | NAZAFGARH, NEW DELHI [DL] | RAHUL SINGH | XXXXXXXXXXX4114 | ₹ 62,807.00 | 6-JUN-22 | 22.70 |
| 63 | NAZAFGARH, NEW DELHI [DL] | RAHUL . | XXXXXXXXXXX3685 | ₹ 84,748.00 | 17-MAY-22 | 36.20 |
| 64 | NEW FRIENDS COLONY, NEW DELHI | EBRAHIM KHAN | XXXXXXXXXXX6896 | ₹ 128,991.00 | 17-MAY-22 | 43.00 |
| 65 | NEW FRIENDS COLONY, NEW DELHI | SACHIN GUPTA | XXXXXXXXXXX6135 | ₹ 52,930.00 | 3-SEP-22 | 19.00 |
| 66 | NEW FRIENDS COLONY, NEW DELHI | SHAHNAJ | XXXXXXXXXXX2723 | ₹ 37,398.00 | 26-JUL-22 | 13.90 |
| 67 | NOIDA [UP] | RAJESH YADAV | XXXXXXXXXXX3145 | ₹ 561,468.00 | 11-AUG-22 | 197.00 |
| 68 | NOIDA [UP] | KISHOR KUNAL | XXXXXXXXXXX8216 | ₹ 335,299.00 | 22-JUN-22 | 108.80 |
| 69 | NOIDA [UP] | VIKAS NAGAR | XXXXXXXXXXX5534 | ₹ 253,892.00 | 11-AUG-22 | 107.70 |
| 70 | NOIDA [UP] | ADESH KUMAR | XXXXXXXXXXX9822 | ₹ 171,802.00 | 11-AUG-22 | 58.10 |
| 71 | NOIDA [UP] | PRADEEP AWANA | XXXXXXXXXXX4021 | ₹ 289,357.00 | 18-JUL-22 | 93.50 |
| 72 | NOIDA [UP] | AKASH YADAV | XXXXXXXXXXX8768 | ₹ 72,756.00 | 17-MAY-22 | 24.40 |
| 73 | NOIDA [UP] | AMIT KUMAR | XXXXXXXXXXX0984 | ₹ 47,664.00 | 12-SEP-22 | 16.40 |
| 74 | NOIDA [UP] | RAJNIKANT KUMAR | XXXXXXXXXXX0656 | ₹ 47,880.00 | 24-MAR-22 | 15.20 |
| 75 | PALAM VIHAR, GURGAON [HR] | POOJA BARALA | XXXXXXXXXXX6441 | ₹ 307,967.00 | 22-JUL-22 | 98.00 |
| 76 | PALAM VIHAR, GURGAON [HR] | SANJAY SANJAY | XXXXXXXXXXX9947 | ₹ 34,093.00 | 3-SEP-22 | 9.80 |
| 77 | PALAM, DELHI [DL] | GYAN SINGH RAWAT | XXXXXXXXXXX7873 | ₹ 55,513.00 | 28-JUL-22 | 18.60 |
| 78 | PARADISE MALL S GUR HR | HEERA LAL | XXXXXXXXXXX6863 | ₹ 195,529.00 | 3-SEP-22 | 64.89 |
| 79 | PARADISE MALL S GUR HR | MANORANJAN SANDHIBIGRAH | XXXXXXXXXXX6371 | ₹ 120,980.00 | 22-JUL-22 | 40.22 |
| 80 | PARADISE MALL S GUR HR | SUNITA | XXXXXXXXXXX9032 | ₹ 86,133.00 | 24-MAR-22 | 31.50 |
| 81 | ROHINI, DELHI [DL] | CHANDER PRAKASH PANDEY | XXXXXXXXXXX0043 | ₹ 445,946.00 | 30-APR-21 | 145.70 |
| 82 | ROHINI, DELHI [DL] | ANIL KUMAR MISHRA | XXXXXXXXXXX6436 | ₹ 343,466.00 | 22-JUN-21 | 137.10 |
| 83 | ROHINI, DELHI [DL] | BHUPINDER SINGH RANDHAWA | XXXXXXXXXXX5213 | ₹ 274,198.00 | 9-JUN-22 | 91.80 |
| 84 | ROHINI, DELHI [DL] | SANDEEP KUMAR | XXXXXXXXXXX4134 | ₹ 267,511.00 | 3-SEP-22 | 81.40 |
| 85 | ROHINI, DELHI [DL] | BHUPINDER SINGH RANDHAWA | XXXXXXXXXXX3453 | ₹ 236,392.00 | 9-JUN-22 | 81.50 |
| 86 | ROHINI, DELHI [DL] | ISHWAR CHAND | XXXXXXXXXXX6325 | ₹ 220,250.00 | 24-MAR-22 | 83.90 |
| 87 | ROHINI, DELHI [DL] | PREETI GARG | XXXXXXXXXXX3067 | ₹ 73,260.00 | 28-JUL-22 | 28.60 |
| 88 | ROHINI, DELHI [DL] | SUSHIL KUMAR | XXXXXXXXXXX3764 | ₹ 97,501.00 | 18-JUL-22 | 33.70 |
| 89 | SECTOR 10A,GURGAON [HR] | ANKIT YADAV | XXXXXXXXXXX2524 | ₹ 33,145.00 | 28-JUL-22 | 11.50 |
| 90 | SECTOR 10A,GURGAON [HR] | AALAM . | XXXXXXXXXXX4797 | ₹ 124,051.00 | 28-JUL-22 | 45.50 |
| 91 | SECTOR 10A,GURGAON [HR] | HARIOM MISHRA | XXXXXXXXXXX4133 | ₹ 59,965.00 | 17-MAY-22 | 21.34 |
| 92 | SECTOR 10A,GURGAON [HR] | USHA DEVI | XXXXXXXXXXX2142 | ₹ 26,711.00 | 3-SEP-22 | 9.80 |
| 93 | SECTOR 14, GURGAON [HR] | RAJBIR | XXXXXXXXXXX4439 | ₹ 252,772.00 | 22-JUL-22 | 90.10 |
| 94 | SECTOR 14, GURGAON [HR] | LOKNATH GIRI | XXXXXXXXXXX5739 | ₹ 51,999.00 | 28-JUL-22 | 19.30 |
| 95 | SECTOR 14, GURGAON [HR] | PINKI . | XXXXXXXXXXX4678 | ₹ 240,113.00 | 21-APR-22 | 83.90 |
| 96 | SECTOR 14, GURGAON [HR] | SURAJ . | XXXXXXXXXXX5138 | ₹ 228,529.00 | 5-SEP-22 | 70.10 |
| 97 | SECTOR 14, GURGAON [HR] | RAMBAHADUR SINGH | XXXXXXXXXXX6013 | ₹ 152,455.00 | 17-MAY-22 | 52.60 |
| 98 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | DHARMENDER SINGH | XXXXXXXXXXX9415 | ₹ 467,104.00 | 18-JUL-22 | 170.80 |
| 99 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | DURGESH KUMAR | XXXXXXXXXXX7756 | ₹ 204,863.00 | 24-MAR-22 | 75.25 |
| 100 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | DEVENDER SHARMA | XXXXXXXXXXX7654 | ₹ 196,608.00 | 25-AUG-22 | 79.20 |
| 101 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | RAVI KUMAR | XXXXXXXXXXX5349 | ₹ 119,967.00 | 18-JUN-22 | 39.30 |
| 102 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | POONAM SINGH | XXXXXXXXXXX0753 | ₹ 721,836.00 | 22-JUN-21 | 210.10 |
| 103 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | VINOD KUMAR | XXXXXXXXXXX3778 | ₹ 217,157.00 | 17-MAY-22 | 68.50 |
| 104 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | DEEPAK . | XXXXXXXXXXX3254 | ₹ 126,537.00 | 29-JAN-22 | 62.40 |
| 105 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | PARMOD GUPTA | XXXXXXXXXXX5808 | ₹ 77,623.00 | 24-MAR-22 | 28.20 |
| 106 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | GIRRAJ SHARMA | XXXXXXXXXXX5567 | ₹ 56,598.00 | 20-JUN-22 | 27.70 |
| 107 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | BHOLA PRASAD GUPTA | XXXXXXXXXXX1908 | ₹ 54,088.00 | 28-JUL-22 | 17.20 |
| 108 | SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | MUKESH CHAUHAN | XXXXXXXXXXX6771 | ₹ 36,928.00 | 28-JUL-22 | 25.00 |
| 109 | SECTOR-24,ROHINI,NEW DELHI [DL | SACHIN KUMAR | XXXXXXXXXXX8879 | ₹ 106,137.00 | 25-AUG-22 | 39.40 |
| 110 | SHAHDARA, DELHI [DL] | SAYAD SARFARAJ | XXXXXXXXXXX3042 | ₹ 114,264.00 | 28-JUL-22 | 37.30 |
| 111 | SHALIMAR BAGH, DELHI [DL] | MANNU KUMAR | XXXXXXXXXXX2064 | ₹ 65,709.00 | 7-JAN-22 | 23.90 |
| 112 | SWASTHYA VIHAR, NEW DELHI [DL] | SONAM JAIN | XXXXXXXXXXX4604 | ₹ 611,803.00 | 26-JUL-22 | 257.40 |
| 113 | SWASTHYA VIHAR, NEW DELHI [DL] | VIKAS NAGAR | XXXXXXXXXXX2903 | ₹ 559,083.00 | 11-AUG-22 | 211.00 |
| 114 | SWASTHYA VIHAR, NEW DELHI [DL] | SHUBHAM | XXXXXXXXXXX2456 | ₹ 72,647.00 | 18-JUL-22 | 26.80 |
| 115 | SWASTHYA VIHAR, NEW DELHI [DL] | RINA SINGH | XXXXXXXXXXX5984 | ₹ 186,840.00 | 18-JUN-22 | 69.10 |
| 116 | SWASTHYA VIHAR, NEW DELHI [DL] | ARTI AGGARWAL | XXXXXXXXXXX8175 | ₹ 138,187.00 | 18-JUN-22 | 37.40 |
| 117 | TILAK NAGAR, DELHI [DL] | RAJESH KUMAR | XXXXXXXXXXX1014 | ₹ 899,507.00 | 18-JUL-22 | 316.00 |
| 118 | TILAK NAGAR, DELHI [DL] | PINKI PINKI | XXXXXXXXXXX3017 | ₹ 309,030.00 | 18-JUL-22 | 171.30 |
| 119 | TILAK NAGAR, DELHI [DL] | PARVEEN KUMAR PANDEY | XXXXXXXXXXX9522 | ₹ 313,534.00 | 16-APR-21 | 112.90 |
| 120 | TILAK NAGAR, DELHI [DL] | MUJAMIL . | XXXXXXXXXXX5442 | ₹ 123,153.00 | 22-JUL-22 | 40.80 |
| 121 | TILAK NAGAR, DELHI [DL] | RANI DEVI | XXXXXXXXXXX0166 | ₹ 128,118.00 | 17-MAY-22 | 44.70 |
| 122 | TILAK NAGAR, DELHI [DL] | MUJAMIL . | XXXXXXXXXXX2117 | ₹ 62,292.00 | 28-JUL-22 | 22.10 |
| 123 | UTTAM NAGAR, NEW DELHI [DL] | ROHIT SODHI | XXXXXXXXXXX6656 | ₹ 268,103.00 | 18-JUN-22 | 97.30 |
| 124 | VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | VIKRAM PRATAP SINGH | XXXXXXXXXXX0668 | ₹ 625,619.00 | 18-JUL-22 | 234.00 |
| 125 | VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NITIN VERMA | XXXXXXXXXXX3525 | ₹ 342,567.00 | 5-SEP-22 | 119.60 |
| 126 | VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | VINAR YADAV | XXXXXXXXXXX1131 | ₹ 231,029.00 | 22-JUL-22 | 74.40 |
| 127 | VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | MOHD AKHLAK | XXXXXXXXXXX6740 | ₹ 106,708.00 | 22-JUN-21 | 35.00 |
| 128 | VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | VISHAL SAGAR | XXXXXXXXXXX9862 | ₹ 73,563.00 | 30-MAR-22 | 20.70 |
| 129 | VIKASPURI, NEW DELHI [DL] | NAMRTA JHA | XXXXXXXXXXX9856 | ₹ 409,133.00 | 30-APR-21 | 130.30 |
| 130 | VIKASPURI, NEW DELHI [DL] | NAMRTA JHA | XXXXXXXXXXX3152 | ₹ 86,697.00 | 3-SEP-22 | 29.80 |

AXIS BANK LTD. HAS THE AUTHORITY TO REMOVE ACCOUNT/CHANGE THE AUCTION DATE WITHOUT ANY PRIOR NOTICE. AUCTION WILL BE HELD ONLINE **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN** BETWEEN 12.30 PM TO 3.30 PM.
FOR DETAILED TERMS AND CONDITIONS, PLEASE LOG INTO GIVEN WEBSITE **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN**

**SD/-,**
**AUTHORIZED OFFICER,**
**AXIS BANK LTD.**

**PLACE: DELHI**
**DATE: 13/12/2022**


# हेलीपोर्ट निर्माण के लिए आई 4 कंपनियां

### कंपनियों से मांगे गए सुझाव, 12 जनवरी को खोली जाएगी फिनेनसिएशल बोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में बनने जा रहे हेलीपोर्ट के लिए दूसरी बार जारी किए गए ग्लोबल टेंडर में चार कंपनियां आई है। इनकी सोमवार को प्री बिड बैठक की गई। बैठक में कंपनियों को मंगलवार शाम चार बजे तक अपने सुझाव और समस्या ऑनलाइन जमा करने के लिए कहा है।

ये सुझाव मुख्य कार्यपालक अधिकारी के समक्ष रखी जाएगी। इसके बाद 12 जनवरी को फिनेनसिएशल बिड खोली जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि फरवरी में हेलीपोर्ट का काम शुरू हो सकता है। इस पर नोटिस इनवाइटिंग टेंडर में भी काफी बदलाव किया गया था। जिसके बाद ग्लोबर टेंडर जारी किए गए थे।

बता दे पिछली बार सिर्फएक ही कंपनी आई थी। जिसे डिसक्वालिवफी कर दिया गया था। योजना को पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप के आधार पर बनाया जाएगा। इसमें लिए जाने वाले किराए का बांड के हिसाब से प्राधिकरण पैसा लेगा। नोएडा के सेक्टर 151ए में प्रस्तावित हेलीपोर्ट के निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर किए जाएंगे। इसका डिजाइन बेल 412, 12 सीटर के अनुसार तैयार किया गया है।

हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग एप्रान की सुविधा होगी। इस हेलीपोर्ट में वीवीआईपी या आपात काल के समय 26 सिटर एमआई 172 भी उतारा जा सकेगा। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि हाल ही में हुई बैठक में हवाई सेवा से जुड़ी 18 कंपनियों को बुलाया गया था। जिसमें से 8 कंपनियां बैठक में शामिल हुई और पांच ने सुझाव दिए थे।

इन्हीं सुझावों पर एनआईटी में बदलाव किया गया। इस फाइल को सीईओ के पास भेजा गया था इसके बाद इसे बोर्ड में शामिल किया गया था।




**देश के इन शहरों तक हो सकेगा हवाई सफर**

- *100 से 200 किमी में मथुरा आगरा*
- *200 से 300 किमी में मसूरी, यमुनोत्री, पंतनगर, नैनीताल, उत्तरकाशी, श्री नगर, गोचर, अलमोड़ा, न्यू टिहरी, शिमला, हरिद्वार जयपुर, चंडीगढ़, ओली*
- *300 से 400 किमी बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, जोशीमठ, रामपुर, मंडी, अजमेर*
- *400 से 500 किमी मनाली, बीकानेर, जोधपुर, डलहौजी, अयोध्या*

## स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिग सुधार के लिए तैयारियों में जुटा नगर निगम

**गाजियाबाद।** स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम अगले महीने गाजियाबाद सिटी का दौरा करेगी। सबसे पहले ओडीएफप्लस का जायजा लेगी और इसके बाद दूसरे कंपोनेंट पर कार्य करेगी। स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 का आगाज हो चुका है।

इसके लिए नगर निगम प्रशासन भी अब तैयारी में जुट गया है। वैसे गाजियाबाद को शहर में स्वच्छता के लिए 122 करोड़ रुपये एसबीएम के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से आवंटित किया गया है। माना जा रहा है कि यह पैसा वर्ष 2022 के स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए दिया गया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को लेकर अब नगर निगम भी तैयारी तेजी के साथ कर रहा है। नगर निगम के हेल्थ विभाग का कहना है कि इस बार करीब दो हजार अंक अधिक का कॉम्पीटीशन होगा। सबसे पहले स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए 6000 अंक का हुआ था। पिछली बार गाजियाबाद नगर निगम में स्वच्छ सर्वेक्षण 7500 और अब स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 करीब 9500 अंक का होने जा रहा है।नगर निगम प्रशासन को भी केंद्र सरकार ने अवगत करा दिया है।


ICICI Bank

**शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉटनंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005**

**सार्वजनिक सूचना :**
**बिल्डर निरसन**

**आपको सूचना दी जाती है कि शिखर वार्ष्णेय/शिल्पी मुदगल (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002426050 तथा पता अपार्टमेंट नंबर जी–एआई210, विंडसर कोर्ट, स्थित जीएच 04 ए, सेक्टर–78, नोएडा के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।**

**बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 07 दिसम्बर, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एसोटेक लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।**

**कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।**

**दिनांकित : 13 दिसम्बर, 2022** — **वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर** — **हस्ता./–**



**परिशिष्ट IV**
देखें नियम 8(1)
**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार नरेंद्र **कुमार प्रोपराइटर भारत बुक एंड स्टेशनरी स्टोर, अंजू बाला और भरत वर्मा** को **09.09.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HLAPBHD00490170** की राशि **रू.77,90,033.98 (रूपये सतहत्तर लाख नब्बे हजार तैंतीस और अट्ठानवे पैसे मात्र)** और **08.09.2022** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी ।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **08.12.2022** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.77,90,033.98 (रूपये सतहत्तर लाख नब्बे हजार तैंतीस और अट्ठानवे पैसे मात्र) 08.09.2022** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

वार्ड नं.11 में संपत्ति आईडी नं. जेजेआर/डब्लु11/0381 मापित 80 चौरस यार्ड्स, मोहल्ला टिबरी, तहसील और जिला झज्जर, झज्जर-124103, हरियाणा और निम्नुसार परिबध्द है :-

पूर्व : गोडाउन वेद जूस शॉप — पश्चिम : मास्टर बृज भूषण का मकान
उत्तर : हर गोबिंद का मकान — दक्षिण : किशनचंद की दुकान

**सही/-**
**दिनांक : 08.12.2022** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : झज्जर** — **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**



**परिशिष्ट IV A**
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना ।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड(CIN:L65922DL2005PLC136029) (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **16.01.2023** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक **"जहां है", "जैसा है"** और **"जो कुछ भी है"**,की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLDMT00472982 के लिए रू.49,71,821/- (रुपए उनचास लाख इकहत्तर हजार आठ सौ इक्कीस मात्र) के लिए 07.12.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **08.12.2022** से प्रभावी जो **पंकज मित्तल और नीतू मित्तल** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा ।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू.46,00,000 /- (रुपए छियालीस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू.4,60,000/ - (रुपए चार लाख साठ हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के **10%** के बराबर होगा ।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**संपत्ति नं.1**

**संपुर्ण तल मंजिल, प्लॉट नं. 3 पर निर्मित संपत्ति के रूफ/टैरस अधिकारों के बिना, एरिया मापित 32 स्के.मी. के साथ, पॉकेट -2, सेक्टर -25, रोहिणी आवासीय स्किम के ले आउट प्लान में स्थित, रोहिणी, नई दिल्ली -110085, उक्त संपत्ति की जमीन के समानुपातिक फ्री होल्ड अधिकारों के साथ, जो निम्ननुंसार परिबद्ध है:**

**पूर्व में: प्लॉट नं. 04** — **पश्चिम में: प्लॉट नं. 02**
**उत्तर में: प्लॉट नं. 50** — **दक्षिण में : प्रवेश**

**संपत्ति नं.2**

**संपुर्ण तल मंजिल, प्लॉट नं. 4 पर निर्मित संपत्ति के रूफ/टैरस अधिकारों के बिना, एरिया मापित 32 स्के.मी. के साथ, पॉकेट -2 में, सेक्टर -25, रोहिणी आवासीय स्किम के ले आउट प्लान में स्थित, रोहिणी, नई दिल्ली -110085, उक्त संपत्ति की जमीन के समानुपातिक फ्री होल्ड अधिकारों के साथ, जो निम्ननुंसार परिबद्ध है:**

**पूर्व में: प्लॉट नं. 05** — **पश्चिम में: प्लॉट नं. 03**
**उत्तर में: प्लॉट नं. 49** — **दक्षिण में : प्रवेश**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullshomeloans.com को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**सही/-**
**दिनांक: 08.12.2022** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : नई दिल्ली** — **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**


# जीएसटी छापेमारी से व्यापारी परेशान

### कई इलाकों में दुकान बंद-कमिश्नर से मिले, सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



जीएसटी सर्वे एवं छापेमारी के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के एनसीआर अध्यक्ष सुनील गुप्ता के नेतृत्व में जीएसटी कमिश्नर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

नोएडा और गाजियाबाद में देख गया है कि कई इलाकों में डर की वजह से दुकानें बंद रही। इस दौरान जीएसटी कमिश्नर को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान सुनील गुप्ता ने कहा कि जीएसटी विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वे एवं छापो से उद्यमियों एवं व्यापारियों में व्यापक भय एवं अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। जिस कारणवश बहुत सारी मंडियां व्यापारिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ थे।

## बदमाश ने महिला को हथियार दिखाकर लूटा

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र की गोकुल धाम सोसायटी में बाइक सवार दो बदमाशों ने हथियार के बाद पर घर के बाहर बैठी महिला से चेन लूट ली। वारदात का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है।

पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर बदमाश के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे वह घर के बाहर बैठी थीं। बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे। बदमाश ने हथियार दिखा कर महिला को आतंकित कर दिया। उसने महिला से गले में पड़ी चेन को लूट लिया।

## विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगी करती महिला गिरफ्तार

**नोएडा।** विदेश में नौकरी दिलाने और फर्जी वीजा बनाकर लाखों रुपए की ठगी करने वाली एक महिला को थाना सेक्टर.63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये महिला अपना एक गैंग आपरेट करती है। इसके बाकी के साथियों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीम दबिश दे रही है। इसे ग्रेटर नोएडा के इको विलेज.2 सुपरटेक से गिरफ्तार किया गया है। एडीसीपी साद मियां खान पीड़ित ने हाल ही में थाना सेक्टर.63 में महिला के खिलाफ शिकायत की थी। जिसके बाद से पुलिस ने महिला की इलेक्ट्रानिक सर्विलांस शुरू कर दी। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस की एक टीम ने सुपरटेक इकोविलेज.2 टावर ए.2 फ्लैट नंबर 006 से महिला को गिरफ्तार किया। बताया गया कि महिला यही से फोन के जरिए सीधे साधे लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करती थी। पुलिस ने इसके पास से 11 बांग्लादेश के पासपोर्ट और 30 भारतीय पासपोर्ट बरामद किए गए है।

## हसीन ने आशीष बनकर युवती को प्रेमजाल में फंसाया, बनाया अश्लील वीडियो

**नोएडा।** अपना नाम और धर्म छुपा कर एक युवती के साथ धोखाधड़ी और दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को दादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को आशीष ठाकुर बता दिया जबकि उसका असली नाम हसीन सैफी था। वह युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उससे निकाह करने की तैयारी करने लगा लेकिन निकाह से पहले ही उसकी सच्चाई खुल गई।

हसीन सैफी ने आशीष नाम रखकर उत्तराखंड की रहने वाली एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। युवती का अश्लील वीडियो बनाकर आरोपी ने शादी का दबाव बनाया। शादी से ठीक पहले पोल खुली तो युवती के पैरो तले से जमीन निकल गई।

युवती ने युवक पर धर्म बदलकर धोखा देने का आरोप लगाया। सूचना पाकर दादरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी के खिलाफ धर्म परिवर्तन, धोखाधड़ी और दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है।

## एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा।** एटीएम मशीन में फेवीक्वीक लगाकर धोखाधड़ी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान आकाश कुमार पुत्र प्रदीप और धीरज पुत्र सचिदानन्द वर्मा हुई है। इन दोनों को फेस.1 क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के एटीएम बूथ से गिरफ्तार किया है।

ये लोग एटीएम बूथ में मशीन में कार्ड डालने वाले स्थान पर फेवीक्कीक लगा देते थे। इसके साथ ही कस्टमर केयर वाले स्थान पर अपना नंबर लिखते थे। जैसे ही कोई पैसा निकालने आता और मशीन में कार्ड डालता ट्रांजैक्शन के दौरान उसका कार्ड वहीं चिपक जाता था।

# चालान किए जाने पर भड़के युवक, पुलिस वालों पर लगाया अभद्रता का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

### कार में सीट बेल्ट लगाने पर हुई थी कहासुनी

रात्रि गश्त के दौरान पीसीआर कर्मियों द्वारा चेकिंग के लिए रोके जाने पर कार सवार युवकों का पुलिसकर्मियों के साथ वाद विवाद हो गया। कार सवार लोगों ने पुलिसकर्मियों पर गाली गलौज, अभद्रता व मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। कार सवार युवकों व पुलिसकर्मियों के बीच वाद-विवाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक होती हुई दिखाई दे रही है।

बीती रात पीसीआर-46 पर तैनात सब इंस्पेक्टर सुशील कुमार, कॉन्स्टेबल सोनित व सुशील गश्त पर थे। आश्रम रोड पर उन्होंने एक वैगनआर कार को जांच के लिए रोका। कार सवार चालक ने सीट बेल्ट नहीं लगाई हुई थी और उसके पास डीएल भी नहीं था। इसके बाद पुलिस ने चालक का ऑनलाइन चालान कर दिया। चालान किए जाने पर कार सवार युवकों का पुलिसकर्मियों से वाद-विवाद हो गया। कार सवार युवकों ने पुलिसकर्मियों पर गाली देने व अभद्रता करने का आरोप लगाया।

युवकों ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ बदतमीजी व गाली गलौज की। इस संबंध में डीसीपी सेंट्रल राम बदन सिंह का कहना है कि पुलिस पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पुलिस द्वारा चेकिंग के लिए रोके जाने व चालान किए जाने पर आक्रोशित युवकों की पुलिसकर्मियों से कहासुनी हुई थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मानहानि में मनीष सिसोदिया पर चलेगा केस

## पीपीई किट केस पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- यदि सार्वजनिक बहस का स्तर गिराएंगे तो अंजाम भुगतना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया को मानहानि के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। सिसोदिया ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा द्वारा उनके खिलाफ दायर किए गए एक आपराधिक मानहानि मामले को रद्द करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया है।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को कहा कि यदि आप सार्वजनिक बहस को इस स्तर तक गिरा देंगे, तो आपको अंजाम भुगतने होंगे। उच्च न्यायालय के चार नवंबर के आदेश के खिलाफ सिसोदिया की याचिका स्वीकार करने के प्रति शीर्ष न्यायालय के अनिच्छा प्रकट करने पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने इसे वापस ले लिया।

शर्मा ने कोविड-19 महामारी की प्रथम लहर के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) प्राधिकारों को बाजार दर से अधिक पर पीपीई किट की आपूर्ति करने के सिलसिले में अपने (शर्मा के) खिलाफ भ्रष्टाचार के बेबुनियाद आरोप लगाने को लेकर शर्मा ने आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।

आप नेता ने दावा किया था कि शर्मा ने 2020 में राज्य का स्वास्थ्य मंत्री रहने के दौरान अपनी पत्नी की कंपनी को आपूर्ति के आर्डर दिए थे। हालांकि, शर्मा ने इन आरोपों से इनकार किया था। यह विषय सोमवार को न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति एएस ओका की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। सिसोदिया की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आप नेता ने यह नहीं कहा था कि कोई पैसा लिया गया है।

पीठ ने कहा कि यदि आप सार्वजनिक बहस को इस स्तर तक गिरा देंगे, तो आपको अंजाम भुगतने होंगे। न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता को पहले ही बेशर्त माफी मांग लेनी चाहिए थी। सिंघवी ने कहा कि कोई व्यक्ति दूसरों को धौंस नहीं दिखा सकता और याचिकाकर्ता ने कभी नहीं कहा था कि कोई धन लिया गया है।

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि आपको अंजाम भुगतने होंगे। पीठ ने कहा कि आरोप महामारी के दौरान लगाए गए थे। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि महामारी के दौरान देश किस स्थिति से गुजर रहा था, इसे महसूस करने के बजाय याचिकाकर्ता आरोप लगा रहे थे। बाद में, सिंघवी ने याचिका वापस ले ली। असम सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता नलिन कोहली ने सुनवाई के बाद कहा कि अनिवार्य रूप से, समन जारी करने के दौरान एक अदालत को यह विचार करना होगा कि झूठे आरोपों के सिलसिले में क्या मानहानि का प्रथम दृष्टया मामला बनता है।

अदालत ने सिसोदिया के बारे में शर्मा की इस शिकायत का संज्ञान लिया, जिसमें उन पर (शर्मा पर) पीपीई किट खरीदने के लिए अपनी पत्नी को सरकारी ठेका देने में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया था। यह आरोप लगाया गया था कि इस तरह की पीपीई किट अन्य से प्रति इकाई 600 रुपये में खरीदी गई, जबकि यही चीज शर्मा की पत्नी के मालिकाना हक वाली कंपनी से 900 रुपये प्रति किट के दर से खरीदी गई।

# एसआई को वकील पति ने पीटा, कार में मारी टक्कर, ट्वीटर पर जारी किया वीडियो

- डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के द्वारका में दिल्ली पुलिस की एक महिला सब-इंस्पेक्टर (एसआई) से उसके वकील पति ने कथित तौर पर मारपीट की। इस मामले दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह मामला तब सामने आया जब एसआई डोली तेवतिया ने ट्विटर पर अपनी परेशानी बताई और एक वीडियो भी पोस्ट की जिसमें द्वारका में उसका पति उससे गालीगलौज करते तथा लड़ते हुए दिख रहा है।

एसआई ने अपने निजी ट्विटर हैंडल से कहा कि मैं दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर हूं। अभी मातृत्व अवकाश पर हूं। मेरा वकील पति तरुण डबास लगातार मुझसे दुर्व्यवहार कर रहा है। आज उसने दिनदहाड़े मुझे पीटा। कृपया कार्रवाई कीजिए। वीडियो में व्यक्ति को अपनी काले रंग की एसयूवी से एक खड़ी कार को टक्कर मारते हुए देखा जा सकता है और बाद में उसे अपनी पत्नी से झगड़ते हुए देखा गया। उसने अपनी पत्नी से मारपीट की और उसे जान से मारने की भी धमकी दी। एसआई ने ट्विटर के जरिए दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) से भी मदद मांगी जिसके बाद आयोग ने पुलिस को नोटिस जारी किया है। तेवतिया ने सोमवार को कहा कि उन्होंने अभी तक डबास के खिलाफ तीन शिकायतें दर्ज कराई है। मामले में कार्वाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने उसके पति के खिलाफ एक मामला दर्ज कर लिया और जांच कर रही है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि नजफगढ़ पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 341, 427 और 506 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

# ब्राह्मण विरोधी नारे लिखने में बाहरियों पर शक

**जेएनयू मामला**

- कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय सबका है, किसी को नफरत फैलाने का हक नही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जवाहरलाल विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने सोमवार को कहा कि परिसर के अंदर कुछ दीवारों पर ब्राह्मण विरोधी नारे लिखे जाने की घटना में बाहरी लोगों का हाथ हो सकता है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है। कुलपति ने कहा कि जेएनयू सबका है और कोई भी इसका इस्तेमाल किसी समूह के खिलाफ नफरत फैलाने के लिए नहीं कर सकता। इस महीने की शुरूआत में जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्ट्डीज (एसआईएस)-द्वितीय की इमारत में ब्राह्मण और बनिया समुदाय के खिलाफ नारे लिखकर उसे विकृत किया गया था और उन्हें परिसर और देश छोड़ने को कहा गया था।

इस मामले को लेकर मीडिया के साथ बातचीत में कुलपति ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि मामले के सामने आने के 24 घंटे के अंदर ही दीवारों पर फिर से रंग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्ट्डीज में हमारी दीवारों के विरूपण की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी और मामले की जांच चल रही है। तुरंत ही दीवारों पर सफेदी कर दी गई और 24 घंटे के भीतर सफाई कर दी गई थी।

उन्होंने कहा कि हमारी जानकारी में आया है कि संभवत: बाहरी लोग परिसर में आए और उन्होंने ये सब किया। हम सोच रहे हैं कि हम क्या एहतियाती कदम उठा सकते हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। घटना के बाद जेएनयू ने अपने सभी केंद्रों से सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। एक परामर्श में विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि उसने अधिसूचित किया है कि सभी स्कूलों और केंद्रों में केवल एक प्रवेश और निकास द्वार होगा। कुलपति ने तर्क दिया कि जेएनयू सभी के लिए है और कोई भी जेएनयू का उपयोग नफरत फैलाने व किसी भी समूह के खिलाफ भेदभाव करने के लिए नहीं कर सकता।

# अभिनेत्री नोरा ने जैकलीन पर ठोका मानहानि का मुकदमा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अभिनेत्री नोरा फतेही ने जैकलीन फर्नांडीज के खिलाफ सोमवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष एक आपराधिक शिकायत दर्ज की। उनके वकील ने यह जानकारी दी।

फतेही के वकील ने बताया कि शिकायत में कहा गया है कि सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में उनका नाम गलत तरीके से घसीट कर उनकी मानहानि की गई। वकील विक्रम चौहान ने बताया कि कनाडाई नागरिक फतेही ने अपनी शिकायत में 15 मीडिया संगठनों को आरोपी बनाया है। शिकायत पर 19 दिसंबर को सुनवाई होने की संभावना है। शिकायत में कहा गया है, शिकायतकर्ता अपने करियर में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और उनकी अपनी एक प्रतिष्ठा है।

बॉलीवुड अभिनेत्री फर्नांडीज द्वारा लगाए गए आरोप कि फतेही ने चंद्रशेखर से उपहार प्राप्त किए थे, गलत है। फतेही ने शिकायत में कहा, शिकायतकर्ता ने चंद्रशेखर से केवल तभी बात की थी जब उनकी पत्नी लीना मारिया पॉल ने चेन्नई में एक कार्यक्रम में उनसे स्पीकरफोन पर बात की थी, जहां लीना द्वारा शिकायतकर्ता को आमंत्रित किया गया था। शिकायतकर्ता को लीना द्वारा एक आईफोन और एक गुची बैग उपहार में दिया गया था।



ठगी मामले में पटियाला कोर्ट के बाहर निकलती अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज।

# दिसंबर में भी लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले

- नगर निगम के अनुसार सालाना पीड़ितों की संख्या 3,800 के पार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिसंबर में डेंगू के 260 से अधिक मामले सामने आए हैं, जिससे इस साल सामने आए इसके कुल मामले बढ़कर 3,800 से अधिक हो गए हैं।

यह जानकारी सोमवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा जारी एक रिपोर्ट से मिली। इस साल नवंबर में डेंगू के 1,420 मामले सामने आए थे, जबकि अक्टूबर में मामलों की संख्या 1,238 थी।

दो दिसंबर तक डेंगू संक्रमण के मामलों की संख्या 3,595 थी और तब से नौ दिसंबर तक 262 और मामले दर्ज किए गए हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में इस साल मलेरिया के 241 मामले और चिकनगुनिया के 44 मामले भी सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार सामने आए कुल 3,857 मामलों में से 693 सितंबर में आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2017 में, दिल्ली में एक जनवरी से नौ दिसंबर की अवधि में 4,704 मामले सामने आए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल अब तक इस बीमारी से किसी की मृत्यु नहीं हुई है, जबकि 2021 में डेंगू से 23 लोगों की मौत हुई थी। 2015 में, दिल्ली में डेंगू का व्यापक प्रकोप देखा गया था, तब अक्टूबर में मामलों की संख्या 10,600 के पार हो गई थी। 1996 के बाद से यह दिल्ली में डेंगू के प्रकोप की सबसे खराब स्थिति थी।

सोमवार को जारी एमसीडी की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में जनवरी में डेंगू के 23 मामले, फरवरी में 16, मार्च में 22, अप्रैल में 20, मई में 30, जून में 32, जुलाई में 26 और अगस्त में 75 मामले सामने आए थे। लार्वा जनित बीमारी डेंगू और मलेरिया के मामले आमतौर पर जुलाई और नवंबर के बीच दर्ज किए जाते हैं, कभी-कभी ये दिसंबर के मध्य तक सामने आते रहते हैं।

एमसीडी के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, लार्वा जनित बीमारियों के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, त्वचा पर चकत्ते, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द शामिल हैं।

# नर्सरी दाखिला : शुक्रवार तक घोषित होगी सीटों की संख्या

- राजधानी में 1800 से अधिक निजी स्कूलों में मिशन एडमिशन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के निजी स्कूलों में 2023-24 शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश स्तर की सभी कक्षाओं का विवरण शुक्रवार तक घोषित होने की उम्मीद है।

दिल्ली में 1,800 से अधिक निजी स्कूलों में प्रवेश स्तर की कक्षाओं के लिए दाखिला प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू हुई थी। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने पिछले महीने एक परिपत्र में कहा था कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है। परिपत्र के मुताबिक, दाखिला के लिए चयनित छात्रों की पहली सूची और प्रतीक्षा सूची 20 जनवरी को आएगी। दाखिला के लिए चयनित छात्रों की दूसरी सूची 6 फरवरी को अपलोड की जाएगी। निजी गैर-सहायता प्राप्त विद्यालयों ने दाखिला के लिए अपने मानदंड अपनी वेबसाइट पर पहले ही अपलोड कर दिए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि स्कूल अपने नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर दाखिला कार्यक्रम प्रदर्शित करेगा।

प्रत्येक स्कूल यह भी सुनिश्चित करेगा कि दाखिला के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक सभी आवेदकों को उपलब्ध कराया जाए। अधिसूचना में कहा गया है कि दाखिला पंजीकरण शुल्क के रूप में 25 रुपये की गैर-वापसी योग्य राशि ली जा सकती है। अभिभावक द्वारा स्कूल विवरणिका की खरीद वैकल्पिक होगी। परिपत्र में कहा गया है कि सभी निजी स्कूल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और वंचित समूहों तथा दिव्यांग बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित करेंगे।

# उमर खालिद को 7 दिन की अंतरिम जमानत

- बहन की शादी के लिए दायर अर्जी को अदालत ने दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद को उसकी बहन की शादी के लिए एक सप्ताह की अंतरिम जमानत प्रदान की।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने खालिद को 23 से 30 दिसंबर तक के लिए जमानत दी। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र नेता खालिद ने अपनी बहन की शादी के लिए दो हफ्ते की अंतरिम जमानत के वास्ते अर्जी दायर की थी।

खालिद पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत कथित रूप से फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों का मुख्य षड्यंत्रकारी होने का मामला दर्ज किया गया था।

इन दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी। दिल्ली पुलिस ने खालिद को सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया था।

## अंतिम संस्कार से लौट रहे व्यक्ति को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दक्षिणपुरी इलाके में किसी के अंतिम संस्कार से लौट रहे 49 वर्षीय एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित सुरेश चंद की बाईं जांघ में गोली लगी थी और उसे इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित ने दावा किया कि वह रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे जब किसी के अंतिम संस्कार से लौट रहा था, तभी उसके घर के पास कुछ लोगों ने गोलियां चला दीं और इसी दौरान एक गोली उसकी बाईं जांघ में लग गई। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

# जैन की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील करने पर की खिंचाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें मामले में जमानत का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका पर उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था। न्यायालय ने कहा कि शीर्ष अदालत उच्च न्यायालय के रोस्टर को निर्धारित नहीं कर सकती है।

न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट की पीठ ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने पर जैन की खिंचाई की, जबकि उच्च न्यायालय इस मामले पर सुनवाई कर रहा है। जैन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि उच्च न्यायालय को इस मामले को जल्द सुनने को कहा जाए, क्योंकि छुट्टियां शुरू होने वाली हैं। इस पर पीठ ने कहा कि आप सीधे उच्चतम न्यायालय आते हैं, क्योंकि आप यहां आने का खर्च उठा सकते हैं। आप शीघ्र सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय से अनुरोध कर सकते हैं। हम यहां उच्च न्यायालय का रोस्टर तय करने नहीं आए हैं। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस अनुरोध का विरोध किया और कहा कि याचिकाकर्ता को हर जगह विशेष रियायत नहीं मिल सकती है। मेहता ने कहा कि जेलों में कई लोग हैं, जो जल्द से जल्द मामले का निपटारा चाहते हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय का रुख करने में सक्षम नहीं है।

मेहता ने जमानत याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए जैन की याचिका का पुरजोर विरोध किया।



## दो लोगों की जमानत याचिका पर ईडी तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में दो आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को तलब करते हुए जवाब मांगा। इस मामले में दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन भी आरोपी हैं। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने वैभव जैन और अंकुश जैन की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस जारी करते हुए उसे जवाब दाखिल करने को कहा। अदालत ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका के साथ दोनों की याचिकाओं को 20 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।

# राजधानी में ध्वनि प्रदूषण करने पर लगे जुर्माना

- सरकार ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरतने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को ध्वनि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से जुर्माना लगाने और इस संबंध में की जाने वाली कार्रवाई की रिपोर्ट हर महीने जमा करने का निर्देश दिया है।

पर्यावरण विभाग ने 29 नवंबर के एक आदेश में सभी उपायुक्तों (राजस्व), उपमंडल मजिस्ट्रेट, पुलिस नियंत्रण कक्ष और यातायात पुलिस के सहायक आयुक्तों, उपमंडल पुलिस अधिकारियों और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव से राष्ट्रीय राजधानी में ध्वनि प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों पर पूरी तरह अंकुश लगाने को कहा है। प्रधान सचिव (पर्यावरण) अनिल कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ध्वनि नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने को लेकर 25 जून, 2021 को जारी डीपीसीसी के निर्देशों का अक्षरश: पालन किया जाना चाहिए और मासिक कार्रवाई रिपोर्ट जमा की जानी चाहिए।

डीपीसीसी के अनुसार, ध्वनि नियमों के उल्लंघन पर एक लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियमों के अनुसार, अधिकारियों की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर या सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का उपयोग नहीं किया जा सकता।नियमों के अनुसार, सभागार, सम्मेलन कक्ष, समुदाय और बैंक्वेट हॉल जैसे बंद परिसरों को छोड़कर लाउडस्पीकर का उपयोग रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक नहीं किया जा सकता।

लाउडस्पीकर और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के उपयोग से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 10,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। नियमों के तहत जेनरेटर सेट और निर्माण उपकरण के उपयोग के संबंध में मानदंडों के उल्लंघन पर क्रमश: एक लाख रुपए और 50,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## झुग्गीवासियों के पुनर्वास के लिए केंद्र प्रतिबद्ध : पुरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि वह दिल्ली में झुग्गीवासियों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है और उनके पुनर्वास के लिए निर्धारित भूमि का औसत प्रति एकड़ एक झुग्गी से भी कम है।

आवास और शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र ने पात्र लोगों को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराया है लेकिन कुछ ही लोगों ने फ्लैटों पर कब्जा लिया है और उनमें से कई अदालत चले गए हैं। पुनर्विकसित की जाने वाली सात सरकारी कॉलोनी 536 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई हैं और पहचान किए गए ऐसे परिवारों की संख्या 507 है जो झुग्गियों में रह रहे थे। उन्होंने कहा कि इसका औसत एक एकड़ भूमि में एक झुग्गी से भी कम है।

# बिजली आपूर्ति केस में आज से फिर सुनवाई शुरू होगी

- बीते 28 सितंबर को उत्पादन कंपनियों को बीएसईएस की बिजली काटने पर लगा दी थी रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी में ढाई करोड़ लोगों को प्रभावित करने वाले बिजली आपूर्ति से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार से सुनवाई फिर शुरू होगी।

इसी साल 28 सितंबर को हुई सुनवाई में कोर्ट ने दिल्ली में बिजली उत्पादन करने वाली कंपनियों आईपीजीसीएल, पीपीसीएल और डीटीएल को बीएसईएस की बिजली आपूर्ति काटने से रोक दिया था और उन्हें अगले आदेश तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इस मामले में भारत के सर्वोच्च रैंक के कानूनी अधिकारी (भारत के अटॉर्नी जनरल) और प्रतिद्वंद्वी पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले दूसरे सर्वोच्च कानूनी अधिकारी (भारत के सॉलिसिटर जनरल) होंगे।

इस मामले में दिल्ली सरकार के स्वामित्व वाली आईपीजीसीएल/पीपीसीएल ने भारत के अटॉर्नी जनरल की सेवाएं ली हैं। वह दो दिल्ली डिस्कॉम के साथ चल रहे भुगतान विवाद में दिल्ली जेनकोस का प्रतिनिधित्व करेंगे। दूसरी ओर, भारत के सॉलिसिटर जनरल विद्युत मंत्रालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो मामले में एक पक्ष है। विचाराधीन मामला 2014 का है जब दिल्ली जेनकोस सहित जेनकोस ने भुगतान न करने पर बीएसईएस की बिजली आपूर्ति काटने की धमकी दी थी। बीएसईएस ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें तर्क दिया गया था कि वह पूरी तरह से भुगतान करने में असमर्थ है, क्योंकि दिल्ली बिजली नियामक द्वारा निर्धारित टैरिफ पूरी तरह से लागत को कवर नहीं करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो आदेशों- 26 मार्च, 2014 और 12 मई, 2016 को मौजूदा बकाये के भुगतान के संबंध में डिस्कॉम के खिलाफ किसी भी कठोर कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

# हर साल 50 गरीब परिवारों का बीमा कराएगा पंजाबी बिरादरी महासंगठन

## जनसेवा ही पंजाबी बिरादरी महासंगठन की प्राथमिकता : बोधराज सीकरी

## पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने धूमधाम से मनाई प्रथम वर्षगांठ

## सदस्यता 10 हजार पूरी होने पर होगा भव्य आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पंजाबी** बिरादरी महासंगठन ने ट्रस्ट के गठन के एक वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस एक वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा करने के लिए और पारिवारिक मधुर मिलन के लिए संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की अगुवाई में एक पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें 500 लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर बिरादरी ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण घोषणा की। इसमें कहा गया कि 50 अत्यंत गरीब परिवार का तीन लाख तक का बीमा हर साल बिरादरी की ओर से किया जाएगा। पूर्व मंत्री धर्मबीर गाबा ने बोधराज सीकरी की कार्यशैली की प्रशंसा की और आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में ना केवल बुजुर्ग, संरक्षक और सलाहकार आए, बल्कि महिलाओं और युवाओं की भी अच्छी संख्या थी। सबका जोश देखकर ऐसा लगा कि जैसे पंजाबी बिरादरी संगठित हो चुकी है। राम लाल ग्रोवर महा मंत्री ने सकुशल मंच संचालन किया। कार्यक्रम में अशोक आहूजा, प्रमोद सलूजा के मित्र गोबिंद चानना, सत्यपाल नासा, मनीष कुमार और यशपाल ग्रोवर ने सुविधाएं उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई। कार्यकारिणी बैठक के उपरांत हुए पारिवारिक मधुर मिलन समारोह में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिलाओं के लिए तंबोला गेम और म्यूजिकल चेयर का आयोजन महिला प्रकोष्ठ की संयोजक ज्योत्सना और सह संयोजक ज्योति वर्मा की ओर से किया गया। युवा बच्चों के लिए अलग गेम युवा प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित की गई। जिसमें दमन दीवान, उमेश ग्रोवर नितिन टूटेजा आदि का विशेष सहयोग था।


गुरुग्राम में पंजाबी बिरादरी महासंगठन का एक साल पूरा होने पर कार्यक्रम में मौजूद संगठन के प्रधान व अतिथिगण।

कार्यक्रम में पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने घोषणा की कि संगठन में लगभग नौ हजार सदस्य बन चुके हैं। जब 10 हजार का लक्ष्य पूरा हो जाएगा तो और भव्य कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयकर आयुक्त एके धीर, ज्योतिषाचार्य अलका शर्मा को यहां सम्मानित किया गया। अलका शर्मा को महिला प्रकोष्ठ की सह संयोजक भी मनोनीत किया गया। संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने धर्मेंद्र बजाज और संदीप कुमार के जन्मदिन पर और मिनोचा की शादी की सालगिरह पर बधाई दी। प्रधान ने राम लाल ग्रोवर ओम प्रकाश कथूरिया, अनिल कुमार, राज कुमार कथूरिया, धर्मिंदर बजाज, रमेश कामरा व महिला टीम की प्रशंसा की। डॉक्टर अशोक तनेजा ने विधिवत आजीवन सदस्यता की घोषणा की।

## संक्षिप्त-समाचार

### ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंचों की पहली बैठक कल

**सोहना।** खंड की सभी 35 ग्राम पंचातयों में चुने गए पंच और सरपंच ग्राम सभा की पहली बैठक में भाग लेंगे। ग्राम सभा की बैठक में गांव में होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा करने के बाद प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। खंड की ग्राम पंचायतों में नवनियुक्त पंच और सरपंचों को पंचायत विभाग की तरफ से बुधवार को ग्राम सभा की बैठक करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम सभा की बैठक सार्वजनिक स्थानों पर होगी। ग्राम सभा की बैठक का समय 12 बजे का तय किया है। नवनियुक्त सरपंच ग्राम सभा की पहली बैठक में रिकॉर्ड बस्ता के साथ मौजूद रहेंगे। ग्राम सचिव द्वारा अपनी-अपनी पंचायतों के सरपंचों को बैठक का एजेंड़ा जारी करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। नवनियुक्त पंच और सरपंचों को बैठक के एजेंडा के माध्यम से सूचित कर दिया है। पंचायतों में पहली बार 50 फीसदी आरक्षण के साथ पंच और सरपंच पद पर चुनी गई महिलाओं को ग्राम सभा बैठक में शामिल होने के लिए विशेष जोर दिया है। ताकि महिलाओं को उनके पद और पद पर रहने का दायित्व की जिम्मेदारी निभाने के लिए उत्साहित किया जाएगा। ताकि ग्राम पंचायत के विकास में महिलाओं का पूरा सहयोग रहे। बीडीपीओ ने बताया कि परमेन्द्रा सिंह खंड के सभी नवनियुक्त सरपंच और पंचों को ग्राम सभा करने की जानकारी दे दी गई है। सरपंचों को ग्राम सभा की बैठक कराने के लिए पूरी अनुमति दे दी गई है। ग्राम सभा होने से पूर्व सभी सरपंचों को बस्ता के साथ के बैठक में शामिल होने को कहा है।

### बालूदा में दो बिजली ट्रांसफार्मर चोरी

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-4 के गांव बालूदा में बिजली की लाइनों पर लगे दो ट्रांसफार्मर चोरी हो गए। एसडीओ की शिकायत पर पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी होने के मामले दर्ज कर लिए हैं। बिजली निगम के स्थानीय एसडीओ लियाकत अली ने पुलिस को बताया कि पास के गांव बालूदा में पांच दिन पहले बिजली की लाइन से 25 और 63 केवीए के दो अलग-अलग ट्रांसफार्मर चोरी हो गए। जिससे ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति न होने से परेशानियां हो रही हैं। एसडीओ ने बताया कि ट्रांसफार्मर चोरी होने से निगम को एक लाख 85483 रुपये का नुकसान हुआ है। जिसमें 25 केवीए ट्रांसफार्मर की कीमत 67285 तथा 63 केवीए के ट्रांसफार्मर की कीमत एक लाख 18198 रुपये की कीमत है। एसडीओ ने पुलिस को बताया कि चोरी हुए ट्रांसफामर की खोज की जाए। ताकि ग्रामीणों को सही समय पर बिजली की आपूर्ति हो सके।

### सड़क किनारे खड़ी ईको कार चोरी

**सोहना।** शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में सड़क किनारे खड़ी ईको कार चोरी हो गई। ईको मालिक की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। वार्ड-5 शिव कॉलोनी निवासी डालचंद ने बताया कि उसने शनिवार को ईको कार कॉलोनी के बाहर मुख्य सड़क के पास खड़ी की थी। अचानक से आए एक युवक ने उसकी ईको कार को बाइक से टक्कर मार दी। जिसे देखने के लिए वह गाड़ी के पास पहुंचा। इस दौरान उसकी गाड़ी में चाबी लगी रह गई। वह बाइक चालक को उठाकर उपचार के लिए ले गया, लेकिन कार से चाबी निकालने का ध्यान नहीं रहा। जब तक वह वापस गाड़ी के पास पहुंचा। उसकी गाड़ी मौके से गायब मिली। पुलिस ने गाड़ी चोरी का मामला दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### पुलिस कर्मियों को तनावमुक्त रखने के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट जरूरी

**गुरुग्राम।** पुलिस की कार्यप्रणाली काफी तनावपूर्ण रहती है। पुलिस को हर मौसम में लंबे समय तक हर परिस्थिति में कार्य करना पड़ता है। इसी कारण पुलिस कर्मचारी तनावग्रस्त हो जाते हैं। पुलिस कर्मचारी व अधिकारियों का तनाव मुक्त होना अति आवश्यक है, ताकि वे सभी स्वस्थ रहकर अपनी कार्य /ड्यूटी ज्यादा अच्छे से निभा सके। इसी को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहने के गुर बताए, सिखाए गए। अधिकारियों व कर्मचारियों को तनाव मुक्त रखने के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन समय-समय पर करवाये जाते हैं, जिसके तहत विभिन्न खेलों व स्ट्रेस मैनेजमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जाता रहा है ताकि सभी को तनाव मुक्त रखा जा सके। पुलिस आयुक्त गुरुग्राम कला रामचंद्रन व गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार के दिशा-निर्देशों में पुलिस कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय स्ट्रेस मैनेजमेंट वर्कशॉप आयोजित की गई। जिसमें सीनियर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. मोनालिसा ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तनाव होने के कारण व तनाव मुक्त रहने के बारे में बताया।

# पातली हाजीपुर, सुल्तानपुर व ताजनगर गांव की महिलाएं हुई एनीमिया मुक्त

## स्वास्थ्य विभाग ने डिलोयट कंपनी के सहयोग से चलाया अभियान

## एनीमिया मुक्त महिलाएं परिवार को बचाएं अभियान में बेहतर काम करने वाली आशा वर्कर सम्मानित

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**जिला** के तीन गांव पातली हाजीपुर, सुल्तानपुर तथा ताजनगर एनीमिया मुक्त हो गए हैं। इसके पीछे प्रशासनिक व्यवस्था के साथ आशा वर्कर्स की कड़ी मेहनत भी है। लगातार इन गांवों की महिलाओं की मॉनिटरिंग करते हुए इन वर्कर्स ने जमीन से जुड़कर काम किया। सोमवार को इन आशा वर्कर्स को जिला उपायुक्त ने सम्मानित भी किया।

गांवों में चलाए गए एनीमिया मुक्त महिलाएं-परिवार को बचाएं अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग, डिलॉयट कंपनी सहित पीएचएफआई के प्रतिनिधियों के साथ जिला उपायुक्त ने बैठक की। इस अभियान के तहत जिला के तीन गांवों पातली हाजीपुर, सुल्तानपुर तथा ताजनगर में एनीमिया मुक्त अभियान के तहत गतिविधियां चलाई गई, जिसके परिणामों को देखते हुए उपायुक्त ने एनीमिया मुक्त-फरूखनगर अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा व आंगनवाड़ी वर्करों को भी अपने कर कमलों से सम्मानित किया। इस बैठक में उन महिलाओं को भी आमंत्रित किया गया जो अत्यंत गंभीर रूप से एनीमिया से ग्रसित थी, लेकिन उनकी लगातार मॉनीटरिंग से उन्हें ना केवल एनीमिया मुक्त किया गया बल्कि भविष्य में भी अच्छे खान-पान के लिए प्रेरित किया गया।


गुरुग्राम के तीन गांव की महिलाओं को एनीमिया मुक्त करने के लिए आशा वर्कर्स को सम्मानित करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

### नि:शुल्क दवाओं के साथ खान-पान के लिए किया प्रेरित

**अभियान** के दौरान स्वास्थ्य विभाग तथा डिलॉयट कंपनी की टीम द्वारा महिलाओं से लगातार संपर्क किया गया और उन्हें नि:शुल्क दवाईयां देने के साथ साथ उचित खान-पान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान तीन टी-टैस्ट, ट्रेस तथा ट्रीटमेंट पर काम करते हुए इन महिलाओं की लगातार मॉनीटरिंग की गई। इतना ही नहीं, इस अभियान के तहत डिजीटली प्लेटफार्म के अलावा उनसे फिजीकल एप्रोच भी की गई। और डोर टू डोर खून की कमी वाली महिलाओं से संपर्क करते हुए उन्हे एनीमिया मुक्त किया गया।

डीसी ने कहा कि हरियाणा एक समृद्ध राज्य है, जहां पर लोगों का रहन-सहन व खान-पान अपेक्षाकृत अच्छा है। इसके बावजूद भी यहां पर महिलाओं में खून की कमी पाई गई। बैठक में बताया गया कि जिला में इस अभियान के तहत 4500 से अधिक महिलाओं के खून के नमूने एकत्रित करते हुए उनके रक्त की जांच की गई, जिनसे में शुरूआती चरण में लगभग 2400 महिलाओं में खून की कमी पाई गई। इन महिलाओं को तीन अलग-2 श्रेणियों में बांटते हुए उन्हें एनीमिया मुक्त करने के लिए एक्शन प्लॉन बनाते हुए काम किया गया।

### बच्चों के स्वास्थ्य पर भी दिया गया ध्यान

इस अभियान के तहत अलग-2 मानदंड निर्धारित करते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य तथा बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित करते हुए काम किया गया। इसके लिए महिलाओं के वाट्सएप पर भी ग्रुप बनाए गए और उन्हें रोजाना डाइट चार्ट भेजा गया। उन्होंने बैठक में इस अभियान को सफल बनाने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा आशा व आंगनवाड़ी वर्करों का आभार व्यक्त किया।

बैठक में गुरुग्राम के सिविल सर्जन डा. विरेन्द्र यादव ने बताया कि भविष्य में तीन टी को बढ़ाकर 6टी पर काम करने की कार्य प्रणाली पर भी अपने विचार रखे और कहा कि स्वास्थ्य विभाग को एनीमिया मुक्त करने के लिए 6 टी-टैस्ट, टीच, टॉक, ट्रेक, ट्रीट तथा टेली मैडिसन पर काम करेंगे। उन्होंने आमजन से भी अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया।

# धनवापुर फाटक के जल्द निर्माण के लिए नवीन गोयल ने सीएम को पत्र लिख किया आग्रह

## रोजाना हजारों लोग, 25 हजार वाहनों की यहां से आवाजाही

## जनहित का यह काम जल्द पूरा होगा तो दूर होगी दिक्कत

**गुरुग्राम।** यहां धनवापुर फाटक पर निर्माणाधीन अंडरपास का काम जल्द पूरा करवाने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। उन्हें विकास पुरुष बताते हुए नवीन गोयल ने गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा के चहुंमुखी विकास कराने पर आभार भी जताया है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भेजे गए पत्र में नवीन गोयल ने कहा कि आपके नेतृत्व में गुरुग्राम का चहुंमुखी विकास हो रहा है। शहर की सड़कों पर लोगों को बेहतर आवागमन अनुभव प्रदान करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। नए अंडरपास, फ्लाईओवर निर्माण और चौराहों का सुधारीकरण कर शहर में परेशानियों को दूर किया जा रहा है। लेकिन कुछ स्थान ऐसे हैं, जहां विकास परियोजनाओं के कार्य रुके हुए हैं। इसमें धनवापुर फाटक पर बनाया जा रहा अंडरपास भी शामिल है। जनता की मांग पर इस अंडरपास का काम शुरू तो हो गया, लेकिन निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इस कारण लोग परेशानी झेल रहे हैं।



नवीन गोयल ने कहा है कि धनवापुर फाटक से रोजाना करीब 25 हजार वाहन गुजरते हैं। ट्रेन आने से फाटक बंद हो जाता है और गांव के दोनों ओर जाम लग जाता है। इससे स्थानीय निवासियों को भी दिक्कत रहती है। इससे अधिक समस्या तो एम्बुलेंस को होती है। फाटक बंद होने के कारण यहां करीब तीन किलोमीटर लंबे जाम में मरीजों को लाने-ले जाने वाली एंबुलेंस भी फंसी रहती है। इसके आगे दौलताबाद फ्लाईओवर पर भी लंबा जाम लगा रहता है। यह इलाका दिनभर जाम को झेलता है। सूरत नगर, टेकचंद नगर, राम विहार कालोनी, धनवापुर में रहने वाले लोग इस फाटक पर लगने वाले जाम से त्रस्त हैं। नए गुरुग्राम के सेक्टर-98 से 115 तक बनी हुई सोसायटियों में भी आबादी बढ़ने लगी है।

नवीन गोयल ने कहा कि अब तक अंडरपास का जितना भी काम हुआ है, उसमें गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गंदा पानी भरा हुआ है। वहां से बीमारियां पैदा हो रही हैं। ऐसे में अंडरपास का काम जितना जल्दी पूरा होगा, लोगों की परेशानी दूर होगी। गुरुग्रामवासी आपके आभारी होंगे।

# गृहणियों को स्वतंत्र टर्म इंश्योरेंस का विकल्प क्यों चुनना चाहिए?

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**जीवन** की अनिश्चितताएं हम में से प्रत्येक पर समान रूप से लागू होती हैं। फिर भी, दशकों से, सभी के पास अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने के समान साधन नहीं थे। यहां गृहणियों की अपने लिए एक स्वतंत्र टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने की पात्रता का है।

सज्जा प्रवीण चौधरी, बिजनेस हेड- टर्म लाइफ इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम-गृहणियों के लिए स्टैंडअलोन टर्म प्लान के लॉन्च के साथ, काफी बदलाव हुआ है, इस प्लान को अब वे अपने पति या पत्नि की इंश्योरेंस या वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना खरीद सकते हैं। मैक्स लाइफ, टाटा एआईए, इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी लाइफ जैसी बीमा कंपनियों द्वारा यह लॉन्च देश के वित्तीय सुरक्षा परिदृश्य में एक नई सुबह का प्रतीक है, खासकर महिलाओं के लिए। बीमा की बढ़ी हुई पहुंच के साथ, गृहिणियां अपने आश्रितों के लिए अपने जीवनसाथी पर निर्भर हुए बिना अपना सुरक्षा जाल प्रदान कर सकती हैं। यही कारण है कि प्रत्येक गृहिणी के लिए अपना भविष्य सुरक्षित करना और अपनी वित्तीय सुरक्षा पर बेहतर नियंत्रण रखना अनिवार्य है।



वित्तीय साधनों की जानकारी होने के बाद भी, महिलाएं अक्सर अपनी वित्तीय योजना की जिम्मेदारी स्वयं नहीं लेती हैं। महिला निवेशक नेटवर्क द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि लगभग 48 प्रतिशत महिलाएं निवेश के निर्णयों के लिए परिवार में पुरुषों पर निर्भर हैं। गृहणियों के मामले में यह निर्भरता ज्यादा होती है। सावधि बीमा एक गृहिणी के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि परिवार के किसी भी कमाने वाले सदस्य के लिए। हालांकि, अब तक, वे इसे खरीदने के लिए अपने जीवनसाथी पर निर्भर थे, वह भी कुछ शर्तों के साथ।

इसके अलावा, उन्हें बीमा राशि का केवल 50 प्रतिशत ही कवर दिया जाता था और आय गुणक पति या पत्नी की वार्षिक आय पर निर्भर करता था। मान लीजिए, अगर वार्षिक आय 5 लाख रुपये थी और आय गुणक वार्षिक आय का 15 गुना है, तो पति 75 लाख रुपये के कवर के लिए पात्र होगा। अब इसमें से अगर हम मान लें कि वह 50 लाख रुपये का कवर लेता है, तो पत्नी के पास 25 लाख रुपये का कवर रह जाता है। और अगर हम मान लें कि पति 75 लाख रुपये का कवर लेता है, तो पत्नी किसी भी कवर के लिए पात्र नहीं होगी। पॉलिसी के नियम मुख्य रूप से कमाई करने वाले पति या पत्नी की आय और कवर की पसंद द्वारा तय किए गए थे। इसलिए, भले ही गृहिणी की कोई पॉलिसी हो, उसके नियंत्रण में बहुत कम था। इस योजना से इस निर्भरता को समाप्त कर दिया गया है।

यह स्वतंत्र पॉलिसी 18-50 वर्ष की आयु वर्ग में गृहणियों के लिए उपलब्ध है। इस पॉलिसी की पहुंच को बढ़ाने के लिए, इस योजना को एक समावेशी और सुलभ तरीके से डिजाइन किया गया है।

# पं. महोर सिंह गौड़ पर रचित ग्रंथ काव्य संगीतमणि का लोकार्पण

## फिल्म अभिनेता यशपाल समेत अनेक अतिथियों ने की शिरकत

## हरियाणा का साहित्य देश और दुनिया को दिशा देने में सक्षम है : अभिनेता यशपाल शर्मा

प्रवीण शर्मा। गुरुग्राम

**पंडित** महोर सिंह साहित्य संगीत मंच व हरियाणा ग्रंथ अकादमी द्वारा गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में शहर के गणमान्य बुद्धिजीवियों के बीच पंडित महोर सिंह के काव्य एवं लोक संगीत पर आधारित ग्रंथ काव्य संगीतमणि का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विजय, फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा, हरियाणा ग्रंथ अकादमी के उपाध्यक्ष एवं निदेशक वीरेंद्र चौहान व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर अतिथि के रूप में पहुंचे।



गुरुग्राम में हरियाणा के व्यंग्यकार पंडित महोर सिंह गौड़ पर रचित ग्रंथ काव्य संगीतमणि का लोकार्पण करते अतिथि।

पंडित महोर सिंह आजादी से पूर्व हरियाणा के बड़े विद्वान व्यक्ति थे। वे उस समय बनारस से विद्या अध्ययन करके आये थे। हरियाणा के वेदव्यास कहे जाने वाले पं लख्मी चंद उनसे 32 साल छोटे थे और शास्त्र, व्याकरण एवं इतिहास संबंधी जानकारी लेते थे। इस 805 पृष्ठों के ग्रंथ का लेखन उनके वंशज व संस्कृत के वैयाकरण सत्यवान शर्मा ने किया। यह ग्रंथ हरियाणा के साहित्य और लोक संगीत का प्रथम शास्त्रीय ग्रंथ है। इसमें लोक संगीत व साहित्य की बहुत सी शंकाओं का शास्त्रार्थ के माध्यम से समाधान किया गया है।

लेखक सत्यवान शर्मा ने बताया कि उन्हें यह ग्रंथ लिखने की प्रेरणा दादा पं महावीर प्रसाद गौड़ से मिली, जो पंडित महोर सिंह गौड़ के पौत्र हैं। हरियाणा सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना संदेश लिखकर इस ग्रंथ के महत्त्व को और अधिक बढ़ा दिया है। हरियाणा सरकार और ग्रंथ अकादमी से भी निवेदन किया गया है कि इस ग्रंथ को हरियाणा के सभी स्कूलों, कालेजों की लाइब्रेरी में पहुंचाया जाए ताकि विद्याथिज्र्यों व अध्यापकों को लाभ हो। हरियाणा सरकार साहित्य के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति व इतिहास को प्रसारित करने का सराहनीय कार्य कर रही है।

फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा ने कहा कि हरियाणा का साहित्य देश और दुनिया को दिशा देने में सक्षम है। हमें उसको पढ़ना चाहिए। उसका प्रचार प्रसार करना चाहिए। आरएसएस के प्रांत प्रचारक विजय ने कहा कि साहित्यकार जो लिखता है, उसको कलाकार रंगमंच और फिल्मों के माध्यम से प्रदर्शित करता है। इससे पूरे देश के लोगों को दिशा मिलती है। ग्रंथ की प्रस्तावना लेखक सत्यवान शर्मा ने रखी। मंच संचालन डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के आयोजक व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अजय सिंहल ने किया। पंडित महोर सिंह गौड़ द्वारा लिखित भजन का गायन प्रख्यात गायक दिलावर कौशिक व उसकी टीम ने किया। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था मीनाक्षी सक्सेना व नरेंद्र गौड़ ने संभाली।

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत संघचालक प्रताप, महानगर संघचालक जगदीश ग्रोवर, प्रख्यात कवयित्री वीणा अग्रवाल, प्रख्यात चित्रकार सुधीर त्रिपुरारी व रागिनी सिन्हा, डॉक्टर इंदु जैन, डॉ. इंदू राव, डॉक्टर नलिनी भार्गव, डा. सुरेश वशिष्ट, प्रसिद्ध रंगकमीज् मोहन कांत, अर्जुन वशिष्ठ, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा उपस्थित रहे। लोक कवि दलबीर फूल लिसाण, लेखक संदीप शर्मा जाटु लुहारी, फिल्म निदेशक रामपाल बल्हारा, फिल्म अभिनेता राज चौहान कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने कृषि-पोषण परिवर्तन सुदृढ़ बनाने के लिए ISB -के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम के साथ गठबंधन करने की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इंडियन** स्कूल ऑफ बिजनेस ने आज कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के साथ अपने गठबंधन की घोषणा की, जो कृषि-पोषण परिवर्तन को सुदृढ़ बनाने के लिए है। इस गठबंधन का नेतृत्व ISB, यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड और लंदन स्कूल ऑफ हाइज़ीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन द्वारा किया जाएगा। इसकी औपचारिक रूप से घोषणा मनोज आहूजा, IAS, सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा कृषि भवन, नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में की गई। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, ISB, UoS, LSHTM, के प्रोफसर और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, माइक्रोसॉफ्ट कंसल्टिंग और पॉलिसी डेवेलपमेन्ट एंड एडवाइजरी ग्रुप के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



मनोज आहूजा, सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, ने कहा कि, विशेषकर पिछड़ी जनसंख्या में पोषण में सुधार की जरूरत प्राथमिक रूप से महत्वपूर्ण है। इस तत्काल जरूरत का समाधान करने के लिए कृषि और पोषण में नीतियों और कार्यक्रमों का कंवर्जन होना ही चाहिए।

डॉ. अभिलाष लिखी, अतिरिक्त सचिव, प्रमोद कुमार मेहर्दा, अतिरिक्त सचिव, डॉ. विजय लक्ष्मी नडेंडला, संयुक्त सचिव, शुभा ठाकुर, संयुक्त सचिव और कपिल बेंद्रे, निदेशक ने लांच बैठक में कंसोर्टियम के प्रतिनिधियों से चर्चा की। ISB, मंत्रालय से इस गठबंधन को सुदृढ़ बनाएगा जो पोषण परिणामों में सुधार करने और कृषि-पोषण परिवर्तन सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार के प्रयासों को और संवर्धित बनाएगा और इसके साथ ही केंद्रीय और राज्य स्तरों पर कंवर्जेन्स अवसरों को चिह्नित करने के लिए एक संस्थागत प्रणाली स्थापित की जाएगी। प्रो. अश्विनी छत्रे, कार्यकारी निदेशक, भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि, भारत में पोषण की स्थिति सुधारना कठिन कार्य है। पोषण-सघन खाद्यों जैसे कि फलों और सब्जियों और पशु स्त्रोत खाद्यों पर केंद्रित होने के साथ यह गठबंधन, निम्न-आय वाली जनसंख्या में पोषण परिणामों में सुधार के लिए दीर्घकालीन प्रभाव वाले उपाय निर्मित करने के लिए भारत सरकार के प्रयासों में सहायक होगा।

प्रो. भवानी शंकर, यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड, ने अपने विचार रखते हुए कहा कि, यह गठबंधन, भारत में आहार गुणवत्ता सुधारने की दिशा में F&V और ASF के उपभोग में सुधार करने के लिए विस्तारयोग्य, समानतायोग्य और धारणीय हस्तक्षेपों को नीतिगत हितधारकों के साथ मिलकर डिज़ाइन और डिलीवर करने के लिए एक रूपरेखा सुगम बनाएगा।

# गुरुग्राम की 15 सोसायटी की स्ट्रक्चरल रिपोर्ट आई

**गुरुग्राम।** यहां 15 रिहायशी सोसायटियों के स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद जिला प्रशासन ने उनकी आरडब्ल्यूए, ऑडिट करने वाली फर्म तथा बिल्डर के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक बुलाई, जिसमें ऑडिट रिपार्ट संबंधित फर्मों द्वारा सभी के साथ सांझा की गई। इन 15 सोसायटियों में स्ट्रक्चरल ऑडिट का अध्ययन 4 सूचीबद्ध फर्मों द्वारा किया गया था।

रेपिड विच्युअल इंस्पेक्शन स्टडी करने वाली फर्मों के अनुसार ज्यादातर सोसायटियों में बेसमेंट में कुछ कमियां देखी गई हैं और प्लास्टर गिरने या पानी की लीकेज की शिकायतें मिली हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि जांच में बहुत गंभीर स्ट्रक्चरल विषय नहीं मिले हैं, जिसमें बिल्डिंग को खतरा हो या निवासियों के लिए असुरक्षित हो ज्यादात्तर सोसाटियों में कमियां मिली हैं, जिसमें या तो प्लास्टर गिर रहा है या बालकनी में कमियां हैं या बेसमेंट में पानी का भराव हो रहा है। इसके लिए सेकेण्डरी टेस्ट करवाने की सिफारिश आई हैं, जोकि हम कुछ दिनों में शुरू करवा देंगे। उसके आधार पर उन फर्मों से सिफारिश आएंगी कि आगे क्या कार्यवाही की जानी है और किस प्रकार की मरम्मत व रख-रखाव का कार्य किया जाना है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का प्रयास रहेगा कि आने वाले 2 से 3 महीनों में ये सारे काम करवाकर इन सोसाटियों में ऑडिट सर्वे का कार्य पूरा कर लिया जाए।

पहले चरण में गुरुग्राम की 15 रिहायशी सोसाटियों की स्ट्रक्चरल ऑडिट करवाई गई है।

# अमेजन डॉट इन के क्रिसमस शॉपिंग स्टोर के संग उपहार देने का जश्न मनाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

amazon.in

## 12 से 25 दिसंबर तक क्रिसमस डेकोर गिफ्ट सेट, पार्टी एसेंशियल स्मार्टफोन, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी एसेंशियल जैसे प्रोडक्ट की वाइड रेंज और ढेर सारे उपहारों में से अपनी पसंद के उपहार चुनें और गिफ्ट करें

**आप** भी अपनी सीक्रेट सांता लिस्ट तैयार कर लें और अमेजन डॉट इन पर विशेष रूप से तैयार किए गए क्रिसमस स्टोर से खुद के और अपने प्रियजनों के लिए उपहार खरीद कर क्रिसमस की खुशियां बांटने के लिए तैयार हो जाइए। इस स्टोर में क्रिसमस डेकोर, गिफ्ट सेट, पार्टी एसेंशियल, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, किराने का सामान और घर का अन्य सामान, होम डेकोर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सेसरीज, अमेजॅन डिवाइस, फैशन ब्यूटी एसेंशियल के लिए शानदार डील्स और ऑफर उपलब्ध हैं। स्टोर 25 दिसंबर 2022 तक लाइव है।

अमेजन डॉट इन पर विशेष रूप से तैयार किया गया क्रिसमस स्टोर घर बैठे खरीदारी करने और उपहार देकर खुशियां बांटने जैसी कस्टमर्स की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन-स्टॉप है। कस्टमर्स हिमालया, द होल ट्रूथ, फेरेरो रोचर, हर्शे, क्यूब्स, बेकर्स डोजेन, बेवज़लि सैमसंग, वनप्लस, सोनी, फास्ट्रैक, जीआईवीए, हैपिलो, रेड्मी, बोरोसिल, बजाज जैसे लोकप्रय ब्रांडों की खरीदारी यहां से कर सकते हैं। कस्टमर्स अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉइड) पर एलेक्सा द्वारा क्रिसमस स्टोर से खरीदारी करने के लिए अपनी आवाज का उपयोग भी कर सकते हैं।

यूजर ऐप पर माइक आइकन टैप करके कह सकते हैं -एलेक्सा, क्रिसमस स्टोर पर जाएं और वे सीधे स्टोर में पहुंच जाएंगे। अमेजन डॉट इन पर गिफ्ट खोजें और सेलर्स के ऑफर्स व डील्स के साथ अपने क्रिसमस को और भी खास बनाएं।

# निगम ने पांच माह में काटे 39 चालान, प्रदूषण बरकरार

करीब 1.82 लाख रुपये का जुर्माना लगाकर भी बढ़ता जा रहा प्रदूषण

कविता। फरीदाबाद



सेक्टर-24, पंजाब रोलिंग मील चौक पर जलती भट्ठी का दृश्य।

जिले में प्रदूषण को बढ़ने से रोकने के लिए निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से हर संभव प्रयास करने के दावे तो किये जा रहे हैं। लेकिन दोनों विभागों द्वारा नाम मात्र के प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। जिसकी वजह से शहर में प्रदूषण कम नहीं हो रहा है।

प्रदूषण रोकने के लिए कई तरह के नियम लागू हुए लेकिन इन नियमों के बाद भी प्रदूषण का स्तर कम नहीं हुआ। वहीं जहां एक तरफ जिला प्रशासन ने पराली जलाने वालों के खिलाफ सख्त आदेश जारी किये हैं। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम ने भी कचरे के ढेर में या फिर कहीं भी आग लगाने की पाबंदी के बावजूद भी आग जलाने वालों के खिलाफ जमकर चालान काटे जा रहे हैं। शहर में जगह जगह रोज कूड़े में आग लगाई जा रही है, लेकिन निगम द्वारा एक लाख 32500 रुपये के कूड़े में आग लगाने वालों के और 50 हजार रुपये के चालान तंदूर जलाने वालों के खिलाफ काटने के बाद भी निगम के खाते में मात्र 5000 रुपये की ही रिकवरी हुई है।

इस बात का खुलासा निगम के एमओएच विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में किया गया है। जिसे देखते हुए लगता है कि निगम द्वारा किये जा रहे प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए नगर निगम इस मामले में व्यापक स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है।

### आग लगाने पर निगम के द्वारा किए गए चालान

| माह | चालान सं. | रुपये | रिकवरी |
|---|---|---|---|
| जुलाई | 1 | 5000 | – |
| अगस्त | 3 | 15000 | – |
| सितंबर | 3 | 10500 | – |
| अक्टूबर | 4 | 20000 | – |
| नवंबर | 17 | 77000 | – |
| दिसंबर | 1 | 5000 | – |

### तंदुर चालान

| माह | चालान सं. | रुपये | रिकवरी |
|---|---|---|---|
| जुलाई | 1 | 5000 | – |
| नवंबर | 9 | 45000 | 5000 |

### नियम होंगे लागू

नगर निगम की नवनियुक्त एमओएच डॉ. प्रभजोत कौर ने कहा कि नियमों के खिलाफ जाने वाले लोगों पर विभाग अब सख्त कदम उठा रहा है। लोगों के द्वारा सरकारी नियमों की अवहेलना करने वालों के चालान भी किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही शहर में कई सर्वे करवाएंगी, ताकि वास्तविक स्थिति का पता लगाकर संबंधित समस्या के समाधान के लिए अभियान चलाया जा सके।

## 20 वारदातों के आरोपी दो शातिर चोर गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जसवंत तथा रामू का नाम शामिल है। दोनों आरोपी पलवल जिले के जेबाबाद गांव के रहने वाले हैं। दोनों आरोपी शातिर चोर हैं जो रात के समय मकान तथा दुकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने दोनों आरोपियों को अवैध हथियार सहित काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा तथा एक चाकू बरामद किया गया। आरोपियों को मुकदमा दर्ज किरके आरोपियों को अदालत में पेश किया। उन्हें 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

# रिश्वत लेने के आरोप में पुलिस का सब इंस्पेक्टर रंगेहाथ गिरफ्तार

भैंस चोरी के केस में आरोपी ने मांगी थी दस हजार रुपये की रिश्वत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा पुलिस का सब इंस्पेक्टर।

भैंस चोरी के मामले में आरोपी बनाए गए व्यक्ति को फायदा पहुंचाने के बदले में चार हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में स्टेट विजिलेंस की टीम सेक्टर तीन पुलिस चौकी में तैनात एक सब इंस्पेक्टर को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी सब इंस्पेक्टर ने रिश्वत के पैसे लेने के लिए शिकायतकर्ता को सेक्टर दो में आयोजित अपने किसी परिजन की शादी समारोह में बुलाया था। विजिलेंस की टीम ने आरोपी को समारोह से ही दबोच लिया। इससे पहले आरोपी शिकायतकर्ता से छह हजार रुपये ले चुका है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर तीन निवासी शंभू यादव ने स्टेट विजिलेंस के अधिकारियों को दी शिकायत में कहा है कि उसने कुछ महीने पहले एक गाय देशराज नामक व्यक्ति को 40 हजार रुपये में बेची थी। देशराज ने 30 हजार रुपये उसे उसी दौरान दे दिये थे। शेष दस हजार रुपये देने के नाम पर देशराज उसे लगातार परेशान कर रहा है। अपने पैसों की मांग को लेकर वह लगातार देशराज के घर के चक्कर लगा रहा था। इस बीच देशराज ने उन्हें परेशान करने के इरादे से उनके पोते के खिलाफ सेक्टर तीन पुलिस चौकी में भैंस चोरी करने की शिकायत दे दी। इस मामले की जांच पुलिस चौकी में तैनात सब इंस्पेक्टर महेंद्र पाल को सौंपी गई थी।

सब इंस्पेक्टर महेंद्र पाल इस भैंस चोरी के केस से शंभू यादव के पोते को बाहर निकालने अथवा फायदा पहुंचाने के बदले में दस हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था। परेशान होकर शंभू यादव ने महेंद्र पाल को छह हजार रुपये पहले ही दे दिये थे। अब आरोपी शेष रुपयों की मांग कर रहा था। परेशान होकर शंभू ने स्टेट विजिलेंस को शिकायत दे दी। विजिलेंस के अधिकारियों ने टीम गठित कर दी। टीम के साथ बिजली निगम के एक्सईएन विनय अत्री को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया था।

शंभू ने चार हजार रुपये देने के लिए एसआई महेंद्र पाल को फोन किया। महेंद्र पाल उस समय सेक्टर दो के कम्युनिटी सेंटर में अपने किसी परिजन की शादी समारोह में गया हुआ था। महेंद्र पाल ने पैसे लेने के लिए शंभू को शादी समारोह में ही बुला लिया। वहां पहुंच कर शंभू यादव ने महेंद्र पाल को चार हजार रुपये देने के बाद विजिलेंस टीम को इशारा कर दिया। टीम ने तुरंत छापा मारकर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ विजिलेंस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## डीसी ने किया राजकीय महिला कॉलेज का औचक निरीक्षण



डीसी विक्रम सिंह एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद व भाजपा नेता टीपर चंद निरीक्षण करते हुए।

बोले, जनवरी 2023 में किया जाएगा लोकार्पण

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने सोमवार को दोपहर बाद नव निर्मित बल्लभगढ़ लघु सचिवालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। डीसी विक्रम सिंह ने वहां निर्माणाधीन आधुनिक तकनीक से बन रहे स्वर्गीय सुषमा देवी महिला महाविद्यालय, लघु सचिवालय, एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीसी विक्रम सिंह ने पीडब्ल्यूडी बीएंडआर और कॉलेज के प्रिंसिपल को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार टेंडर में जो भी कार्य पूरा करना है। उसको लिखित में ले और उसकी बारीकी से एक-एक जांच करके पूरा काम करवाना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आधुनिक तकनीकी से निर्माण कार्यों को पूरा कराए। नवनिर्मित एसडीएम, तहसीलदार, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालयों की बारीकी से जांच की।

तत्पश्चात डीसी विक्रम सिंह और तमाम अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने राजा नाहर सिंह महल में वहीं पर अधिकारियों की बैठक कर दिशा निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने राजा नाहर सिंह महल के निरीक्षण के दौरान कहा मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के रानी की छतरी का भी जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड परिसर सहित कई नए प्रोजेक्ट की भी प्रोजल तैयार कर रहे हैं। डीसी विक्रम के साथ निरीक्षण के दौरान एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, बीजेपी नेता एवं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टीपर चंद शर्मा, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिंधु तथा अन्य विभागों के अधिकारी और कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वंचित बच्चों के सहयोग के लिए क्राउड फंडिंग की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

लुफ्थांसा ने वंचित वर्ग के बच्चों के सहयोग के लिए इंपैक्टगुरु डॉट कॉम प्लेटफॉर्म पर अभियान की शुरुआत की है।

भारत में सड़क किनारे एवं झुग्गियों में रहने वाले बच्चों की शिक्षा एवं आवास की व्यवस्था के लिए लुफ्थांसा क्राउडफंडिंग के माध्यम से रकम जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इस पहल के तहत लुफ्थांसा सभी दानदाताओं के पास कैलेंडर ऑफ होप भी भेजेगी। समाज के कमजोर तबके की मदद के लिए पैसे जुटाने के लिए लुफ्थांसा ने महामारी के बाद कैलेंडर ऑफ होप की शुरुआत की थी। 301 रुपये से ज्यादा मदद देने वाले हर दानदाता को 2023 का कैलेंडर मिलेगा और कोई भी व्यक्ति अभियान में सहयोग करते हुए 25 कैलेंडर तक मंगा सकता है। इस पहल से जुटाई गई राशि का प्रयोग आसरा ट्रस्ट के बच्चों की मदद में किया जाएगा। यह ट्रस्ट देहरादून में 3,300 से ज्यादा बच्चों की मदद कर रहा है। इसके अलावा दिल्ली में 265 से ज्यादा बच्चों को आश्रय देने वाली सनशाइन चिल्ड्रेन एजुकेशन सोसायटी को भी मदद दी जाएगी। फंड के माध्यम से बच्चों को भोजन, दवा, कपड़े, कंबल, स्टेशनरी व अन्य जरूरी वस्तुएं दी जाएंगी।

लुफ्थांसा ग्रुप का हेल्प अलायंस इंडिया वर्षों से इन दोनों को सहयोग दे रहा है। इस पहल से मिलने वाली राशि का प्रयोग एक बच्चे की शिक्षा के लिए 2,200 रुपये प्रति महीने, 100 बच्चों के भोजन के लिए 3,000 रुपये, 800 बच्चों को एक गिलास दूध उपलब्ध कराने के लिए 6,000 रुपये के रूप में किया जाएगा। लुफ्थांसा ग्रुप की टीम ने कहा, 'हर छोटे से छोटा दान जरूरतमंद बच्चों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। आपकी तरफ से किए गए इस अच्छे काम की निशानी के रूप में कैलेंडर ऑफ होप को आप तक पहुंचाया जाएगा।'

## घुटना प्रत्यारोपण के बाद केदारनाथ ट्रैक पूरा किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



फोर्टिस नोएडा के डॉ. अतुल मिश्रा, डायरेक्टर एवं एचओडी, ऑर्थोपेडिक्स के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने उनके दोनों घुटनों की आइलेटरल कंप्यूटर-नेवीगेटेड सर्जरी की जिसमें सर्जिकल प्रिसिजन और सॉफ्ट टिश्यू बैलेंसिंग के परिणामस्वरूप अच्छे परिणाम मिले।

53 साल की सविता भल्ला अपने दोनों घुटनों में बाइलेटरल ग्रेड 4 ऑस्टियोआर्थराइटिस के चलते न सिर्फ शारीरिक तकलीफें झेलने को मजबूर थीं बल्कि सेडेंट्री जिंदगी जीने को मजबूर हो गई थीं। उनके दोनों पैर ऑस्टियोआर्थराइटिस की वजह से बाहर की ओर मुड़ गए थे और उन्हें चलने-फिरने में भारी तकलीफ थी। ऑस्टियोआर्थराइटिस तकलीफदेह और लगातार क्षय बढ़ाने वाला रोग है जिसके कारण मरीज के लिए अपने रोजमर्रा के काम भी मुश्किल बन जाते हैं।

इलाज के लिए जब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया तो वह काफी मुश्किल से चल पा रही थीं। लेकिन वह काफी हिम्मती थीं और डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा अपने परिवारजनों की सलाह मानकर उन्होंने सर्जरी करवाने का फैसला किया ताकि नॉर्मल लाइफ दोबारा पा सकें। उनके घुटनों के जोड़ों का एक्स-रे और ब्लड टैस्ट किया गया जिससे पता चला कि उनके दोनों घुटनों के जोड़ों में स्टेज 4 ऑस्टियोआर्थराइटिस है।

ऑर्थोपिडिक्स, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने बताया, मरीज के को काफी नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया था और उस समय उन्हें काफी दर्द भी था, वह बहुत कठिनाई के साथ चल रही थीं। ऐसे में इलाज में जरा भी देरी होने पर उनके आजीवन व्हीलचेयर पर सिमटकर रहने का खतरा बढ़ सकता था। यह सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि क्योंकि बेहतर परिणाम के लिए उनके दोनों पैरों में सटीक एलाइनमेंट और सॉफ्ट टिश्यू बैलेंसिंग करना जरूरी था। सर्जरी के बाद मरीज़ को करीब एक महीने तक फिजियोथैरेपी और रीहैबिलिटेशन मिला। इसके बाद उनके दोनों घुटने पीड़ामुक्त, मोबाइल और स्टेबल बन गए और सर्जरी के 6 से 8 हफ्ते बाद वह अपने सभी घरेलू कामकाज करने में समर्थ बन चुकी थीं।

मेडिकल क्षेत्र में टैक्नोलॉजी संबंधी प्रगति और समय पर मरीज़ को इलाज मिलने के बारे में मोहित सिंह, ज़ोनल डायरेक्टर, फोर्टिस अस्पताल नोएडा ने कहा, मरीज़ की हालत देखते हुए यह काफी चुनौतीपूर्ण मामला था। मरीज की सर्जरी से पहले के हालात के मद्देनजर यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। इस सर्जरी के बारे में और जानकारी देते हुए डॉ अतुल मिश्रा, डायरेक्टर एवं एचओडी,

## डेटा और ट्रांसफर कार्यों में जटिलता पर विशेषज्ञ व्याख्यान

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गणित विभाग ने आज डेटा और ट्रांसफर कार्यों में जटिलता पर एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया। विशेषज्ञ व्याख्यान जोहान्स केपलर विवि, लिंज ऑस्ट्रिया के प्रो. मिलन स्टेहिलक द्वारा दिया गया। प्रो. स्टेहिलक ने विवि के साइंस ब्लॉक का भी दौरा किया और विवि द्वारा छात्रों को दी जा रही सुविधाओं की सराहना की। व्याख्यान सत्र में जीजेयूएसटी, हिसार के मानद प्रोफेसर डीएस हुड्डा मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और विभाग की चेयरपर्सन डॉ. नीतू गुप्ता ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई, उसके बाद सरस्वती वंदना और विवि का कुलगीत गाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गोल्ड मेडल विजेता इशांत को दी बधाई



फरीदाबाद। सैकेंड नेशनल फिन स्विमिंग चैंपियनशिप 9-11 दिसंबर तक पुणे में आयोजित की गई। जिसमें नेशनल फिन स्विमिंग चैंपियनशिप पुणे में हरियाणा के ईशांत गोल्ड मेडल हासिल किया। डॉ. तपन कुमार पाणिग्रही (द्रणाचार्य आवार्डी) ने ईशांत को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। उसने 58 सेकंड 88 माइक्रो सेकंड में 100 मीटर्स बाई फिनस जूनियर ग्रुप डी बॉयज में इस रेस को जीता है। ईशांत बी एस एम हाई स्कूल, बहादुरगढ़, हरियाणा के छात्र है। ईशांत के हरियाणा की टीम के गोल्ड मेडल जीतने पर सभी ने बधाई दी। इस बात की जानकारी अंडरवाटर स्पोर्ट्स ऑफ हरियाणा के महासचिव एके पंडित ने दी। अंडरवाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ हरियाणा के प्रधान दीप भाटिया ने ईशांत के गोल्ड मेडल हासिल करने के लिए ईशांत को बधाई दी है। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल सुमन कौशिक ने भी बधाई दी।

### विद्यालय में रोड सुरक्षा कैम्प का आयोजन

बल्लभगढ़। रोड सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत इंस्पेक्टर सविता रानी अपनी समस्त टीम के साथ राजकीय माध्यमिक विद्यालय, डीग में पहुंची। जहां पर उन्होंने छात्रों को रोड पर चलते समय जिन नियमों का पालन करना चाहिए उन सभी से अवगत कराया। महोदया ने उपस्थित दुर्गावाहिनी टीम के माध्यम से छात्राओं को आत्म सुरक्षा के पांच दावों की प्रैक्टिकल रूप से जानकारी दी। इसी के साथ 1930 बैंक सुरक्षा, 112 आपातकालीन, 1091 महिला हैल्प लाइन, 1098 चाल्ड हेल्प लाइन आदि विशेष नम्बरों की जानकारी देकर छात्रों को जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय मुख्याध्यापक समर देशवाल ने इंस्पेक्टर महोदया का गीता पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के रघु शास्त्री, मास्टर भवीचन्द, माया शर्मा, निशा रानी, सीमा रावत अध्यापक व तेजपाल यादव और धर्मवीर नम्बरदार आदि उपस्थित रहे।

### रविन्द्र फागना ने तीन विकेट से जीता मैच



फरीदाबाद। सातवें ऑल इंडिया रविन्द्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 का मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया। लीग मैच में रविन्द्र फागना क्रिकेट अकैडमी ने हरियाणा क्रिकेट एकेडमी को तीन विकेट से शिकस्त दी। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि आरपीसीए पाली ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 25.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 74 का लक्ष्य दिया। अंशुल ने सर्वाधिक 16 रन का योगदान दिया। रविन्द्र फागना क्रिकेट अकैडमी के गेंदबाज अभिषेक ने 4 विकेट, शनिब ने 3 विकेट, उदय नाहर 2 विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरपीसए पाली ने 25.2 ओवर में 7 विकेट खोकर जीत हासिल की। रविन्द्र फागना क्रिकेट अकैडमी की ओर से पुनीत ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। हरियाणा क्रिकेट अकैडमी के आयुष ने तीन विकेट हासिल किए। मैन ऑफ द मैच अभिषेक को घोषित किया गया।

### बेटी बचाओ अभियान की टीम सम्मानित

फरीदाबाद। वैश्य समाज सेक्टर 28, 29, 30, 31 के वार्षिक उत्सव सेक्टर 31 के समुदायिक केन्द्र में बेटी बचाओ अभियान की टीम को समाजसेवा के लिए सम्मानित किया। वैश्य समाज का वार्षिक उत्सव अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। मंच संचालन महासचिव बीआर सिंगला ने किया। बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीशचन्द्र आजाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा व राष्ट्रीय महासचिव रजत लाम्बा को समाजसेवा के कार्यों के लिये सम्मानित किया। राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने सम्मान लेते हुए कहा कि ऐसे बड़े मंच पर सम्मानित होना हमें समाज कार्यों के लिए प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा ने कहा कि वैश्य समाज जो स्वयं सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहता है इसलिये यह संस्था निःस्वार्थ कार्य करने वाली संस्थाओं के कार्यों की भावना को समझ सकता है और उन्हें सम्मानित करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान किसी भी समाज सेवक को समाज कार्यों को करने के लिए प्रेरित करते हैं। राष्ट्रीय महासचिव रजत लाम्बा ने सम्मान लेते हुए संस्था के वित्त सचिव पीडी गर्ग और पूर्व प्रधान बलराज गुप्ता का धन्यवाद किया।

### भक्तों के बस में होते हैं भगवान: गौरव कृष्ण महाराज



फरीदाबाद। भक्तों के बस में होते हैं भगवान। जब भी धरा पर अत्याचार पनपता है भगवान स्वयं अत्याचारियों के विनाश के लिए धरती पर अवतरित होते हैं। इस बात के व्याख्यान हमारे धार्मिक ग्रंथों में मिलते हैं। यह बात नंगला रोड पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास गौरव कृष्ण महाराज ने उपस्थित भक्तजनों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि परमात्मा का स्मरण करने, कथा का श्रवण करने मात्र से ही व्यक्ति के सारे दुख समाप्त हो जाते हैं। नंगला रोड के निवासियों जिसमें जिले के वरिष्ठ पत्रकार उत्तम राज, ओम प्रकाश तोमर, सुरेंद्र कटारिया, रामअवतार गुप्ता, द्वारका प्रसाद, मनोज पुरोहित, बबलू, रमेश पुरोहित, राकेश प्रजापति, बोध राज चोपड़ा, डॉक्टर संजय कुमार जिंदल ने कथा व्यास और उनकी टीम का पगड़ी और नोटों की माला पहना कर स्वागत किया। कथा व्यास ने कहा कि आज के वर्तमान युग में हमारी पीढ़ियां भारतीय संस्कृति को छोड़ भौतिकवाद की संस्कृति में रुचि ले रही हैं, जिसके कारण बच्चों में संस्कार कम हो रहे हैं। हमें चाहिए कि बच्चों को संस्कारिक बनाएं ताकि हम अपनी पुरानी संस्कृति को कायम रख सकें। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव को बड़ी धूमधाम से भक्त जनों के बीच मनाया भक्तों ने कृष्ण भजनों पर झूम कर जमकर आनंद भी लिया।

## विकास कार्यों को लेकर एक्शन मोड में विधायक

अधिकारियों को दिए लंबित कार्यों पर जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



सेक्टर-7 ए ब्लॉक के पास पूरे ब्लॉक में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य का स्थानीय लोगों से नारियल फुड़वाकर शुभारंभ कराते विधायक नरेंद्र गुप्ता।

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास के लंबित कार्यों को लेकर विधायक नरेंद्र गुप्ता अब एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि वे लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि विकास कार्यों को लेकर किसी भी प्रकार की कोई कोताही बरती गई तो वह बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ये बात विधायक नरेंद्र गुप्ता ने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के शुभारंभ व उद्घाटन अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कही। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने जहां सेक्टर-4 आर में बाउंड्रीवाल के जीर्णोद्धार व टाइल्स लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। सेक्टर-7 ए ब्लॉक के पास पूरे ब्लॉक में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य का स्थानीय लोगों से नारियल फुड़वाकर शुभारंभ कराया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि 11 लाख रुपये की लागत से उक्त क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य तय समय-सीमा में किया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-8 में ही गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज से हुडा मेन मार्केट तक इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य का भी शुभारंभ किया गया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह कार्य इस 14 लाख रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। सतीश मित्तल, संजय गुप्ता, नीरज मित्तल, वजीर डागर, अजीत नंबरदार, एनके गर्ग, गोल्डी बरेजा, अमर बंसल, पूनम सिंह, पवन गुप्ता, सुरेंद्र दलाल, वीरेंद्र चौधरी, वेद नंबरदार, महेंद्र पहल, प्रदीप गोयल, कृष्ण अग्रवाल, निष्ठा गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नूंह में होगी पहली जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

फरीदाबाद। जिला शिक्षा खेल सहायक अधिकारी अमित यादव ने बताया की इस बार 18वीं नेशनल अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप पटना में 12 से 14 जनवरी को होगी। इसमें नूंह की टीम भाग लेगी। इसके लिए डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन नूंह में 13 दिसंबर को ट्रायल लिए जाएंगे।

प्रतियोगिता में 14 व 16 साल के लड़का एवं लड़की वर्ग के एथलीट खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इसमें 16 आयु वर्ग में 80 मीटर, 600 मीटर, 1600 मीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा। साथ में हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवेलिन थ्रो इवेंट भी होंगे। वहीं, 14 आयु वर्ग में जेवेलिन सहित 4 तरह के इवेंट होंगे।

रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के लिए अंकुर चौधरी इंडरी और मौ. असफाक ऊंटका ने बताया कि खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन13 दिसंबर मंगलवार को सुबह 8:30 बजे किया और प्रतियोगिता शुरू होने का समय सुबह 9:30 बजे रहेगा।

## कॉमनवेल्थ विजेता गौरव ने भिवानी के सरवन को हराया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 स्थित खेल परिसर में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खेलते खिलाड़ी।


सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में चल रही तीसरी हरियाणा मैन हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दूसरे दिन मुख्य अतिथि नरेंद्र गुप्ता एमएलए, सहायक अतिथि रहेंगे अजय गौड़ व पलवल से गौरव गौतम तथा मान वेंचर के मालिक एसएस मान वेंचर के मालिक रहे।

यह पूरा कंपटीशन हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल संधू व जनरल सेकेटरी रविंद्र पत्रू की देखरेख में किया जा रहा है और कंपटीशन को ऑर्गेनाइज द्रोणाचार्य बॉक्सिंग टेस्ट के प्रधान डॉ. राजीव गोदारा अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर के द्वारा किया जा रहा है। दूसरे दिन सोमवार को कई रोमांचक मुकाबले हुए। महामुकाबला खेल विभाग के उपनिदेशक एवं कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट गौरव सोलंकी और भिवानी के सरवन के बीच 57-60 किलो वर्ग में मुकाबला हुआ। दोनो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में गौरव सोलंकी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को चित्त कर आगे दौर में पहुंच गए हैं। गौरव सोलंकी का मुकाबला भिवानी के सरवन से हुआ था। आयोजन समिति के सचिव राजीव गोदारा ने बताया कि मंगलवार को क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल का दौर शुरू हो जाएगा, जबकि समापन के दिन बुधवार को सभी भारवर्ग में फाइनल मुकाबले कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुकाबले इतने शानदार थे कि दर्शकों का जमावड़ा लगने लगा।

डॉ. गोदारा ने बताया कि नूंह के आकिब हुसैन ने पहले की राउंड में फरीदाबाद के कार्तिक को शानदार पंच लगाकर नाक आउट किया। मुकाबले की शुरुआत से आकिब हावी थे। पहले राउंड में ही एक पंच लगाकर कार्तिक को चित्त कर दिया और उसके बाद कार्तिक फाइट के लिए उठ नहीं सके। 46-48 किलो वर्ग में हिसार के मुकेश ने पलवल के करन को और सोनीपत के आशीष ने फतेहाबाद के राहुल को नाक आउट किया। वहीं रोहतक के सौटू ने कैथल के साहिल को, करनाल के विकास ने साई-बी के अभिषेक को, दादरी के अश्वनी ने नूंह के तरुण को, गुरुग्राम के कृष्ण ने भिवानी के विक्रम को, अंबाला के सौरव ने यमुनानगर के अमित को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसके अलावा 54-57 किलोग वर्ग में साई-बी के साहिल ने गुरुग्राम के मयंक राघव को, भिवानी के पुरुषोत्तम ने दादरी के पुष्पेंदर को, फतेहाबाद के राबिन ने जींद के अजय को अंबाला के तिलक ने पलवल के सोमवीर को हराया। डॉ. गोदारा ने बताया कि 75-80 किलो वर्ग में साई-एच के अभिमन्यु लौरा जींद के अमन को, गुरुग्राम के मधुसूदन ने नूंह के दिलेर सिंह को, झज्जर के राहुल ने सोनीपत के आकाश को हराया। वहीं पानीपत के अमित के मुकाबले में नहीं पहुंचने पर साई-बी के दीपक कुमार को वाक ओवर दे दिया गया। इसके अलावा 80-86 किलोग्राम वर्ग में भी कई खिलाड़ी प्रतियोगिता में नहीं आए हैं। इसके चलते उन्हें वाक ओवर दे दिया गया है। पानीपत के अनिकेत मान, भिवानी के संदीप घांघस को 86-92 किलोग्राम में करनाल के कमलजीत सिंह को, पंचकूला के नितिन कुमार, जींद के पारस को, रोहतक के नवीन कुमार को और साई-बी के यशपाल को वाक ओवर दिया गया।

# हिमाचल के नए मुख्यमंत्री
## चुनौतियों का सामना

**हिमाचल** के नए मुख्यमंत्री सुक्खू को पार्टी के भीतर एकता व इस पहाड़ी राज्य का विकास सुनिश्चित करना होगा। ये उनके समक्ष बड़ी चुनौतियां हैं। रविवार को कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह वर्तमान समय में जारी 'विशिष्टता-विरोधी' विमर्श की संगति में है। इस विमर्श को भारतीय जनता पार्टी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण उभार से बढ़ावा मिला है जो एक गरीब परिवार से आते हैं। एक प्रकार से यह बात उत्साहवर्धक है कि कोई साधनहीन व्यक्ति केवल अपने कौशल व धैर्य का प्रदर्शन कर सर्वोच्च पद पर पहुंचता है। सभी जगह किसी 'स्व-निर्मित व्यक्ति' की प्रशंसा होती है। सुक्खू विधि स्नातक हैं। वे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति में सक्रिय हुए तथा कांग्रेस से जुड़े नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन आफ इंडिया-एनएसयूआई की कतारों में ऊपर चढ़ते हुए इस छात्र संगठन के अक्ष्यक्ष बने। वे पदोन्नत होकर हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर पहुंचे और वहां लगभग एक दशक तक रहे। इस प्रकार वे राज्यस्तरीय नेता बन गए। वे 2013 से 2019 तक हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे जो एक रिकार्ड है। ऊपर चढ़ने के क्रम में 2003 में नादौन विधानसभा क्षेत्र से उनकी विजय उल्लेखनीय है। इसके बाद से उन्होंने 2012 को छोड़ कर हर विधानसभा चुनाव में विजय पाई। दो बार शिमला नगर निगम के अध्यक्ष होने के नाते उनको आवश्यक प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त है।



अपने 40 साल के राजनीतिक कॅरियर में सुक्खू को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। शिमला नगर निगम के प्रमुख के रूप में अक्सर मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह से उनकी असहमति हो जाती थी जो एक कद्दावर नेता के रूप में 6 बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे। वीरभद्र सिंह की पत्नी तथा हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह अब भी सुक्खू की प्रतिद्वंद्वी हैं। उन्होंने राज्य में पार्टी की विजय के बाद सबको याद दिलाया कि वीरभद्र सिंह की 'विरासत' को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इसमें अंतर्निहित था कि वही विरासत की वारिस हैं। पहले कांग्रेस नेतृत्व को चिन्ता थी कि भाजपा उनके विधायकों को तोड़ सकती थी, लेकिन बाद में शायद उसे इस भय से मुक्ति मिल गई। उसने प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली राज्य इकाई में सभी गुटों को खुश करने का प्रयास किया तथा मुकेश अग्निहोत्री को उप-मुख्यमंत्री बनाया। पत्रकार से राजनेता बने अग्निहोत्री को वीरभद्र सिंह का समर्थक माना जाता था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं व समर्थकों को आशा है कि यह व्यवस्था सुचारु रूप से काम करेगी, लेकिन इसके लिए पार्टी के सर्वोच्च नेताओं को सतर्क रहना होगा तथा किसी समय निष्क्रियता से बचना होगा। यह नहीं भुलाया जाना चाहिए कि चार साल पहले राजस्थान में भी ऐसी ही व्यवस्था की गई थी, पर वह पूर्णत: प्रभावी नहीं रहीं। इस रेगिस्तानी राज्य में कई टकराव हो चुके हैं और दोनों प्रतिद्वंद्वियों-मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट में से कोई भी एक इंच पीछे हटने को तैयार नहीं है। जहां कांग्रेस आलाकमान को किसी विरोध या गुटबाजी के बारे में सतर्क रहना होगा, वहीं नव-नियुक्त हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी संतुलन बनाए रखना होगा। उनको अपने हितों तथा प्रतिद्वंद्वियों की संवेदनशीलताओं का ध्यान रखते हुए 'विकास' से कोई समझौता नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री या कांग्रेस के सर्वोच्च नेताओं के लिए रेगिस्तानी राज्य जैसा टकराव हिमाचल में होना लाभदायक नहीं होगा।

# सीधे किसानों को मिले उर्वरक सब्सिडी

किसानों को सीधे उर्वरक सब्सिडी प्रतियोगिता बढ़ाने, कीमतें घटाने, अत्यधिक प्रयोग से बचने तथा दुरुपयोग से बचने का एकमात्र रास्ता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



केन्द्र सरकार देश के कुछ जिलों में 'पायलट योजना' के रूप में उर्वरकों में प्रत्यक्ष सब्सिडी हस्तांतरण-डीबीटी के परिवर्तित रूप का प्रयोग करने जा रही है जिसका सीधा संबंध जोतों के आकार तथा पोषक उपभोग से होगा। इसके पीछे इरादा उपभोग की निगरानी करना, अतिरिक्त प्रयोग रोकना तथा दुरुपयोग की संभावनायें समाप्त करना है। डीबीटी शब्दों का अर्थ उर्वरक सब्सिडी के प्रत्यक्ष हस्तांतरण पर लागू होगा। उर्वरक सब्सिडी का कारण यह है कि केन्द्र निर्माताओं-आयातकों को किसानों को कम अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी पर उर्वरक बेचने का आदेश देती है, जिसका सप्लाई की बहुत अधिक लागत से कोई संबंध नहीं है।

यूरिया के मामले में इस अंतर की भरपाई निर्माताओं को 'इकाई आधार' पर सब्सिडी के रूप में की जाती है। फास्फेट व पोटाश-पीएंडके उर्वरकों या गैर-यूरिया उर्वरकों के मामले में सभी निर्माताओं व आयातकों को प्रति-पोषक आधार पर 'समान' सब्सिडी दी जाती है। उनसे उम्मीद की जाती है कि वे इसे एमआरपी से घटा देंगे। यह यह मूलभूत अंतर उल्लेखनीय है कि जहां अन्य क्षेत्रों में निर्माताओं-आयातकों को उपभोक्ताओं से ऐसी कीमत लेने की अनुमति होती है जिसमें सप्लाई की लागत पूरी तरह प्राप्त हो जाती है। इसे बाजार-निर्धारित मूल्य कह सकते हैं। लेकिन उर्वरक उत्पादकों को सीधे केन्द्र सरकार के निर्देशों के अंतर्गत कम कीमतें लेनी होती हैं। उहारणार्थ, यूरिया के 45 किलो बोरे की कीमत लगभग 3,000 रुपये होती है, पर वे किसानों से केवल 242 रुपये लेते हैं और इस प्रकार 2,758 रुपये की कमी की प्रतिपूर्ति केन्द्र से सब्सिडी के रूप में होती है। सब्सिडी का लाभ किसानों को मिलता है क्योंकि यदि 2,758 रुपये का वित्तीय समर्थन न होता तो उनको यूरिया 242 रुपये में नहीं मिल सकती थी।

लेकिन यह व्यवस्था ठीक नहीं है क्योंकि इसमें भारी दुरुपयोग व अत्यधिक उपयोग की संभावना होती है। पहला, वर्तमान परिदृश्य में यानी सप्लाई की लागत के केवल एक हिस्से पर बिक्री के कारण भारत तथा यहां तक कि पड़ोसी नेपाल, बांग्लादेश, आदि देशों के औद्योगिक प्रयोगकर्ता इसकी ओर आकर्षित होते हैं। इसके चलते संदिग्ध डीलर बहुत कम कीमत वाले अपने उत्पाद उद्योगों व पड़ोसी देशों को बेच कर भारी मुनाफा कमाते हैं। दूसरा, गणना की इस व्यवस्था में जहां यूरिया निर्माताओं को इकाई-आधारित खर्च पर सब्सिडी मिलती है, ज्यादा खर्च करने वाली अक्षम इकाइयों पर कोई रोक नहीं लगती तथा कम खर्च करने वाली सक्षम इकाइयों को प्रोत्साहन नहीं मिलता है। इससे उद्योगों में खोज की भावना प्रभावित होती है, जबकि ऐसा करने पर किसानों को विविधतापूर्ण व सस्ते संसाधन दिए जा सकते हैं।

सबसे बड़ी बात है कि इससे वृद्धि के लिए निवेश आकर्षित करने में सहायता नहीं मिलती है। तीसरा, एमआरपी को हास्यास्पद रूप से बहुत कम रखने के कारण यूरिया का अत्यधिक उपयोग होता है जिससे उर्वरक प्रयोग में असंतुलन आता है। इसके परिणामस्वरूप फसल की पैदावार गिरती है, मृदा स्वास्थ्य खराब होता है तथा पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। चौथा, समान एमआरपी पर बिक्री का आदेश देने के कारण दी जाने वाली सब्सिडी ने एक विसंगति पैदा कर दी है जिससे अच्छी स्थिति वाले व अमीर किसानों को परोक्ष रूप से ज्यादा लाभ मिलता है। वास्तव में सब्सिडी उर्वरकों के प्रयोग की मात्रा के अनुसार बढ़ती है क्योंकि योजना में इसके लिए कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इससे बड़े पैमाने पर दुरुपयोग होता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार-सीईए द्वारा 2015-16 वित्त वर्ष के आर्थिक सर्वेक्षण में किए विश्लेषण से यह पूरी तरह सिद्ध है। सब्सिडी का 24 प्रतिशत उपयोग अक्षम उत्पादक करते हैं, 41 प्रतिशत गैर-कृषि प्रयोग में चली जाती है तथा 24 प्रतिशत का प्रयोग बड़े व अमीर समझे जाने वाले किसान करते हैं।

मार्च, 2018 से पहले विनिर्माताओं को 'जिला रेलहेड प्वांइट या स्वीकृत गोदाम में सामग्री पहुंचने पर' यूरिया पर 95 प्रतिशत तथा गैर-यूरिया उर्वरकों पर 85 प्रतिशत सब्सिडी मिलती थी। इसका बाकी 5-15 प्रतिशत हिस्सा राज्यों द्वारा किसानों को बिक्री की पुष्टि के बाद मिलता था। इस व्यवस्था में उर्वरकों के रेलहेड या गोदाम से 'बड़े पैमाने पर' दूसरे स्थानों पर भेजने की संभावना पैदा होती थी। मार्च, 2018 से सरकार ने विनिर्माताओं को सब्सिडी देने की शर्त उन किसानों को वास्तविक बिक्री से जोड़ दी है जिनका प्वाइंट आफ सेल-पीओएस पर मशीनों में पंजीकरण होता है तथा आधार से इसकी पुष्टि होती है। लेकिन किसान द्वारा खरीदी जाने वाली खाद के बोरों की संख्या की कोई सीमा नहीं है। इस नई व्यवस्था के साथ ही मोबाइल फर्टिलाइजर मानीटरिंग सिस्टम-एम-एफएमएस से इसके आवागमन पर भौतिक नियंत्रण रखा जाता है। 2013-14 में शुरू एम-एफएमएस स्टाक की स्थिति, बिक्री तथा अंतिम बिक्री बिंदु तक उर्वरकों की प्राप्ति पर नजर रखता है। इससे सभी पक्षों की जवादेही बहुत उच्च स्तर पर पहुंच गई है जिसमें सप्लाई श्रृंखला, यानी निर्माता, थोक विक्रेता व फुटकर विक्रेता शामिल हैं। अगस्त, 2020 में केन्द्र ने अनेक प्रशासनिक कदम उठाए हैं। इनमें एक खरीदार द्वारा हर लेनदेन में यूरिया की खरीद 100 बोरा तक सीमित की गई है जो पहले 999 बोरा थी ऐसे लेनदेन मासिक आधार पर होते हैं तथा 22 प्रमुख उर्वरक उपभोक्ता राज्यों में सर्वोच्च 20 यूरिया खरीदारों पर नजर रखी जाती है। लेकिन इससे स्पष्ट होता है कि नई व्यवस्था में भी सामग्री फुटकर बिक्री बिंदु तक पहुंचने से पहले बड़े पैमाने पर दूसरे स्थान पर भेजना संभव है।

खुदरा बिक्री बिंदु पर बिक्री के बाद भी इसे दूसरे स्थान पर भेजना संभव है क्योंकि खरीदार का किसान होना जरूरी नहीं है और वह अपना पहचान-आधार नंबर बता कर उर्वरक की कोई भी मात्रा खरीद सकता है। इसे रोकने के लिए सरकार ने गैर-किसानों द्वारा सब्सिडाइज उर्वरक खरीदने से रोकने के लिए विचार किया है तथा एक किसान द्वारा पूरे मौसम में सस्ती कीमत पर उर्वरक खरीदने की सीमा तय करने का निर्णय किया है। यदि कोई किसान इसके बाद भी अतिरिक्त उर्वरक खरीदना चाहता है तो उसे गैर-सब्सिडी कीमत अदा करनी पड़ेगी। लेकिन दो साल से यह विचार लागू नहीं किया गया है और अब इसे सीमित किया गया है। प्रस्तावित व्यवस्था में किसान के विवरण पीओएस मशीनों में फीड किए जांएगे जिसमें जोत का आकार, उत्पादित फसल, खेती का क्षेत्र, आदि शामिल हैं। इसके साथ ही यूरिया व डीएपी जैसे उर्वरकों के बोरों की आवश्यक संख्या भी बतानी होगी। इससे पता चलता है कि जैसे ही किसान आधार नंबर का विस्तृत विवरण फीड करेगा, वैसे ही सब्सिडाइज सामग्री की मात्रा मशीन द्वारा निर्धारित कर दी जाएगी। लेकिन सस्ती कीमत वाले उर्वरकों का लालच देखते हुए इसके अन्यत्र हस्तांतरण को सप्लाई श्रृंखला के किसी भी स्तर पर रोका नहीं जा सकता है, भले ही अधिकारी इसे रोकने के लिए चाहे जितना सतर्क क्यों न हों। 2015-16 में सरकार ने यूरिया की नीम कोटिंग अनिवार्य कर दी थी ताकि यूरिया रासायनिक फैक्ट्रियों में प्रयोग लायक न रह जाए, लेकिन इस प्रयोग का कोई खास नतीजा नहीं निकला।

परिवर्तनों में इकाई-आधारित सब्सिडी प्रतिपूर्ति की पुरानी विकृत व्यवस्था बदलने का कोई प्रयास शामिल नहीं है। इसलिए सब्सिडी का एक हिस्सा अक्षम उत्पादकों के पास जाता रहेगा। इसके साथ ही सस्ती यूरिया की उपलब्धता से इसका अत्यधिक प्रयोग भी लगातार होता रहेगा। इसके साथ ही इस बात का कोई संकेत नहीं है कि अमीर किसानों की सस्ते उर्वरकों तक पहुंच रोकने के लिए कुछ किया जाएगा। समस्या का समाधान इसके मूल कारणों को संबोधित किए बिना नहीं हो सकता है। इसके लिए सप्लायरों के माध्यम से सब्सिडी बंद करनी होगी। सरकार को इसे बंद कर एमआरपी पर नियंत्रण हटा लेना चाहिए तथा विनिर्माताओं-आयातकों को बाजार मूल्यों के आधार पर खुदरा मूल्य तय करने का अधिकार देना चाहिए। सब्सिडी सीधे किसानों को दी जानी चाहिए। यही एकमात्र रास्ता है जिससे उर्वरकों का अन्य प्रकार से प्रयोग रोका जा सकता है। इसके साथ ही इससे उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग बंद होगा, प्रतियोगिता बढ़ेगी, कीमत कम होगी, क्षमता में सुधार होगा तथा सब्सिडी केवल गरीब किसानों को मिलना सुनिश्चित होगा।

# सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की अनिवार्यता

"अन्य सभी टिकाऊ विकास लक्ष्यों की प्राप्ति अनिवार्य रूप से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज से जुड़ी हुई है।"

**कमल नारायण उमर**
(लेखक आईएचडब्लू के सीईओ हैं)



यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) दिवस 2017 से 12 दिसंबर को लोगों को यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि अच्छा स्वास्थ्य एक आवश्यकता है और सभी को उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति के बावजूद गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच होनी चाहिए। महामारी ने दुनिया को यह एहसास कराया कि जहां तक स्वास्थ्य का सवाल है, साइलो में काम करना अब एक स्थायी विकल्प नहीं रह गया है। यूएचसी सुनिश्चित करने का आह्वान इस प्रकार राष्ट्रों और सरकारों को स्वास्थ्य में बेहतर निवेश करने और यूएचसी की अनिवार्य आवश्यकता के बारे में दुनिया को याद दिलाने के लिए एक रैली बिंदु है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 12 दिसंबर, 2012 को यूएचसी पर प्रस्ताव पारित किया और सदस्य राष्ट्रों से सभी के लिए सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने और विकास में तेजी लाने का आग्रह किया।

आयुष्मान भारत के लॉन्च के साथ सरकार ने पहले ही 2018 में यूएचसी की दिशा में बहुत जरूरी कदम उठा लिया है, आयुष्मान डिजिटल मिशन और पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन जैसे और सुधार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि डिजिटल तकनीक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को सुलभ बनाती है और स्वास्थ्य देखभाल में अंतराल हैं, क्रमश: पहचान और संबोधित करना। इसमें कोई संदेह नहीं है कि 1.5 लाख उप केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों में बदलने से स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को भारी बढ़ावा मिलेगा। प्रशामक देखभाल आयुष्मान भारत का हिस्सा होना चाहिए।




निजी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक प्रमुख हितधारक है, क्योंकि सरकार के साथ इसका सहयोग गेम चेंजर हो सकता है। निजी क्षेत्र के खिलाड़ी स्वास्थ्य सेवा के लिए अभिनव समाधान प्रदान करने के लिए एक कुशल स्वास्थ्य देखभाल कार्यबल बनाने से लेकर स्वास्थ्य सेवा में अंतराल और बाधाओं को दूर करने में काफी संभावनाएं प्रदान करते हैं। फार्मास्युटिकल कंपनियां, अनुसंधान संस्थान, डिजिटल स्वास्थ्य आईटी, बीमा, स्वास्थ्य विश्लेषण, नागरिक समाज, गैर सरकारी संगठन और शिक्षा प्रौद्योगिकी संगठन कार्यबल की उपलब्धता और क्षमता निर्माण के मौजूदा अंतर को पाटने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। यूएचसी की अवधारणा में शामिल है कि सभी नागरिक आर्थिक कठिनाई के तनाव के बिना – रोकथाम से लेकर पदोन्नति, उपचार, पुनर्वास और उपशमन तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल के हकदार हैं। अवधारणा के तीन महत्वपूर्ण कोने हैं : पहुंच, गुणवत्ता और वित्तीय सुरक्षा और, आश्चर्य नहीं कि निजी क्षेत्र इन तीनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ उपयोगी साझेदारी आगे बढ़ने का रास्ता है जो आउट-ऑफ-पॉकेट खर्चों (ओओपी) पर रोक लगा सकती है और परिवारों को गरीबी और कमी के इस दुष्चक्र से बाहर निकाल सकती है। भारतीय संदर्भ में, अधिकतम ओओपी आउट-पेशेंट परामर्श के साथ-साथ स्क्रीनिंग और डायग्नोस्टिक टेस्ट पर खर्च किया जाता है, इसलिए विनाशकारी स्वास्थ्य व्यय को कम करने के लिए पीएमजेएवाई का ध्यान इन-पेशेंट देखभाल और अस्पताल में भर्ती से आउट-पेशेंट देखभाल की ओर स्थानांतरित करने की आवश्यकता है।

यह उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा से निवारक स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ कई एनसीडी का शीघ्र पता लगाने के लिए बहुत आवश्यक बदलाव भी सुनिश्चित करेगा। इस वर्ष सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस की थीम 'बिल्ड द वर्ल्ड वी वांट : ए हेल्दी फ्यूचर फॉर ऑल' को ध्यान में रखते हुए और सतत विकास लक्ष्यों में निहित, यूएचसी में स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता से लेकर रोकथाम तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की एक पूरी श्रृंखला शामिल है। और उपचार। अवधारणा का मूल सार किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है क्योंकि कहीं भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की अनुपलब्धता हर जगह मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा है, जैसा कि महामारी के दौरान देखा गया है।

यूएचसी के आर्थिक और सामाजिक प्रभाव मानव अधिकारों, आर्थिक विकास और बड़े पैमाने पर जनसंख्या को सशक्त बनाने के मुद्दों से निपटने में एक लंबा रास्ता तय कर सकते हैं।

अन्य सभी टिकाऊ विकास लक्ष्यों की प्राप्ति अनिवार्य रूप से यूएचसी से जुड़ी हुई है और किसी भी राष्ट्र की दीर्घकालिक और सतत प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य और भलाई पर बहुत हद तक निर्भर करती है, जिसका मार्ग यूएचसी की प्राप्ति से जुड़ा हुआ है।

## आप की बात

### धर्मांतरण पर रोक लगे

**इस** साल 5 दिसंबर को, न्यायमूर्ति एमआर शाह की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने कहा कि दान के कार्य या किसी समुदाय या गरीबों की मदद करने के लिए अच्छे काम को धर्मांतरण के इरादे के रूप में नहीं बदलना चाहिए। स्वतंत्र भारत में ओडिशा धार्मिक रूपांतरणों को प्रतिबंधित करने वाला कानून बनाने वाला पहला राज्य बना, जो बाद में अन्य राज्यों के लिए रूपरेखा भी बना। ओडिशा के 1967 के अधिनियम में यह प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बल, प्रलोभन या धोखाधड़ी के माध्यम से किसी व्यक्ति को एक धार्मिक विश्वास से दूसरे में परिवर्तित नहीं करेगा। 2017 के बाद से ज्यादातर भाजपा शासित राज्यों ने विवाह के अतिरिक्त आधार पर धर्म परिवर्तन को प्रतिबंधित करने वाले अपने धर्मांतरण विरोधी कानूनों को अधिनियमित या संशोधित किया, माना जाता है कि लव जिहाद पर अंकुश लगाने के लिए, जो भारतीय जनता के बीच बहस का एक गर्म विषय रहा है। इसके अलावा इन कानूनों में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदायों, नाबालिगों और महिलाओं के बलपूर्वक या धोखाधड़ी से धर्मांतरण के लिए अधिक सजा का भी प्रावधान है।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

### भारत की विदेश नीति

**भारत** को अपने विदेश नीति में और अधिक निर्णायक भूमिका निभाना पड़ेगा। क्योंकि पिछले 1 दिसंबर को, वो दो महत्वपूर्ण अंतराष्ट्रीय पदों में विराजमान हुआ है। पहला एक महीने के लिए राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बना है। दूसरा जी- 20 समूह की भी अध्यक्षता पुरे एक वर्ष के लिए मिला है। इसलिए अब उसे तमाम अंतरराष्ट्रीय मामलों में मुखर होकर अपनी राय रखनी पड़ेगी। मसलन सुरक्षा परिषद् वाले किसी भी मतदान में अनुपस्थित होने के बदले पक्ष या विपक्ष में उसे मतदान करना चाहिए। मगर पिछले दिनों नई दिल्ली के तरफ से फिर एक चूक हुई। अमेरिका और आयरलैंड ने एक प्रस्ताव पेश किया जिसके मुताबिक़ प्रतिबंधित देशों और संगठनों को मानवीय सहायता की छूट देने का प्रावधान किया गया था । भारत यह कहकर मतदान से अनुपस्थित रहा क्योंकि इससे पाकिस्तान को फायदा हो जायेगा। मगर आज की तिथि में पाकिस्तान पर किसी तरह का प्रतिबन्ध नहीं लगा है। 4 साल तक टेरर फंडिंग लिस्ट में रहने के बाद पाकिस्तान वित्तीय कार्रवाई कार्य बल की ग्रे लिस्ट से भी बाहर हो गया है। आखिर भारत को इस मतदान से गैरहाज़िर रहकर क्या हासिल हुआ?

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### गहलोत की बयानबाजी

**लगता** है गुजरात में कांग्रेस अपनी हार को किसी भी तरह पचा नहीं पा रही है। अपनी दयनीय हालत पर चिंतन की बजाय उसके नेता खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हैं। भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर राज्य प्रभारी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ये बयानबाजी कि, भले ही भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात में जीत हासिल कर ली हो पर वह जीत नहीं मानी जाएगी, बच्चों जैसी लगती है। यहां पर अशोक गहलोत का तर्क है कि जितनी एंटी इनकंबेंसी इस बार राज्य मे थी उतनी पहले कभी नहीं देखी। बात समझ में नहीं आती क्योंकि जब राज्य में भाजपा के इतने हालात खराब थे तो उसे प्रचंड बहुमत कहां से मिला? यह तो वही बात हुई कि 1 रन से मैच हारा हुआ कप्तान यह कह दे कि 1 रन से कोई हार थोड़ी होती है। मुख्यमंत्री जी थोड़ा दिल बड़ा करें और इस तथ्य को स्वीकार करें कि जनता ने उन्हें पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार और अधिक लानत दी है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सांसदों** ने मुझे बताया है कि संसद में अव्यवस्था व कार्य स्थगन ठीक नहीं है क्योंकि इससे युवा सांसदों को सीखने का मौका नहीं मिलता है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**पहली** चीज भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई है। इस कैंसर को फैलने से रोकना होगा। पेरू पर शासन आसान नहीं है।

– **डाइना बोकार्टे**
पेरू की राष्ट्रपति



**भारत** को जी20 की अध्यक्षता मिलना मामूली बात नहीं है। आज दुनिया को भारत की जरूरत है।

– **मोहन भागवत**
आरएसएस प्रमुख

# सीएम का सौर ऊर्जा पर जोर, प्रदेश में बनेंगे 18 सौर शहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बिजली उत्पादन के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। अगले पांच साल में राज्य में बिजली की खपत 53,000 मेगावॉट तक बढ़ने और इसके बाद हर साल इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। इसके लिए राज्य सरकार सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रदेश में 18 सौर शहरों (सोलर सिटी) का निर्माण करेगी, जिसमें पहले चरण में नोएडा और अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

इस स्थिति में राज्य सरकार ने पारंपरिक ऊर्जा प्रणाली, ताप और पन बिजली पर निर्भरता कम करने की दिशा में तेजी से आगे कदम बढ़ाया है। इसकी मुख्य वजह ताप और पनबिजली के जरिए बिजली उत्पादन में आने वाले भारी-भरकम खर्च से बचना और प्रदूषण के बढ़ते स्तर को कम करना है। इससे उद्योग जगत के साथ साथ प्रदेशवासियों को भी सस्ती बिजली मिल सकेगी। एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सबसे अहम भूमिका बिजली की होगी। सरकार की नीतियों को देखते हुए विदेश के साथ देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक यहां पर बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए आ रहे हैं। ऐसे में औद्योगिक गतिविधियों को चलाने के लिए बिजली की मांग काफी बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को इस खपत को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य सरकार नई उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 भी लेकर आई है, जिसके तहत सौर ऊर्जा को बढ़ाने के लिए कई तरह की रियायतें दी गई हैं।

राज्य सरकार सौर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रदेश में 18 सौर शहरों (सोलर सिटी) का निर्माण करेगी, जिसमें पहले चरण में नोएडा और अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश के 16 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि इन सोलर सिटी से प्रदेश में कुल बिजली उत्पादन का 10 प्रतिशत बिजली उत्पादन सौर से किया जाएगा। साथ ही इसे साल दर साल बढ़ाया जाए ताकि निवेशकों के साथ प्रदेशवासियों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा सके। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने के लिए, बुंदेलखंड क्षेत्र में सौर पार्क का निर्माण तेजी से चल रहा है। वहां एक सौर पार्क बनाया जा रहा है, जिससे रोजाना 4,000 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। दूसरी ओर, राज्य के विभिन्न जिलों में सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए, हरित गलियारे बना, जाएंगे। सौर पार्क के पहले चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं आपूर्ति के लिए बने बिजली फीडर से सौर ऊर्जा की आपूर्ति की जाएगी। इसके साथ ही सिंचाई के लिए इस्तेमाल होने वाले पंप पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होंगे।

# गुजरात मॉडल की तरह यूपी में दिया जाएगा सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** आगामी दिनों में क्षेत्र, जिला व समिति स्तर पर बैठकों के द्वारा सहकारिता प्रकोष्ठ संगठनात्मक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को विस्तार देगा। बीजेपी मुख्यालय में सोमवार को सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सहकारिता की जन आन्दोलन बनाने के लिए आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बैठक में कहा कि गुजरात माडल के अनुरूप ही उत्तर प्रदेश में सहकारिता में जन-जन की सहभागिता से जन आन्दोलन खड़ा करना है। सहकारिता का क्षेत्र व्यापक है और सहकारिता में जनभागीदारी के द्वारा जन-जन की आत्मनिर्भरता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार रूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी गांव व किसान की समृद्धि से समृद्धशाली भारत निर्माण के संकल्प को पूर्ण करने के लिए सतत कार्य कर रहे हैं और सहकारिता इस संकल्प की सिद्धि में सहायक सिद्ध हो सकता है। हमें इसी उद्देश्य से सहकारिता को जनसरोकार व जनसहभागिता से जोड़ना है। धर्मपाल सिंह ने बैठक में कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय दर्शन को साकार रूप देने में सहकारिता का क्षेत्र सहायक हो सकता है और गांव, गरीब, किसान, मजदूर को सहकारिता के माध्यम से रोजगार से जोड़ते हुए आर्थिक समृद्धि का कारक बन सकता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता से जुड़े पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह समितियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित करें व उनकी आर्थिक व सामाजिक उन्नति में सहायक बनें। आगामी दिनों में सहकारिता प्रकोष्ठ क्षेत्र, जिला व समितियों की बैठकें करके सहकारिता को जन आन्दोलन बनाने के लिए कार्ययोजना पर कार्य प्रारम्भ करें।

# निकाय चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिला तो बनाएंगे मोहल्ला क्लीनिकः संजय सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली एमसीडी, हिमाचल प्रदेश एवं गुजरात उप चुनाव के बाद अब आम आदमी पार्टी का सारा फोकस उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव पर है। संजय सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के वार्डों, चेयरमैन और मेयर के आरक्षण आ गए और इन सभी पर आपत्तियां मांगी गई हैं जिसके बाद अंतिम तारीखों की घोषणा हो जाएगी।

संजय सिंह सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद से लगातार उत्तर प्रदेश में आप कार्यकर्ता जनता को विभिन्न अभियानों के माध्यम से जागरूक करते आ रहे हैं। चाहे वह गंदगी हटाओ झाड़ू चलो अभियान हो या नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार की बात हो, वार्डों में संगठन बनाने का कार्य हो, नगरों में संगठन बनाने का कार्य हो, नगरीय क्षेत्रों में बूथ बनाने का काम हो ऐसे सभी कार्यों को आम आदमी पार्टी बखूबी करती आ रही है। संजय सिंह ने कहा कि लगभग 12000 वार्ड हैं और 763 इकाई हैं। जिन पर आम आदमी पार्टी मजबूत प्रत्याशियों को उतारेगी। उन्होंने कहा सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी द्वारा चुनाव लड़ा जाएगा एवं हमारा सबसे बड़ा मुद्दा होगा नगरपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करना। उन्होंने कहा वाटर टैक्स और कमर्शियल टैक्स के नाम पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है जिसे समाप्त करना आम आदमी पार्टी का उद्देश्य होगा और हमारा नारा भ्रष्टाचार मुक्त नगर पालिका एवं भ्रष्टाचार मुक्त नगर निगम होगा। जिसमें नगरीय क्षेत्रों की साफ सफाई आम आदमी पार्टी की प्राथमिकता होगी। संजय सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जनता ने केंद्र में मोदी को और राज्य में योगी को अवसर दिया है लेकिन जिस प्रकार की गंदगी है वह चाहे दिखती हुई गंदगी की बात हो या भ्रष्टाचार में लिप्त विभागीय गंदगी की बात हो तो ऐसे में इन सब की सफाई का मौका झाड़ू वालों को देना चाहिए इसलिए हमें भी निकाय चुनाव में अवसर मिलना चाहिए। प्रेसवार्ता के दौरान निकाय चुनाव प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह एवं निर्वतमान प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह पटेल मौजूद रहे।

# रालोद ने 13 जिलों में किए जिलाध्यक्ष मनोनीत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की संस्तुति पर पार्टी की तरफ से सोमवार को 13 जिलों में नये जिलाध्यक्ष मनोनीत किये गये हैं। इनके अलावा अजीत राठी को संगठन महासचिव उत्तरप्रदेश और पूर्व विधायक दिलनवाज खान को संगठन महासचिव, हस्तिनापुर क्षेत्र बनाया गया है। पार्टी की तरफ से जारी जिलाध्यक्षों की सूची के अनुसार राव केसर सलीम को सहारनपुर, रामपाल धामा को बागपत, अमित त्यागी सरना को गाजियाबाद, महेश कुमार को आगरा, मनवीर सिंह चिकारा को अमरोहा, मतलूब अली को बरेली, शाहिद हुसैन को रामपुर, जितेंद्र सिंह यादव को बदायूं, आरिफ हजरत खान को पीलीभीत, शिव प्रसाद द्विवेदी को लखीमपुर खीरी, शरद कुमार पांडे को सीतापुर, मास्टर देशराज सिंह को फिरोजाबाद और विद्याराम यादव को मैनपुरी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

# विधानसभा की सात समितियों के सभापति नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** के बीते शीतकालीन सत्र में विपक्ष द्वारा विधान सभा की समितियों के सभापतियों की नियुक्त की मांग पर कार्यवाही करते हुए सरकार ने सात समितियों के सभापति नियुक्त कर दिए हैं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के निर्देश पर सोमवार को वित्तीय एवं संसदीय समितियों के लिए सभापतियों के नाम घोषित कर दिए गए। इन समितियों में सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति होंगे मनीष असीजा, प्राक्कलन समिति के लोकेन्द्र प्रताप सिंह, स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति के सुनील कुमार शर्मा, महिला एवं बाल विकास संबंधी संयुक्त समिति के नीलिमा कटियार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के श्रीराम चौहान, पंचायती राज समिति के विपिन कुमार डेविड और प्रतिनिहित विधायन समिति के अमित अग्रवाल सभापति होंगे। इसके अलावा विधान सभा अध्यक्ष के सभापतित्व में संचालित की जाने वाली समितियां जिनमें प्रश्न एवं संदर्भ, विधान पुस्तकालय, नियम, संसदीय शोध संदर्भ एवं अध्ययन, विशेषाधिकार, याचिका, आचार एवं अनुश्रवण समिति संचालित होंगी। इसके अतिरिक्त लोक-लेखा समिति का गठन भी कर दिया गया है जिसके सभापति निर्वाचन के उपरांत नियुक्त किए जाएंगे।

# जीएसटी छापों से व्यापारियों को किया जा रहा भयाक्रांतः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार एक ओर तो प्रदेश की तरक्की के लुभावने सपने दिखाती है, वहीं दूसरी ओर देश की अर्थव्यवस्था में मुख्य भागीदारी निभाने वाले व्यापारी वर्ग का उत्पीड़न करने में पीछे नहीं है। पांच साल बाद उसे होश आया और अब प्रदेश में उद्यमों के विकास के लिए विदेशी उद्यमियों से मदद मांगने जाना पड़ रहा है। यहां के उद्यमियों, व्यापारियों को जीएसटी के छापों से भयाक्रांत किया जा रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने की कोशिशों का इससे बढ़कर और क्या मजाक हो सकता है।

अखिलेश ने कहा कि इन दिनों भाजपा सरकार जीएसटी जांच के नाम पर व्यापारियों को परेशान करने में लगी है। व्यापारी विरोध में बाजार बंद कर रहे हैं। जनसामान्य परेशान है। व्यापार ठप्प है। भाजपा सरकार का व्यापार जगत के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण उत्तर प्रदेश में घटते व्यापार को और ज्यादा घटाएगा। जीएसटी छापामारी वसूली और भ्रष्टाचार का एक नया तरीका है। भाजपा सरकार से नौजवान, व्यापारी, किसान, कर्मचारी, मजदूर सभी को धोखा मिला है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार व्यापारी हितैषी नहीं, व्यापारी विरोधी सरकार है। अब व्यापारियों को अपमानित तथा बर्बाद किया जा रहा है। व्यापारियों से सम्मानजनक ढंग से पूछताछ की जा सकती हैए हिसाब-किताब देखा जा सकता है। अखिलेश ने कहा कि व्यापारियों के उत्पीड़न के बजाय उनके व्यापार को बढ़ाने में मदद की जानी चाहिए। यहां व्यापारियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के बाद कौन देशी विदेशी उद्यमी यहां उद्योग लगाने आएगा, पहले भी भाजपा सरकार कई इन्वेस्टर्स मीट कर चुकी है पर निवेश कहां आया, ओडी ओपी का बजट कहां दिया, डिफेंस एक्सपो का भी कोई सार्थक नतीजा नहीं नज़र आ रहा है। भाजपा सरकार सिर्फ झूठे और लुभावने वादों से लोगों को भटकाने का काम ही करती है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिस तरह किसानों, नौजवानों को धोखा दिया है वैसे ही वह व्यापारियों के साथ भी छल कर रही है। नोटबंदी के बाद, जीएसटी से हर क्षेत्र में असंतोष है। अभी तक जीएसटी की अंतिम निर्णायक दरें तक तय नहीं हो सकी है।

# तकनीकी सहयोग बढ़ाने में मदद देगा नीदरलैंड व फ्रांस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में तकनीकी सहयोग बढ़ाने की दिशा में नीदरलैण्ड व फ्रांस सहयोग करेंगे। सोमवार को प्रदेश के उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने नीदरलैण्ड एवं फ्रांस दौरे से पूर्व नीदरलैण्ड एवं फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल से विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। मुलाकात के

## ● प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री ने अपने नीदरलैंड एवं फ्रांस दौरे से पूर्व प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

उपरान्त उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। मुलाकात के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी क्षेत्र सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था में लगातार हो रहे सुधार उपलब्धियों और परिवर्तनों पर चर्चा की गई। प्रदेश की खूबियों और औद्योगिक संभावनाओं को सामने रखते हुए निवेश के लिए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से विचार-विमर्श किया साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और निवेश से जुड़े मसलों पर भी चर्चा की गई।

# राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो यात्रा परिवर्तन का संकेतः खाबरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** जोड़ो यात्रा के समर्थन में उत्तर प्रदेश में शुरू हुई कांग्रेस की प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा अवध जोन के लखनऊ जिले में निकाली गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने चारबाग स्थित रविंद्रालय से यात्रा का शुभारंभ किया। उनके साथ अवध जोन के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने झंडारोहण व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया।

लखनऊ में यात्रा प्रारंभ कर प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी की अगुवाई में परिवर्तन का संकेत है। बढ़ती हुई बेरोजगारी, उद्योग व्यापार में मंदी, अमीर गरीब के बीच बढ़ती खाई, संसाधनों की लूट, कमर तोड़ महंगाई, बेरोजगारों एवं किसानों की बढ़ती हुई आत्महत्या, सांप्रदायिक विद्वेष, किसान प्रधान देश में किसानों की दुर्दशा से प्रदेश के साथ साथ ही पूरा

## राजधानी में कांग्रेस ने निकाली प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा



देश जूझ रहा है। आज परिवर्तन ही एक मात्र विकल्प है जिससे देश की जनता को एकजुट रखा जा सके तथा नफरत के माहौल को समाप्त किया जा सके। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि आज प्रदेश सहित पूरे देश में नफ रत का माहौल भारतीय जनता पार्टी द्वारा फैलाया जा रहा है। जिसे रोकना हर देशवासी का कर्तव्य है। इसी नफ रत के माहौल को समाप्त करने के लिए आपसी भाईचारा और मजबूत करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा चल रही है। महंगाई और बेरोजगारी इस सरकार की दो भुजाएं बन चुकी हैं। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, दही, लस्सी, आटा, चावल, सहित सभी आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स लगाकर और महंगा कर गरीब एवं मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। कांग्रेस पार्टी बूथ स्तर तक यात्रा करेगी और जनहित के मुद्दे पर सदैव संघर्षरत रहेगी। इस यात्रा को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है जिसकी चर्चा गांव-गांव तक हो रही है। अवध जोन की यात्रा चारबाग से शुरू होकर बांसमंडी चौराहा, नाका चौराहा, रानीगंज, रकाबगंज, वहियागंज, नक्खास चौराहा, चरक चौराहा, इमामबाड़ा होते हुए शहीद स्मारक तक पहुंची। वहीं पर आज की यात्रा का समापन हुआ तथा कल 13 दिसंबर को जनपद श्रावस्ती से यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे के साथ पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, इंदल रावत, पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, संगठन सचिव अनिल यादव, आदि शामिल रहे।

## कांग्रेस नेता के निधन पर खाबरी ने जताया शोक

**लखनऊ।** लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी में विभिन्न पदों पर रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश वाल्मीकि का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि जगदीश वाल्मीकि के निधन से कांग्रेस परिवार दुखी है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी उनके आवास पहुंचकर परिवारजनों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू, दिलप्रीत सिंह डीपी, राजेश सिंह काली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए



**लखनऊ।** पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर एडवोकेट कंचन दुबे के साथ आए तमाम लोगों ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह और संगठन सचिव अनिल यादव के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए लोगों में सरोज द्विवेदी, शैली दुबे, नन्दिनी दुबे, वन्दना सोनी, पूजा श्रीवास्तव, समीरा बानो, बबिता मौर्या, चन्द्र प्रकाश दुबे, प्रदीप शुक्ला आदि प्रमुख हैं। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले अधिवक्ता साथियों का स्वागत करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को गति मिलेगी तथा यात्रा का मूल उद्देश्य जन जन तक पहुंचेगा।

# 52 विदेशी निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश को तैयार

## विदेशों में रोड शो और वन टू वन बिजनेस मीटिंग का दिखने लगा सकारात्मक परिणाम

● रोड शो के जरिए विदेशों से यूपीजीआईएस 2023 में बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव आने की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फरवरी** में होने वाली उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट यूपीजीआईएस 2023 में दुनिया भर के दिग्गज कॉर्पोरेट लीडर हिस्सा लेने के लिए लखनऊ आएंगे। प्रदेश सरकार के मंत्रियों की अगुवाई में विभिन्न देशों में रोड शो कर रही टीम योगी ने पहले चरण के रोड शो व वन टू वन बिजनेस मीटिंग के जरिए तमाम विदेशी निवेशकों को यूपीजीआईएस में सम्मिलित होने का न्यौता दिया है और इनमें से 52 उद्योग समूहों की ओर से न सिर्फ उत्तर प्रदेश में निवेश की इच्छा जाहिर की गई है बल्कि इवेंट में शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि भी की गई है। इनमें फार्मास्यूटिकल, बिजनेस चैंबर, बिजनेस डेवलपमेंट, इन्वेस्टमेंट बैंक, कैपिटल मार्केट, व्हीकल मोटर इंडस्ट्री, टेक्नोलॉजी, आरएंडडी, टेलीकॉम और फूड प्रोसेसिंग जैसे सेक्टर से जुड़े उद्योग समूह शामिल हैं। टीम योगी ने रोड शो के साथ-साथ विभिन्न उद्योग समूहों के साथ व्यक्तिगत तौर पर भी मुलाकात कर उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। इसके सकारात्मक नतीजे देखने को मिले हैं। पहले चरण के कार्यक्रम के खत्म होने के बाद 52 उद्योग समूहों ने लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हिस्सा लेने के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है। इसके अलावा कई अन्य समूहों ने भी अपने प्रतिनिधि भेजने का आश्वासन दिया है जिसकी अंतिम सहमति बाद में प्रदान की जाएगी। टीम योगी उद्योग समूहों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल और सुरक्षित माहौल के प्रति आश्वस्त करने में कामयाब रहे। यही वजह है कि पहले ही चरण में 50 से ज्यादा उद्योग समूह इस आयोजन में सम्मिलित होने को राजी हो गए और इस बात की पूरी संभावना है कि यो आयोजन में प्रदेश में बड़े निवेश की घोषणा करेंगे। दिलचस्प बात ये है कि ये 52 उद्योग समूह वो हैं जिन्हें पहले दौर में टीम योगी ने प्रदेश में निवेश और जीआईएस में आने के लिए तैयार किया है। अभी कई और चरणों में कई अन्य देशों में भी रोड शो और बिजनेस मीटिंग की जानी हैं। टीम योगी को स्पष्ट निर्देश हैं कि वो स्ट्रैटेजी के तहत रोड शो के अलावा उन निवेशकों से भी चर्चा करेंगे जिनमें प्रदेश में निवेश को लेकर पोटेंशियल होगा। इसी क्रम में प्रत्येक देश के ऐसे औऱ सेक्टर व निवेशकों की लिस्ट बनाई गई है जो प्रदेश में निवेश को लेकर उत्सुक हों और साथ ही उनके आने से उस सेक्टर में बड़े पैमाने पर ग्रोथ और रोजगार की भी संभावनाएं हों।

## यूपी में निवेश की अपार संभावनाएंः जयवीर सिंह

● पर्यटन मंत्री ने साउथ कोरिया में प्रतिष्ठित कंपनियों के सीईओ एवं दूतावास के अधिकारियों को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यूपी में पर्यटन, एमएसएमई, टेक्सटाइल आदि सहित विशिष्ट सेक्टरों में निवेश आकर्षित करने के लिए 25 नीतियों को तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि निवेश संचालन समिति ने निवेश आकर्षित करने, औद्योगिक विकास तथा समग्र इकोसिस्टम बनाने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए हैं। हमारी अधिकांश नीतियों में समग्र अवलोकन किया गया है जिसमें सहायक प्रोत्साहन नीति शामिल है। इकाई के प्रदर्शन के आधार पर पूंजीगत सब्सिडी की सुविधा है। यह बात सोमवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने साउथ कोरिया स्थित होटल लोटे में प्रतिष्ठित कंपनियों के सीईओ एवं दूतावास के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। श्री सिंह ने कहा कि भारत अर्थव्यवस्था की दृष्टि से विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, तथा विगत कुछ वर्षों से विश्व भर में सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में भारत को 5 ट्रिलियन यूएस डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का विजन दिया था। इस विजन को साकार करने के लिए भारत वर्ष में सरकार द्वारा किए जा रहे व्यवसायिक कार्यों में व्यवसायिक विशेषज्ञ को जोड़कर पीपीपी माडल पर व्यवसाय को विकसित करने की योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि व्यवसाय संचालन के लिए उत्तर प्रदेश में युवा विशेषज्ञों की अपार उपलब्धता है। उत्तर प्रदेश में अनेकानेक व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था स्थापित करके विषय विशेषज्ञ तैयार किए जा रहे हैं।

व्यवसाय संचालन के नियमों को व्यवसाय मित्र नियम बनाए गए हैं। व्यवसाइयों को भयमुक्त व्यवसाय का अवसर दिलाने के लिए कानून व्यवस्था सुदृढ़ किया गया है। किसी प्रकार की आपदा से निपटने में भी उत्तर प्रदेश में अग्रणी है।

# केजरीवाल के खिलाफ एक आपराधिक मुकदमे पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

विधि संवाददाता। लखनऊ

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उनके खिलाफ सुलतानपुर की एक अदालत में चल रहे आपराधिक मुकदमे की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की याचिका पर दिया है। इसमें कहा गया है कि सुलतानपुर की एक अदालत में उनके खिलाफ चल रहे एक आपराधिक मामले में व्यक्तिगत हाजिरी से छूट के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। हाईकोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए केजरीवाल को व्यक्तिगत हाजिरी से छूट दे दी। कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में उनकी याचिका अभी भी लम्बित है। ऐसे में यदि सुलतानपुर में चल रहे ट्रायल को जारी रखा जाता है और उधर सुप्रीम कोर्ट में उनकी याचिका मंजूर हो जाती है तो ट्रायल की पूरी कार्यवाही निरर्थक हो जाएगी। एकल पीठ ने सुनवाई के पश्चात अरविन्द केजरीवाल को अंतरिम राहत देते हुए मुकदमे की कार्यवाही पर अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी है। 20 अप्रैल 2014 को लोकसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता टीम के प्रभारी जग प्रसाद मौर्या ने अरविन्द केजरीवाल व कुमार विश्वास समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक सड़क जाम एवं सरकारी सेवक के दायित्व निर्वहन में बाधा डालनेए उसके खिलाफ बल प्रयोग करने व चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन आदि का आरोप था। निचली अदालत ने इस मामले में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद अरविन्द केजरीवाल समेत सभी मुल्जिमों को तलब किया था।

# सामूहिक विवाह समारोह में 150 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

संवाददाता। संडीला(हरदोई)



**मुख्यमंत्री सामुहिक** विवाह के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह योजना में 10 मुस्लिम तथा 140 हिन्दू युवक युवतियां दांपत्त सूत्र बंधन में बंधे। महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी मिनी स्टेडियम में आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह में क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत, विधायक अलका अर्कवंशी, बालामऊ के विधायक रामपाल वर्मा, विधान परिषद सदस्त अशोक अग्रवाल की उपस्थिति एवं ग्राम प्रधान डॉ0 उमेश सूर्या के संयोजन में आयोजित विवाह समारोह में विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की इस महत्वाकांक्षी योजना से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों का विवाह संपन्न कराया गया है। उन्होंनें नव विवाहित जोड़ों के सुखी और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। विवाह करने वाले गरीब दंपत्तियों को उनके खाते में 35000रुपए की सरकारी सहायता राशि भी स्थानांत्रित की गयी। इसके अलावा विधायक, सांसद तथा अन्य प्रतिष्ठित लोगों की ओर से उपहार भी नव विवाहित जोड़ों को दिए गए। कार्यक्रम में उपिस्थित समस्त अतिथियों ने नव विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा भी की। इस विवाह समारोह में हरदोई के 13, बेनीगंज के 3, कोथावा के 20, बेंहदर के 17, भरावन के 36, कछौना के 29 तथा संडीला के 32 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इनमें 10 मुस्लिम जोड़ों का निकाह इस्लामिक रीति रिवाज से तथा 140 हिन्दू जोड़ों का वैदिक परंपरा से विवाह संपन्न कराया गया।

# विवाहिता की मौत पर लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** विवाह के लगभग 8 माह बाद विवाहिता की घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मृतका के मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। फरीदपुर थाना क्षेत्र के परा मोहल्ला निवासी अर्जुन की 20 वर्षीय पत्नी आरती की कल शाम घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई रामपुर के शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव मनकरा निवासी मृतका के मायके वालों ने बताया कि आरती का विवाह इसी साल 20 अप्रैल को परचून की दुकान पर काम करने वाले अर्जुन से हुआ था और विवाह में लगभग छह लाख रुपए खर्च हुए थे इसके बावजूद अर्जुन मोटरसाइकिल की मांग कर रहा था और अक्सर आरती के साथ मारपीट करता था घर वाले भी अर्जुन का साथ देते थे कल शाम को उन्होंने मारपीट के बाद आरती को जहरीला

**● फरीदपुर थाना क्षेत्र के परा मोहल्ला निवासी अर्जुन की 20 वर्षीय पत्नी आरती की कल शाम घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी**

पदार्थ दे दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई पता चलने पर पास के ही गांव में रहने वाली आरती की बुआ आशा ने मायके वालों को सूचना दी जो आरती की ससुराल पहुंचे तब उन्हें आरती की लाश जमीन पर एक बोरे पर पड़ी मिली जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से कर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतका की सास ससुर और पति को हिरासत में ले लिया।

## क्विक न्यूज

### प्रदर्शनी में रोबोट बना आकर्षण का केन्द्र

**सीतापुर।** 50वीं राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू विज्ञान गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में आरबीएसबी सिंह इंटर कॉलेज कमलापुर सीतापुर के कक्षा 10 के छात्र उत्कर्श वर्मा का रोबोट आकर्शण का केन्द्र है। उत्कर्श ने एडवरटाइजिंग रोबोट का मॉडल बनाया है। जो संक्रमित व्यक्तियों की देखभाल में मदद करता है। यह बहु उपयोगी रोबोट सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी कर सकता है। रोगी के साथ सीधे लाइव संवाद भी कर सकता है। इंदिरा नगर स्थित रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रदर्षनी 15 दिसंबर तक चलेगी। इस मौके पर संयुक्त शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पांडे, उप शिक्षा निदेशक डॉक्टर ओम प्रकाश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी में पूरे प्रदेश से मंडल स्तर पर चयनित 504 बाल वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं।

### सभी वार्डों में भाजपा उतारेगी जिताऊ प्रत्याशी

**सीतापुर।** नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष पद पर ही नहीं सभी वार्डों में सभासद पद पर जिताऊ प्रत्याषियों को उतारेगी। सोमवार को जिला कार्यालय पर हुई बैठक में इसी बात पर मजबूती से चिंतन और मंथन किया गया। प्रत्याषियों को जिताया जा सके इसके लिए वार्डों में टोलियां बनाए जाने पर बल दिया गया। टोलियों के गठन से जहां सभासद पद के उम्मीदवार जिताए जा सकेंगे वहीं संगठन को भी मजबूती मिलेगी। यानी की भाजपा अभी से लोकसभा चुनाव में विजय पताका फहराने का लक्ष्य साध कर चल रही है। बैठक में सीतापुर नगर निकाय चुनाव प्रभारी रमापति षास्त्री, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला मंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला मंत्री रोहित सिंह, नैमिश रत्न तिवारी, राजेष षुक्ला, सुधीर मिश्रा, रमेष कुमार, श्रीनाथ बाजपेई, सतीष षास्त्री, संजय, राजेष्वर रस्तोगी, सुधाकर षुक्ला सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्काउट गाइड के द्वितीय सोपान शिविर का शुभारम्भ

**सीतापुर।** नगर लहरपुर की अग्रणी शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को स्काउट गाइड के प्रथम द्वितीय सोपान का तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष रमेश मेहरोत्रा एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंधक आशीष मेहरोत्रा रहे। इस अवसर पर स्काउट प्रशिक्षक मनोज कुमार यादव, गाइड प्रशिक्षिका कैप्टन शालिनी शुक्ला ने उपस्थित बच्चों को स्काउट इतिहास की जानकारी दी। प्रथम दिवस ध्वजारोहण, झंडा गीत के बाद स्काउट गाइड के इतिहास के बारे में प्रकाश डाला गया। बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। इस मौके पर बच्चों को विभिन्न प्रकार के गीत व तालियां सिखाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल राम मिश्रा ने बताया कि स्काउट गाइड शिविर आगामी 14 दिसंबर तक चलेगा।

### नेत्र शिविर में 320 मरीजों का हुआ पंजीकरण

**सीतापुर।** सामाजिक संस्था फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में सोमवार को आंख अस्पताल सीतापुर के सौजन्य से एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉक्टर ओम प्रकाश शुक्ला क्लिनिक लहरपुर पर किया गया। षिविर में 320 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराया। आंख अस्पताल के डॉक्टर विजेन्द्र सिंह, डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी के नेतृत्व में आए कोमल सिंह, काजल सिंह, कोमल बघेल एवं स्थानीय डॉ आशुतोष शुक्ल व डॉ आकाश शुक्ला ने मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 250 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। नेत्र शिविर के आयोजक डॉ आशुतोष शुक्ल ने बताया कि, 70 नेत्र रोगियों को जांच के दौरान दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास

**सीतापुर।** लंबित मांगों के समर्थन में सीएचसी पीएचसी के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सीएम योगी की फोटो के समक्ष एक दिन का सामूहिक उपवास रखा। बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएषन के बैनर तले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का समाधान 15 जनवरी 2023 तक नहीं किया गया तो 16 जनवर को सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर उपवास करेंगे। इस मौके पर प्रांतीय महामंत्री शिव सागर शुक्ला, जिलाध्यक्ष अरूण शुक्ला, राजीव रंजन शुक्ला, पुत्तू लाल गुप्ता, रमेश गुप्ता, महिला कल्याण संघ की जिला संयोजक अंजुला रावत, अनिल श्रीवास्तव, कीर्तिपाल, सुधा तिवारी, गीता वर्मा, नीलीमा सिंह, प्रीती राजवंशी आदि मौजूद रहीं।

### नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** नाबालिक बच्ची से रेप के बाद फरार हुए एक युवक को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के पीरबहोडा निवासी शाहरुख पुत्र मोमिन खान को पुलिस ने आज विलय धाम पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि गिरफ्तार किए गया शाहरुख ने 11 दिसंबर को पास में ही रहने वाली एक नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसे अपने मकान की छत पर ले जाकर रेप किया था जिसके बाद बच्ची रोती हुई अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी अपने घर वालों को दी। जिन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की ।पुलिस ने शाहरुख के विरुद्ध पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसको गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। लेकिन वह घर से फरार था आज पुलिस ने उसे विलय धाम पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।

### अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से झुब्ध महिला बच्चों संग अनशन पर

**डलमऊ।** घटना के तीन महीने अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से झुब्ध महिला ने अपने बच्चो को लेकर अनशन पर बैठ गयी और अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग उठाई अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से अभियुक्तों के हौसले बुलंद है जिससे महिला के साथ लगातार शोषण किया जा रहा है जिससे तंग आकर महिला ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष अनशन पर बैठकर न्याय की गुहार लगाई. मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर बनापार का है जहां रहने वाली अनुसूचित जाति की महिला कांती पत्नी स्व. राम अनूप में गांव के लाल पंडित व जय करन यादव के खिलाफशिकायती तहरीर डलमऊ कोतवाली में प्रस्तुत की जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 0405 में भा.दंड संहिता की धारा 354(क),506,3(2)(अं)में दर्ज कर लिया था पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी घटना के तीन महीने बाद भी नही हुई जिससे झुब्ध महिला ने पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाया. इस प्रकरण की विवेचक क्षेत्राधिकारी डलमऊ अशोक सिंह ने बताया कि जांच उपरांत आरोप पत्र माननीय न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है वारंट जारी होते ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### लेखपाल का भ्रष्टाचार चरम पर

**डलमऊ रायबरेली।** तहसील आजकल भ्रस्टाचार का सबसे बड़ा बाजार बन गया जहां उपजिलाधिकारी डलमऊ, तहसीलदार डलमऊ और कानूनगो के अधीनस्थ राजस्व लेखपाल रिश्वतखोरी की चर्चा सिर चढ़ कर बोल रही है ऐसा भी नही है राजस्व लेखपाल के इस कृत्य की आला अधिकारियों को भनक नही है पर समय की नजाकत और डलमऊ क्षेत्र की भौतिक स्थित अन्य राजस्व लेखपालों को माकूल नही लगती यहां के मौजूदा राजस्व लेखपाल द्वारा नियमो की धज्जियां उड़ाने में जरा भी देर नही लगती जिसकी एवज में कितने पैसे मांग लिया जाए ये तो भूमि की कीमत पर तय होती है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है ।

# महाराणा प्रताप की मूर्ति का किया गया अनावरण



**मोहम्मदी-खीरी।** महाराणा प्रताप विचार मंच की मासिक बैठक का आयोजत की गयी जिसमें सर्व समस्त से-जनवरी से अप्रैल तक सदस्यता अभियान एवं नई इकाई का गठन महाराणा प्रताप जयंती का भव्य आयोजन किया गया था। जिसमें बिचार मच का एक प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा से महाराणा प्रताप की मूर्ति के अनावरण हेतु मिला। उस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह (परिवहन मंत्री) मुख्य वक्ता क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह थे जिस पर संदीप मेहरोत्रा ने कहा कि अनावरण सुरेश खन्ना कैबिनेट मंत्री से कराऊंगा। महाराणा प्रताप मंच ने सर्वसम्मति से तय किया कि मूर्ति का अनावरण आगामी महाराणा प्रताप की जयंती पर किया जाए अन्यथा मंच की ओर से विरोध किया जाएगा। इस दौरान बैठक में आलोक सिंह, एडवोकेट, धीरेश सिंह भदौरिया, एडवोकेट, देवेश सिंह, कुलदीप सिंह एडवोकेट, आदित्य सिंह एडवोकेट, हर्षित सिंह इंद्रजीत सिंह, उदित सिंह, सतवीर सिंह,अंबुज सिंह, रामदेव सिंह, पवनेश सिंह चौहान दिलीप सिंह, महेश सिंह व अवनीश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अमेरिका में पोस्टडॉक्टोरल फेलो के पद पर नियुक्त हुईं डा. हिना



संवाददाता। सिंगाही-खीरी



कहते हैं कि यदि बेटियों की परवरिश बेहतर तरीके से हो तो वह बेटों से भी आगे निकल जाती हैं। देश की कई बेटियों ने अपनी काबलियत से यह साबित भी कर दिखाया है। तभी तो देश भर में आज बेटी पढाओ, बेटी बढ़ाओ का नारा हर किसी की जुबान पर है। यही वजह है कि लोगों ने अपनी सोच को बदलते हुए बेटियों को उच्च शिक्षा दिलवाना आंरभ कर दिया है। शहरों के साथ साथ गांवों क़स्बे से भी बेटियां उच्च शिक्षा हासिल कर बड़े पदों पर पहुंच रही हैं। प्राईवेट से लेकर सरकारी पदों पर भी बेटियों ने बाजी मारी है। आज हम आपको खीरी जिले के सिंगाही क़स्बे की एक ऐसी ही बेटी से मिलाने जा रहे हैं। जिन्हें अमेरिका की विस्कॉन्सिन के मेडिकल कॉलेज की ओर से पैथोलॉजी विभाग में पोस्टडॉक्टोरल फेलो के पद पर नियुक्ति दी है। इस नियुक्ति की एवज में मैडिकल कालेज ने डॉ. हिना इकबाल को 54 हजार डॉलर वार्षिक का पैकेज ऑफर किया है। इस बेटी का नाम है डॉ हिना इकबाल जोकि मूलरूप से सिंगाही के वार्ड नं 13 की रहने वाली हैं। उनके पिता मोहम्मद इकबाल पेशे से कपड़ा व्यापारी हैं। डॉ. हिना इकबाल को 28 साल की उम्र में यह बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है, जिसे क़स्बे की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत माना जा सकता है। डॉ. हिना इकबाल ने प्रारंभिक शिक्षा क़स्बे के महारानी पब्लिक स्कूल से ग्रहण की है उसके लखनऊ शिक्षा प्राप्त कर के सीएसआईआर से पीएचडी कंप्लीट की जिसमें दो साल जॉब करने के बाद अमेरिका से ऑफर लेटर आने के बाद रिजाइन कर ऑफ़र लेटर स्वीकार कर लिया। डॉ. हिना इकबाल के पिता मोहम्मद इकबाल ने बताया कि इस स्कॉलरशिप को पाने के लिए कमसेकम दो साल काम का अनुभव होना चाहिए, जो उसके पास था। इसके चलते उसे अमेरिका की विस्कॉन्सिन के मेडिकल कॉलेज की ओर से, स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है। उन्होंने ने बताया कि वह 3 दिसंबर को अमेरिका के लिए रवाना हो गई थी। डॉ हिना इकबाल के पिता मोहम्मद इकबाल ने बेटी की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# एक दिवसीय रोजगार मेला आज, उठाएं लाभ

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**जिला सेवायोजन** कार्यालय, मॉडल कॅरियर सेन्टर लखीमपुर खीरी के संयुक्त तत्वावधान में 13 दिसम्बर को जिला सेवायोजन कार्यालय राजापुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं। उक्त आशय की जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहित कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण सेवायोजन व एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसमें आप अपनी योग्यतानुसार रोजगार मेला आईडी 6834 पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने सभी प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियाँ, बॉयोडाटा, एक आईडी एवं दो फोटो के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय में प्रातः दस बजे प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया निशुल्क रहेगी।

### सैनिक बन्धु बैठक 14 को

लखीमपुर खीरी 12 दिसंबर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बताया कि आगामी 14 दिसम्बर दिन बुधवार प्रातः 11 बजे जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे होगी, जिसमें लखीमपुर खीरी के सभी पूर्व सैनिक सादर आमंत्रित है।

# एसआरएमएस मेडिकल कालेज में आयोजित हुई ह्वाइट कोट सेरेमनी

**बरेली ।** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में आज एमबीबीएस 2022 बैच के विद्यार्थियों को चिकित्सकीय पेशे के प्रतीक सफेद कोट को पहनाकर महर्षि चरक की शपथ दिलाई गई। ह्वाइट कोट सेरेमनी में प्रिंसिपल डा.एसबी गुप्ता ने शपथ दिलाई और इसका सम्मान करने का संदेश दिया। उन्होंने स्वाइट कोट सेरेमनी की वजह बताई। नए विद्यार्थियों से कहा कि आपका इस मानवतापूर्ण पेशे में स्वागत है। इस पेशे का प्रतीक सफेद कोट अब आपकी स्किन से कम नहीं। इसके सम्मान के साथ ही इससे जुड़े सभी लोगों का सम्मान करें। यह सफेद कोट ही आपको कामयाबी और सम्मान दिलाएगा। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति जी ने कहा कि नीट पास होना और डाक्टर बनना दोनों अलग



चुनौतियां हैं। डाक्टर बनने का आपका अध्याय आज से शुरू हो रहा है। साढ़े पांच साल के इस अध्याय में तमाम चुनौतियां और मुश्किलें आएंगी। इनका सामाना कर और इन पर विजय हासिल कर आप सफल डाक्टर बनेंगे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति फायदा उठाएं और खुद के प्रति ईमानदार रहने के साथ ही अपने पेशे के प्रति भी ईमानदारी बरतें। दूसरों को आप जितनी खुशी देंगे आपको अपनी खुशी मिलती जाएगी। देवमूर्ति जी ने सभी विद्यार्थियों को अपने माता पिता का सम्मान करने के साथ ही सभी वरिष्ठों के सम्मान का संदेश दिया। समारोह में टैलेंट हंट में विजयी विद्यार्थियों को ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। सभी का आभार डीन यूजी डा.नीलिमा मेहरोत्रा ने जताया। इस मौके पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह, वाइस प्रिंसिपल डा.एनके अरोड़ा, डीन पीजी डा.रोहित शर्मा, डीएसडब्ल्यू डा.क्रांति कुमार, डा.राजीव टंडन, डा.कृष्ण गोपाल, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.एलएस मौर्य, डा.अनुज कुमार और सभी विभागाध्यक्ष मौजूद

## पेज एक का शेष

### कोटा में कोचिंग कर...

यह छात्र भी मेडिकल कॉलेज में दाखिले का ख्वाब लिए नीट की तैयारी कर रहा था। वह दो साल से कोटा में रह रहा था। रात में वह पीजी की गैलरी में बेहोश पाया गया। उसे फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन पुलिस को कमरे से चूहे मारने की दवा बरामद हुई है।

### आखिर कब तय होगी...

हालांकि, राज्य सरकार ने अभी तक मसौदे को सार्वजनिक नहीं किया है। इससे पहले, राजस्थान सरकार ने छात्रों की आत्महत्या के ऐसे बढ़ते मामलों के मद्देनजर कोटा में कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने के लिए एक विधेयक लाने की योजना की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक यह लागू नहीं हो पाया है।

### जलवायु परिवर्तन के...

इसलिए कहीं न कहीं लोगों को इसके बारे में हकीकत जानने की जरूरत है और कहना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन के लिए वास्तव में कौन जिम्मेदार हैं और क्या कदम उठाने चाहिए। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति के कूटनीतिक सलाहकार डॉ. अनवर मोहम्मद गर्गश के साथ बातचीत में जयशंकर ने दुनिया में दो बड़े विभाजनों पर भी प्रकाश डाला-एक यूक्रेन के आसपास केंद्रित पूर्व-पश्चिम विभाजन और दूसरा विकास के आसपास केंद्रित उत्तर-दक्षिण विभाजन। मंच को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, यूक्रेन का भी विकास पर प्रभाव पड़ रहा है। मेरा मानना है कि भारत अकेले नहीं बल्कि यूएई जैसे देशों के साथ इस अंतर को पाटने में भूमिका निभा सकता है। आज अंतर को पाटने की जरूरत है।

### पटेल दूसरी बार गुजरात...

चार अन्य मंत्रियों में सोलंकी, बेरा, खाबाद और बावलिया शामिल हैं जो पूर्व में भाजपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ ही केंद्रीय मंत्री और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए जहां पार्टी सत्ता में है। शपथ ग्रहण में शिरकत करने वाले केंद्रीय मंत्रियों में गृह मंत्री अमित शाह, स्मृति ईरानी, रामदास आठवले तथा सर्बानंद सोनोवाल शामिल रहे। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री एसआर बोम्मई, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी शपथ ग्रहण में शामिल हुए। हाल में संपन्न हुए गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 182 में से रिकॉर्ड 156 सीट जीती हैं। यह गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा की लगातार सातवीं जीत है। कांग्रेस को 17 और आम आदमी पार्टी (आप) को पांच सीट पर जीत मिली है। पटेल (60) ने अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया था, ताकि राज्य में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो सके। उन्हें शनिवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था, जिसके बाद उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात करके अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया था। पटेल ने घाटलोडिया सीट पर 1.92 लाख मतों के अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी। पटेल को पिछले साल सितंबर में विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद राज्य की कमान मिली थी।

### प्रधानमंत्री के खिलाफ...

उन्होंने बताया, पटेरिया के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 451, 504, 505 (1-बी), 505 (1-सी), 506, 153-बी (1सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस बीच, प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी भोपाल में मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से मुलाकात की और पटेरिया की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्राथमिकी के अनुसार संजय कुमार खरे की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है और विवेचना में लिया गया है। खरे मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग पवई में उपयंत्री हैं। प्राथमिकी के अनुसार पटेरिया 11 दिसंबर की दोपहर लोक निर्माण विभाग के पवई स्थित विश्राम गृह में अल्प प्रवास के नाम पर जबरन घुसे और विश्राम गृह के चारदीवारी के अंदर मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पटेरिया ने उठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की बात की।

### देशमुख को जमानत...

हालांकि, भ्रष्टाचार के मामले में देशमुख की जमानत याचिका को सीबीआई की विशेष अदालत ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया सबूत हैं। आईपीएस अधिकारी परम बीर सिंह ने मार्च 2021 में आरोप लगाया था कि तत्कालीन गृह मंत्री देशमुख ने पुलिस अधिकारियों को मुंबई में रेस्तरां और बार से प्रति माह 100 करोड़ रुपए एकत्र करने का लक्ष्य दिया था। उच्च न्यायालय ने अप्रैल 2021 में सीबीआई को देशमुख के खिलाफ प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने बाद में कथित भ्रष्टाचार और आधिकारिक शक्ति के दुरुपयोग के लिए देशमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

### मनीष तिवारी ने लोकसभा...

इस संबंध में सोमवार को तिवारी ने लोकसभा स्पीकर को संबोधित एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि न्यायपालिका प्रणाली लोगों की आस्था पर चलती है जिसे वे न्यायपालिका की फैसला लेने प्रक्रिया में व्यक्त करते हैं। तिवारी ने कहा 'यह हमें खतरनाक रास्ते पर ले जा रही है जहां अदालतें अपनी वैधानिकता खो देंगी। माननीय सुप्रीम कोर्ट के जज इन टिप्पणियों पर खुली अदालतों में चर्चा करने पर विवश हैं।'

### टी-3 पर भीड़ कम करने...

न केवल दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 बल्कि मुंबई के टर्मिनल 2 और बेंगलुरु में भी भारी भीड़ देखी जा रही है। हवाई यात्री कई हफ्तों से शिकायत कर रहे हैं कि दिल्ली में आईजीआई के टर्मिनल 3 से प्रस्थान करना कितना मुश्किल और परेशानी भरा काम हो गया है। सोशल मीडिया पर ऐसे तमाम वीडियो और फोटो साझा किए जा रहे हैं जिनमें हवाईअड्डे पर पुरुष और महिलाएं सुरक्षा जांच के लिए कतार में खड़े दिखते हैं। यही नहीं, फ्लाइट से आने वाले अनेक लोग हवाई अड्डे से बाहर निकलने में भी बहुत अधिक समय लगने की शिकायत कर रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें निकासी क्षेत्र में दो से तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि नई कार्ययोजना के मुताबिक हवाई अड्डा प्रबंधन को फ्लाइट की प्रतीक्षा का समय सोशल मीडिया के साथ-साथ प्रवेश द्वारों पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर भी प्रदर्शित करना होगा। एक कमांड सेंटर प्रवेश और निकास गेटों पर भीड़ की निगरानी करेगा। सरकार ने डायल से भीड़ नियंत्रित करने के लिए और अधिक क्राउड मैनेजर, यात्रा दिशा-निर्देश बोर्ड बढ़ाने को कहा है। यात्रियों की संख्या के बारे में एयरलाइनों को भी सूचित किया जाएगा, ताकि चेक-इन बिंदुओं पर भीड़भाड़ खत्म की जा सके। एयरलाइनों को अपने चेक-इन काउंटरों पर विशेष का व्यस्त समय में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने दिल्ली एयरपोर्ट से सुरक्षा जांच के लिए इस्तेमाल होने वाले ऑटोमैटिक ट्रे रिट्रीवल सिस्टम को बढ़ाने के लिए भी कहा। मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा जांच काउंटरों की संख्या बढ़ाकर 16 (10 एटीआरएस + 6 पारंपरिक एक्स-रे मशीन) कर दी गई है। इसे जल्द ही और बढ़ाकर 17 तथा बाद में 20 किया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि दिल्ली हवाईअड्डे पर इमिग्रेशन काउंटरों पर कर्मचारियों की जरूरतों का तुरंत विश्लेषण किया जाए और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए जाएं। मंत्रालय ने कहा कि वह सुबह 5 से 9 बजे के बीच पीक ऑवर्स के दौरान उड़ानों को कम करने के लिए एयरलाइंस और हवाईअड्डों के साथ मिलकर काम करेगा। दिल्ली में आईजीआई पर तीन टर्मिनल हैं- टर्मिनल 1, टर्मिनल 2 और टर्मिनल 3। सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और कुछ घरेलू सेवाएं टर्मिनल 3 से संचालित होती हैं। औसतन, यह लगभग 1.90 लाख यात्रियों और प्रतिदिन लगभग 1,200 उड़ानों को संभालता है।

# संकल्प योजना के तहत होंगी प्रतियोगिताएं

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजापुर में संकल्प योजना के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता 16 दिसम्बर को राजकीय आईटीई में एवं 20 दिसंबर को मण्डल स्तर पर होगी। उक्त जानकारी प्रधानाचार्य वाईडी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की जन्मतिथि 01 जनवरी 2002 या उसके पश्चात होनी जरूरी है इस प्रतियोगिता में ऑटो बॉडी रिपेयर, हेयर ड्रेसिंग, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, हेल्थ एंड सोशल केयर, ब्यूटी थेरेपी आईटी सॉफ्टवेयर सलूशन फॉर बिजनेस, प्लास्टिक डाई इंजीनियरिंग, सीएनसी मिलिंग, रेफ्रीजरेटर एंड एयर कंडीशन, सीएनसी टर्निंग, रेस्टोरेंट सर्विसेज, इलेक्ट्रानिक्स, वेल्डिंग, फैशन टेक्नोलॉजी में कौशल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। पंजीकरण की अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2022 है।

# जिला अस्पताल में एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगाने से गई बच्ची की जान

● अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा परिजनों ने जमकर काटा हंगामा

संवाददाता। चित्रकूट


एक्सपायरी इंजेक्शन व मृत बच्ची की फाइल फोटो

**बुंदेलखंड** के आकांक्षी जिले चित्रकूट के जिला चिकित्सालय में डाक्टरों और कर्मचारियों की लापरवाही थमने का नाम नही ले रहीं है।पांच दिनों पूर्व डॉक्टर की लापरवाही से एक प्रसूता की मौत का मामला अभी ठंडा भी नही हुआ था कि सोमवार को अस्पताल में भर्ती सर्दी–जुखाम से पीडित नौ वर्षीय मासूम बच्ची की वार्ड ब्वाय द्वारा एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगा देने से मासूम की तड़प–तड़प कर मौत हो गई घटना से आक्रोशित परिजनों ने डाक्टर व कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा जमकर हंगामा काटा।मामला संज्ञान में आते ही सीएमएस ने ड्यूटी में तैनात फर्मासिस्ट वार्ड बॉय और स्टाफ नर्स को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । मिली जानकारी के मुताबिक बांदा जिले के बदौसा थाना क्षेत्र के पौहार गांव के मजरा जमुनिया पुरवा निवासी धनेश श्रीवास्तव चित्रकूट जिला मुख्यालय के शंकर बाजार में अपने रिश्तेदार के घर पर पत्नी और बच्चों के साथ रहकर ब्रह्मचर्य स्कूल के पास मकान का निर्माण करा रहे थे। रविवार को बच्ची शिवांगी श्रीवास्तव को सर्दी–जुकाम की शिकायत पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर एच0सी0 अग्रवाल द्वारा उसका इलाज किया जा रहा था। बच्ची की हालत सही होने पर परिजन उसको रात में घर ले गए और सोमवार सुबह फिर उसका इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल लाए थे। जहां ओपीडी में तैनात डॉक्टर संतोष कुमार ने बच्ची को फाइल देखकर उसका ट्रीटमेंट शुरू कर दिया। जिसके बाद वार्ड ब्वाय द्वारा अवधेश कुमार ने लापरवाही बरतते हुए 08 महीने का एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन एमोक्सी क्लीन लगा दिया।जिसके बाद बच्ची की हालत बिगड़ने लगी और कुछ ही देर में बच्ची शिवांगी श्रीवास्तव (09माह) की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने डाक्टर और वार्ड ब्वाय पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। घटना की सूचना मिलने पर सदर विधायक अनिल प्रधान और भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे सहित तमाम जनप्रतिनिधि जिला अस्पताल पहुंचे। जिसके बाद परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। वहीं मामला बिगड़ते देख सीएमएस डा0सुधीर शर्मा ने घटना का संज्ञान लेते हुए तत्काल फार्मासिस्ट धर्मेंद्र मिश्रा,स्टाफ नर्स कुलदीप कुमार और वार्ड ब्वाय अवधेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और मामले में टीम गठित कर जांच के बाद डॉक्टर के खिलाफकार्रवाई करने की भी बात कही है।

## बाइक सवार भाइयों को पिकअप ने रौंदा, एक की हुई मौत

**चित्रकूट।** मारकुण्डी थाना क्षेत्र में किराने की फेरी लगा रहे दो बाइक सवार भाइयों को पिकअप ने रौंद डाला। हादसे में एक भाई की मृत्यु हो गई, दूसरा गम्भीर रुप से घायल हो गया। पिकअप चालक फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को जब्त कर थाना परिसर में खडा कर दिया है। ये हादसा सोमवार को हुआ। बताया गया कि मानिकपुर थाने के पटेल नगर के कल्लू व भाई जयकिशन फेरी लगाने को मारकुण्डी गये थे। मैहर से सब्जी लेकर आ रही पिकअप ने दोनो बाइक सवार भाइयों को मारकुण्डी रोड के किनारे जोरदार ठोकर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार गिर गये। जयकिशन (25) की मौके पर मृत्यु हो गई। दूसरा भाई कल्लू गम्भीर रुप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद चालक पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। मारकुण्डी थाना प्रभारी व मानिकपुर थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह की टीम ने पिकअप को मानिकपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर से पकड लिया है।

# जीएसटी छापेमारी पर सरकार ने लगाई रोक

● व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने व्यापारी नेताओं को खिलाया मिष्ठान

संवाददाता। फतेहपुर



**जीएसटी** विभाग की छापेमारी को लेकर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा अपने साथियों संग चौक बाजार में खुली दुकानों को बंद कराने पहुंचे। तभी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी चौक चौराहा पहुंचे और व्यापारी नेताओं को जानकारी दिया कि जीएसटी छापेमारी पर सरकार ने रोक लगा दी है। तत्पश्चात साथियों को मिष्ठान खिलाकर विदा कर दिया। बताते चलें कि कई दिनों से जीएसटी विभाग बाजार में छापेमारी अभियान चला रहा था। जिसको लेकर व्यापारियों में खासी नाराजगी देखी जा रही थी। जिसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने जीएसटी छापेमारी पर रोक लगा दी। रोक लगाये जाने के बावजूद व्यापारी नेता किशन मेहरोत्रा अपने साथियों के साथ अचानक चौक बाजार पहुंचे और प्रदेश सरकार मुर्दाबाद, योगी सरकार मुर्दाबाद, जीएसटी विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाकर दुकानें बंद कराने लगे। जैसे ही इसकी जानकारी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जीतू हयारण, जिला उपाध्यक्ष चंदन सिंह चौहान, आशीष शरण, मिंटू साहू को हुई तो वह तत्काल चौक बाजार पहुंचे और आक्रोशित व्यापारी नेताओं को बताया कि प्रदेश सरकार ने जीएसटी विभाग की छापेमारी पर तत्काल रोक लगा दी है। व्यापारी नेताओं का मुंह मीठा कराकर बैरंग वापस कर दिया। तत्पश्चात भाजपा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार जिंदाबाद, योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के नारे लगाये।

## शिक्षकों ने धरने पर बैठ की प्रधानाध्यापक को बहाल करने की मांग

**फतेहपुर।** विद्यालय का ताला तोड़ कार्यक्रम कराने वाले दबंगो के खिलाफकार्रवाई न कर प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के विरोध में सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ ने धरना प्रदर्शन किया। शिक्षक की बहाली की मांग को लेकर बीएसए कार्यालय में शिक्षक धरने पर बैठ गए। शाम को बीएसए के आश्वासन पर शिक्षकों ने धरना समाप्त किया। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग का दबंगो ने ताला तोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया था। वीडियो वायरल होने के बाद प्रधानाध्यापक ने इसकी शिकायत भी की थी।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने किया सातनपुर मंडी में आरएफसी, पीसीएफ एवं एफसीआई के धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण

**फर्रूखाबाद** । जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने सातनपुर मंडी फर्रूखाबाद में आरएफसीए पीसीएफएवं एफसीआई के धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय की स्थिति खराब पाई। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं समस्त केन्द्र प्रभारियों को खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि आरएफसी सेन्टर पर लक्ष्य 15000 कुन्टल के सापेक्ष 4400 कुन्टल, पीसीएफसेन्टर पर लक्ष्य 4000 कुन्टल के सापेक्ष 1800 कुन्टल एवं एफसीआई सेन्टर पर लक्ष्य 15000 के सापेक्ष 972 कुन्टल ही धान खरीदा गया है। जिलाधिकारी ने समस्त केन्द्र प्रभारिया को निर्देशित करते हुए कहा कि विगत वर्ष जिन.-जिन किसानों द्वारा धान बेचा गया है उनसे प्रतिदिन स्वयं सम्पर्क कर धान खरीदना सुनिश्चित करें। जिन किसानों का धान खरीदा गया है उनसे सम्पर्क कर भुगतान का सत्यापन अवश्य करें।

### आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश में जनपद फिर रहा अब्बल

**फर्रूखाबाद** । एसपी अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में एक बार फिर आईजीआरएस निस्तारण में जनपद प्रदेश में अब्बल रहा है। प्रदेश स्तर से जारी आईजीआरएसै मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में जिले के 7 थानों ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया । जनपद के सात थानों की प्रथम स्थान आईजीआरएस मासिक रिपोर्ट में समस्या निस्तारण की उच्च कोटि की गुणवत्ता रही है। जिनमें थाना मऊदरवाजा, थाना जहानगंज, महिला थाना , थाना राजेपुर,थाना मेरापुर, कोतवाली फतेहगढ़, कोतवाली कायमगंज ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### जीएसटी की छापामारी के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**फतेहपुर।** जिले में लगातार व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हो रही जीएसटी की छापामारी के विरोध में सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच नारेबाजी करते हुए पीएम, सीएम के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया है। व्यापारियों ने जीएसटी के छापेमारी को तत्काल रोके जाने की मांग की है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने बताया कि जनपद में जीएसटी के अधिकारियों द्वारा भारी पुलिस बल के साथ में व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में हो रही छापेमारी से समूचे जनपद का व्यापारी वर्ग भय ग्रस्त व दहशत भरे माहौल में है। उन्होंने कहा कि इस सर्वे से जहां पुनः एक बार फिर से इंस्पेक्टर राज होगा वहीं भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नारायण गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रवि अवस्थी, राजेश चौधरी, जिला महामंत्री रिजवान डियर रामबाबू गुप्ता, युवा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र यादव उर्फसोनू यादव, महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, समाजसेवी शहर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, महामंत्री दीपक साहू, खागा नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ला, महामंत्री अतुल साहू, बिंदकी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह लक्ष्मीचंद ओमर उर्फमोना, महामंत्री मोहम्मद ताज, प्रेम नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौतम, महामंत्री डॉ सुधीर यादव, संरक्षक संतोष द्विवेदी, उपाध्यक्ष युसूफहथगाम व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, महामंत्री राजेश कुमार यादव, मनाईन त्रिपाठी, मनीष साहू आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### मौरम पट्टाधारकों की दबंगई, किसानों के खेतों से जबरन बनाया रास्ता

उरई (जालौन)। जनपद में मौरम खंडों का संचालन शुरू होते ही पट्टाधारकों व उनके कथित गुर्गों की स्वेच्छाचारिता खुलकर सामने आनी शुरू हो गयी है। हैरानी की बात तो यह है कि पट्टाधारक व उनके सहकर्मी एक ओर जहां किसानों के खेतों को रौंदते हुये वाहनों की निकासी करा रहे है साथ ही उनके खेतों को नेस्तनाबूद कर मौरम का खनन करने से गुरेज नहीं दिखा रहे हैं। सोमवार को क्षेत्र के पीड़ित किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये प्रार्थना पत्र में मौरम पट्टाधारकों की दबंगई पर विराम लगाये जाने के साथ ही न्याय की गुहार लगायी है। ग्राम पथरेहटा निवासी किसान मनीष कुमार पुत्र कमला प्रसाद सहित अनेकों किसान जिला मुख्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि पथरेहटा मौरम खंड संख्या 5, गाटा संख्या 747 का पट्टा 11 अप्रैल 2022 से 10 अप्रैल 2027 तक के लिये योगेंद्र प्रमानी पुत्र घनश्याम प्रमानी निवासी 356/4 सिविल लाइन थाना नबाबाद झांसी के नाम स्वीकृत हुआ है। इसीक्रम में पथरेहटा मौरम खंड संख्या 6 गाटा संख्या 747 का पट्टा 1 जनवरी 2022 से 21 दिसंबर 2026 तक के लिये कृष्णा टैक्नोकंसलटेंट प्रा.लि. निदेशक श्याममोहन तिवारी पुत्र रामस्वरूप तिवारी 3 भवानीनगर नियम बीएईएल गेट नंबर 1 इंद्रपुरी भोपाल मप्र के नाम स्वीकृत है।

# दो अलग-अलग स्थानों पर बदमाशों से मुठभेड़, चार घायल

**फतेहपुर।** रविवार की देर रात दो अलग–अलग स्थानों पर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह के चार सदस्य पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस मामले में एसपी ने पुलिस टीम को पच्चीस हजार रूपये का ईनाम दिया है।

बताते चलें कि पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसने में लगी हुई है। देर रात ललौली थाने के कोर्राकनक रोड पर मुठभेड़ में बोलेरो से बकरा चोरी कर जाने की जानकारी ललौली इंस्पेक्टर को मिली। मुखबिर की इस सूचना पर ललौली पुलिस व स्वाट टीम प्रथम की संयुक्त मुठभेड़ में देर रात दोनों तरफसे हुई फायरिंग के बाद मुफीद (45), शहबाज (30) निवासी नरैचा थाना जाफरगंज को पुलिस ने दबोच लिया। दोनों के पैर में गोली लगी जबकि दो अभियुक्त मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज कराया। फरार अभियुक्तों को लेकर कंट्रोल रूम की सूचना पर पुलिस ने रात में ही घेराबंदी करते हुए थरियांव पुलिस व हसवा चौकी इंचार्ज एवं स्वाट टीम प्रथम की संयुक्त टीम ने थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे के एकारी मोड़ के पास घेर लिया। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों मेराज अली (25) निवासी तपनी थाना ललौली एवं नेकम खान (20) निवासी नरैचा थाना जाफरगंज के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल तमंचा और कारतूस का जखीरा भी बरामद हुआ है। यह भी उसी अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं।

# ओवरफ्लाई से वाहनों का आवागमन शुरू,चौराहे पर पसरा रहा सन्नाटा

● कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर के मुख्य चौराहे पर बना है ओवर फ्लाई

● मार्च 2019 में सांसद देवेंद्र सिंह भोले व स्व. कमलरानी ने किया था शिलान्यास

संवाददाता। घाटमपुर


नगर के मुख्य चौराहे पर बना ओवर फ्लाई पायनियर

**सोमवार** को वाहनों के लिये खोल दिया गया तथा गिट्टी–मोरंग के ट्रक और हल्के वाहनों के ऊपर निकलने के साथ ही चौराहे के चारो रोड़ों पर सन्नाटा दिखाई देने लगा। कानपुर–सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ी करण के साथ ही यहाँ की जाम समस्या नसूर बन गयी थी, इसी के चलते लोक सभा चुनाव के की घोषणा के ऐन वक्त पहले सांसद देवेंनद्र सिंह भोले एंव तत्कालीन विद्यायक स्व0 कमलरानी वरुण ने संयुक्त रुप से इस ओवर फ्लाई का शिलान्यास किया था, करीब तीन साल से बन रहे इस ओवर फ्लाई की सर्विस लाइन छोड़ कर बाकी काम लगभग पूरा हो गया है। इन तीन सालों में ओवर फ्लाई निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था पीएनसी पर निर्माण कार्य में शिथिलता के आरोपों को लेकर अक्सर चर्चा का बिषय बनी रही है। आज ओवर फ्लाई चालू होने के साथ जाम समस्या से लोगों को राहत मिलना तय माना जाने लगा है।

## लड़की को फेसबुक के जरिये शादी का झांसा देकर 7 महीने तक किया दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

**बांदा।** बांदा में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।जहां एक मुस्लिम युवक ने शादी का झांसा देकर एक नाबालिग लड़की से रेप किया हैए इसके बाद युवक और उसके परिवार जनों ने उसको मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराने का दबाव भी बनाया। पुलिस ने इस मामले बलात्कार और धर्म परिवर्तन अपरहण जैसे गंभीर धाराओ में केस दर्ज कर लिया है और आरोपी जो इनकी मदद करता था वो मौके से फरार है। पुलिस के मुताबिक लड़के पक्ष के लोग हिन्दू नाबालिग लड़की को धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते थे और बस्ती में रखा हैदराबादए लखनऊए बाराबंकीए कानपुर ले गए थेए साथ ही एक दरगाह भी धर्म बदलने के लिए ले गये। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष ने बताया 2 महीने के अंदर बांदा में अब तक 22 घटनाएं धर्म परिवर्तन की हो चुकी है इसमें जिला प्रशासन को और पुलिस को दोषी मानते हुए आरोप लगाया यदि यह लोग सख्ती बरतने तो ऐसी घटनाएं नहीं होती।

उर्वरक का संकट बरकरार

# धक्का-मुक्की में कई महिलाएं घायल,लगाया जाम

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)


पीसीएफ दुकान में लगी भारी भीड़ पायनियर

**जिले में** उर्वरक का संकट अभी भी बरकरार है,पीसीएफकेंद्र में भारी भीड़ के चलते हुई धक्का मुक्की में कई महिलाएं गिरकर चुटहिल हो गयी बाद में किसानों ने सड़क में जाकर जाम लगा दिया।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में यूरिया व डीएपी खाद का संकट इस साल अन्य सालों की अपेक्षा ज्यादा बढ़ गया है,हर साल की अपेक्षा इस साल किसानों ने करीब तीस फीसदी उर्वरक का किसानों ने ज्यादा प्रयोग किया है।

आज मौदहा पीसीएफमें सुबह से ही पुरुष व महिला किसानों ने लाइन में खड़े हो गये,दो घंटे बाद लाइन में धक्का मुक्की शुरु हो गयी जिससे कई महिला किसान गिरकर चुटहिल हो गयी। वही प्रायवेट दुकानों को सरकारी उर्वरक की आपूर्ति ज्यादा दिये जाने से क्षेत्र में उर्वरक का संकट बढ़ता जा रहा है। केंद्र प्रभारी ने अपने स्टाफसहित के केंद्र में पहुंच किसानों की संख्या देख पहले पुलिस बल बुलवाकर खाद वितरण का काम शुरू किया। किसानों को दो बोरी से लेकर पांच बोरी तक वितरित की गई। खाद पाने के लिए किसान आपस में धक्का–मुक्की करते रहें इस धक्का–मुक्की में कई महिला किसान गिरकर चुटहिल भी हो गई। खाद समाप्त हो जाने के चलते तमाम किसान खाद पाने से वंचित रह गए। रामप्रसाद, विजय, दशा राम, राकेश मैया दीन, सुशीला, रानी, सुमन वा गायत्री समेत अन्य किसानों ने बताया कि वह सुबह से केंद्र में आकर लाईन में लग गई थी लेकिन किसानों की धक्का–मुक्की के चलते वह लाईन से हट पीछे पहुंच गए जिसके चलते उन्हें खाद नहीं मिल सकी इसके अलावा किसानों ने केंद्र प्रभारी पर किसानों का मुंह देखकर खाद बांटने का आरोप लगाया। केंद्र प्रभारी सुरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि कुल 500 बोरी यूरिया उपलब्ध थी जो किसानों की जरूरत के हिसाब से दी गई है। उन्होंने जल्द ही केंद्र में यूरिया खाद आने का आश्वासन दिया है।

## नाबालिग छात्रा को भगाने के नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया

**कालपी (जालौन)।** दो सप्ताह पहले घर से स्कूल जा रही 15 वर्षीय हाई स्कूल की छात्रा को बहला–फुसलाकर अपहरण करने की घटना को अंजाम देने वाले नामजद आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर के अपहरण तथा पास्को एक्ट की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौक निवासिनी 15 वर्षीय छात्रा राजकीय हाई स्कूल विधालय में कक्षा 10 में पढ़ती है। छात्रा 26 नवंबर 202 को घर से विद्यालय गई हुई थी। तभी रास्ते में आरोपी भूपेंद्र पुत्र सुमेर बाथम निवासी लहार मध्य प्रदेश ने छात्रा को बहला फुसलाकर कर अपहरण करके ले गया था। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने धारा 363, 366 तथा 7/8 पास्को एक्ट तथा दलित उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर किया गया था।

## पीएम स्ट्रीट वेंडर्स योजना से सभी रेहड़ी पटरी वालों को चिन्हित कर करें लाभान्वित

संवाददाता। कानपुर देहात

**पीएम** स्ट्रीट वेंडर्स कार्यशाला का इको पार्क समुदायिक भवन में जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एचडीएफसी बैंक द्वारा कराया गयाए जिसमें जनपद के सभी नगरीय निकायों के स्ट्रीट वेंडर्स के लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाए कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गयाए जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए सभी आए हुए लाभार्थियों को धन्यवाद दिया एवं पीएम स्वनिधि योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा वेंडर्स को दिलाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ प्रत्येक गरीब व्यक्ति को आवश्यक दिया जाएए उन्होंने कहा कि इसी श्रृंखला में पीएम स्वनिधि योजना भी एक है जिसके तहत लाभार्थियों को अपने पैरों पर खड़े होने हेतु एक आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से दिलाई जाती है एवं डिजिटल पेमेंट का प्रयोग करने पर ब्याज भी माफ किया जाता है। उन्होंने एच0डी0एफ0सी0 को इस बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराये जाने तथा ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी डिजिटल पेमेंट का ही प्रयोग करने हेतु प्रवत्साहित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिस लाभार्थी ने लोन समय से जमा कर दिया जाता है उसे दोबारा लोन अवश्य दिया जाएए इस लोन के माध्यम से गरीब अपने रोजगार को और ज्यादा आगे ले जाने में सक्षम होंगेए जिससे इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। वही लाभार्थियों द्वारा अपनी सक्सेस स्टोरी सभी के मध्य साझा करते हुए मंगल सिंह निवासी झींझक ने बताया कि हमारा व्यवसाय गोलगप्पे का है जिसमें हमने पीएम स्वनिधि योजना के तहत 10000 रुपए का लोन लिया था।

# मंडल में सिर्फ 72 घंटे के लिये जीएसटी की छापामारी बंद, व्यापारियों से 35 लाख वसूले



विनोद शुक्ला। हमीरपुर

**चित्रकूटधाम** मंडल में जीएसटी टीम द्वारा चार दिन लगातार जांच करने के बाद पचास व्यापारियों से 35 लाख रुपये की वसूली की गयी है,वही फ्लिहाल 72 घंटे के लिये छापामारी बंद कर दी गयी है। जिससे व्यापारियों मे कुछ राहत देखी जा रही है। चित्रकूटधाम मंडल के संयुक्त कमिश्नर(जेसी) एसआईबी आरके गुप्ता ने आज शाम को बताया कि मंडल के बांदा, चित्रकूट, महोवा, हमीरपुर जिले से पचास व्यापारियों के कागजात जमा कराने के बाद उनसे फ्लिहाल 35 लाख रुपये जीएसटी जमा करायी गयी है। जिसमे सर्वाधिक जुर्माना बांदा से लगाया गया है। कई व्यापारियों के अभिलेख कब्जे में ले लिये गये है,अभियान में जुर्माना वसूल करना कोई अहम मुद्दा नही था कौन व्यापारी जीएसटी नही जमा कर रहे है इसके लिये व्यापारी को जागरुक करना था। उन्होने बताया कि जांच में सेवा कर व मालकर न जमा करने वाले व्यापारियों को घेरा गया है। माल कर में चालिस लाख सालाना टर्नओवर करने वाले व्यापारी को जीएसटी जमा करना अनिवार्य होता है वही सेवा कर में बीस लाख सालाना टर्नओवर वाले व्यापारी को जीएसटी जमा करना होता है। शासन ने फ्लिहाल आज से 72 घंटे के लिये जांच रोक दी है इसके बाद शासन से फ्रि से व्यापारियों की सूची जारी की जायेगी उसी आधार पर छापामारी की जायेगी। उधर बुन्देखंड के राज्य कर अधिकारी ग्रेड एक भानुप्रताप सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जीएसटी की जांच की जा रही है जीएसटी माल विक्री के आधार व्यापारियों को देना होता है इसमे व्यापारियों का विरोध करने का कोई औचित्य नही है।

# अपहरण कर हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास की सुनायी सजा

● 20-20 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया

संवाददाता। उरई (जालौन)

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर में बीते वर्ष 2012 में 2 मई को गांव के रहने वाले राजकुमार समाधिया का अपहरण किया गया था। जिसका मुकदमा उसके भाई अनिल कुमार ने उरई कोतवाली में दर्ज कराया था। जिसमें अपहृत राजकुमार के भाई अनिल ने बताया था कि उसका भाई कालपी गया था, लेकिन वह वापस नहीं आया था। जिसको खोजने का प्रयास किया गया पर एक माह बाद 2 जून 2012 को घर पर एक शादी के कार्ड के लिफाफे में एक लेटर मेला था। जिसमें राजकुमार के अपहरण कर लेने व 30 लाख रुपए की फिरौती की मांग की गई थी। साथ ही पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। उक्त मामले दोषी तीन लोगों को आजीवन कारावास के साथ ही 20–20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। सजा सुनाये जाने के बाद तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। जिस पर पीड़ित द्वारा व्यवस्था न किए जाने पर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर अपहरणकर्ताओं ने राजकुमार की निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। बाद में पुलिस ने अपने सूचना तंत्र के माध्यम से पता लगाया था कि अपहरणकर्ताओं ने अपहृत की हत्या कर दी है और सभी अपहरणकर्ता सिरसाकलार थाने के कोड़ा किर्राही के जंगल में छिपे हैं। जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए 3 अपहरणकर्ता राजेश उर्फ राजू बाबा निवासी किशनपुरा थाना कैलिया हाल पता शीतला माता मंदिर पटेल नगर उरई, पूरन सिंह लोधी निवासी खरसौली थाना जलालपुर जिला हमीरपुर व बब्लू निवासी कोड़ा किर्राही थाना सिरसाकलार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था।

# गौशाला तो है पर गौवंश का रखवाला कोई नहीं!

भड़के कमिश्नर ने जारी किया फरमान-समस्या का तत्काल किया जाए निदान, रिपोर्ट की तलब

देखरेख के अभाव में दर-दर भटक रहे मवेशी-न चारे का हिसाब और साफ-सफाई की व्यवस्था भी नहीं

भूख-प्यास से दम तोड़ रहा गौवंश बजटट की बाट लगा रही कर्मचारियों की फौज

आलोक निगम। बाँदा





**मुख्यमंत्री** के सीधे–सपाट और सख्त आदेश के बावजूद गोवंश के संरक्षण के नाम पर धांधली गर्दी हो रही और सरकार के दिशा निर्देशों का मखौल उड़ाया जा रहा है। अद्दलम यह है कि सैकड़ों की तादाद में मौजूद गौशालाएं महज कागजों पर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही हैं और गौवंश दर–दर भटक कर भूख प्यास से ददम तोड़ रहे हैं। यह नजारा बांदा जनपद का है। इसी केचलते आखिरकार मंडलायुक्त आरपी सिंह ने मंडल के जिला कलेक्टर मुख्य विकास अधिकारी समस्त ब्लॉक के वीडियो को एक चेतावनी पत्र जारी करते हुए कुछ बिंदुओं पर तत्काल अमल करने करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने इस बाबत शनिवार को रिपोर्ट भी तलब की है।

इसके तहतं सभी गौशालाओं में पेयजल व्यवस्था खाने का भूसा सफाई टीन सेट डॉक्टर की नियमित व्यवस्था करके शनिवार तक आयुक्त को रिपोर्ट करना है। यदि इसके बाध लापरवाही मिलती है तो सीधे नपेगे अधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है गोवंश इसको प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा पत्र में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिन गोवंश को लंपी रोग है उन्हें अलग रखने की व्यवस्था की जाए और मेडिकल संरक्षण में रहें लेकिन यह है कि पत्रिका का कोई भी संज्ञान जिला प्रशासन ने नहीं लिया आज भी डॉक्टर गौशाला में नहीं जा रहा क्योंकि गौशाला प्रबंधक के पास डॉक्टरों के मोबाइल नंबर तक नहीं है। पडड़ताल में पता चला कि पशु चिकित्सक कभी भूलकर भी गौशाला ननहहीं आते। उधर, विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के नरैनी अध्यक्ष सोनू करवरिया ने बताया कि बाँदा में कुल 315गोवशलये है इनमे लगभग 75हजार गोववंश है। कान्हा गौशाला सियार पाखा अंश गुड़ा कलाए पल्हरीए नसैनीए आलिहा ए नारायणीए गुरेहए महोखरए तिंदवारीए मूंगुस अपने अधिकारियों की टीम के साथ पहुच कर गौशाला का अवलोकन के दौरान गौशाला में देखा कि यहां की हालत बदतर है। गौवंश बीमारी के हालत में लगातार दम तोडड़ रहे हैं। चौंकाने की बात ययह है कि गौशाला में 15–16 कर्मचारियों की फौज है लेकिन व्यवस्था के नाम पर बजटट का रोना रोया जाता है। बताते हैं कि बांदा जनपद के 325 गौशालाओं में चीन सेट तक नहीं और पानी की व्यवसस्था भी नही है। सफाई के नाम पर गौशालाओं की व्यववसस्था भगवान भरोसे है। हालत यह है कि देखरेख के अभावव में गौवंश दम तोड़ रहे हैं और अधिकारी सब दुरुस्त होने का ददम भर रहे हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 दिसंबर, 2022



# बांग्लादेश ने रोहिंग्या संकट पर भारत से सहयोग मांगा

भाषा। ढाका

**बांग्लादेश ने** रोहिंग्या संकट का समाधान करने के लिए भारत से सहयोग मांगा है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, बांग्लादेश में मौजूदा समय में 10 लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी रह रहे हैं। म्यांमा में उत्पीड़न से बचने के मद्देनजर देश में शरण लेने को मजबूर किए गए रोहिंग्या समुदाय के लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से वापस भेजने के लिए बांग्लादेश ने भारत से सहयोग मांगा है। संसद के अध्यक्ष शिरीन शर्मिन चौधरी ने रविवार को संसद भवन में ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय कुमार वर्मा से मुलाकात के दौरान इस मुद्दे पर बात की और भारत की मदद मांगी। जातीय संसद सचिवालय के एक प्रवक्ता ने कहा, अध्यक्ष ने भारतीय उच्चायुक्त को बताया कि बांग्लादेश ने बड़ी संख्या में रोहिंग्याओं को शरण दी, यह इंगित करते हुए कि भारत ने भी, हमारे 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेशियों को आश्रय दिया था और लोग उस प्रकरण को सम्मान के साथ याद करते हैं। शिरीन शर्मिन चौधरी ने म्यांमा के रखाइन प्रांत से जबरन विस्थापित रोहिंग्याओं को उनकी मातृभूमि में वापस शांतिपूर्ण तरीके से भेजने के लिए भारत का समर्थन मांगा है। म्यामां के रखाइन प्रांत में 2017 में एक सैन्य कार्वाई के कारण क्रूर उत्पीड़न से बचने के लिए रोहिंग्या शरणार्थी वहां से भाग गए थे। अगस्त 2017 में रखाइन प्रांत में मुख्य रूप से मुस्लिम जातीय समूह को उनकी मातृभूमि से बेदखल करने के लिए सैन्य कार्वाई शुरू होने के बाद से एक लाख से अधिक रोहिंग्या म्यांमा से बांग्लादेश भाग गए। वे अब विशाल अस्थाई शरणार्थी शिविरों में रहते हैं। बांग्लादेश और म्यांमा ने विस्थापित रोहिंग्या शरणार्थियों को उनकी मातृभूमि में वापस लाने पर बातचीत की है, लेकिन वे इस मुद्दे को हल करने में विफल रहे हैं।

## यूक्रेन जैसे संघर्षों के कारण विभाजित होते विश्व में भारत सेतु की भूमिका निभा सकता हैः जयशंकर

**अबूधाबी-लंदन।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन में युद्ध जैसे संघर्षों के इर्द-गिर्द तेजी से विभाजित होती दुनिया में भारत एक सेतु की भूमिका निभा सकता है। अबूधाबी मे इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) शिखर सम्मेलन मे,



सोमवार को मंत्री ने रूस-यूक्रेन संघर्ष से प्रभावित दुनिया मे दो बड़े विभाजनों पर प्रकाश डाला और भारत तथा यूएई जैसे भूमिका निभाने वाले देशो का विश्लेषण किया। जयशंकर ने कहा, एक पूर्व-पश्चिम विभाजन है जो यूक्रेन के आसपास केंद्रित है और दूसरा उत्तर-दक्षिण विभाजन है जो विकास के आसपास केंद्रित है। उन्होने कहा, यूक्रेन के विकास पर भी प्रभाव पड़ रहा है। मेरा मानना है कि भारत सेतु की भूमिका निभा सकता है, जो संयुक्त अरब अमीरात जैसे अन्य देशों के साथ मिलकर किया जा सकता है। शिखर सम्मेलन के सत्र के दौरान जयशंकर के साथ परिचर्चा मे शामिल संयुक्त अरब अमीरात के अध्यक्ष के कूटनीतिक सलाहकार डॉ. अनवर मोहम्मद गरगाश ने यूक्रेन मे संघर्ष को जल्द खत्म करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, राजनीतिक माध्यम छोड़कर इसका कोई समाधान नही है। यह हमारे हित मे है कि हम एक राजनीतिक प्रक्रिया सुनिश्चित करें जो इस संघर्ष को खत्म करे। रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन मे एक विशेष सैन्य अभियान शुरू किया था। रूसी कार्वाई की अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों ने व्यापक रूप से आलोचना की है। इससे पहले, जयशंकर ने ब्रिटेन-मुख्यालय वाले इंडिया ग्लोबल फोरम द्वारा आयोजित यूएई शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया, जिसमे उन्होंने क्षेत्र मे भू-राजनीतिक विकास और भारत और यूएई द्वारा वैश्विक प्रभाव के लिए भागीदार के रूप मे निभाई जा रही भूमिका पर मुख्य भाषण दिया था।

## डेलॉयट के सीईओ पुनीत रंजन भारत में जलवायु संकट के प्रकृति आधारित समाधान पर काम करेंगे

**वाशिंगटन, भाषा।** शीर्ष भारतीय-अमेरिकी कारोबारी एवं डेलॉयट ग्लोबल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद से हाल में सेवानिवृत्ति की घोषणा करने वाले पुनीत रंजन ने कहा कि भविष्य के उनके प्रयासों में खासतौर से भारत में जलवायु संकट के प्रकृति आधारित समाधान खोजना शामिल होगा।रंजन ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा, मेरे भविष्य के प्रयासों में भारत शामिल होने जा रहा है। मैं भारत और जिस यात्रा पर वह है, उसे लेकर बहुत उत्साही हूं। मेरा दृढ़ता से मानना है कि यह भारत की सदी है। रंजन (61) ने पिछले महीने डेलॉयट से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली है और अब बाकी दुनिया का नेतृत्व करने के लिए भारत के पास यह एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा, भारत में मेरा ध्यान जलवायु, खासतौर से जलवायु संकट के प्रकृति आधारित समाधान पर केंद्रित होगा। रंजन ने कहा कि वह भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के दौरान डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर स्वास्थ्य देखाभाल के संबंध में किए गए डेलॉयट के काम के आधार पर भारत पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। इसे भारत की सदी बताते हुए रंजन ने कहा कि इस साल भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना।

# हमलावरों ने काबुल स्थित होटल को निशाना बनाया : तालिबान



भाषा। इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान की** राजधानी काबुल में सोमवार को एक होटल पर हमला किया गया और इस दौरान तीन हमलावर मारे गए। इस होटल में विदेशी पर्यटक भी ठहरते हैं। तालिबान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। काबुल में आपातकालीन अस्पताल ने ट्वीट कर कहा कि होटल के पास एक विस्फोट और गोलीबारी हुई और अब तक, 21 हताहत हमारे पास पहुंचे हैं, जिनमें से तीन लोगों की पहले ही मौत हो चुकी थी। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि हमले के दौरान बचने के लिए दो विदेशी नागरिक खिड़की से कूदने के चलते घायल हो गए। निवासियों ने विस्फोटों और गोलीबारी की सूचना दी जबकि सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में इमारत से धुआं उठते हुए देखा जा सकता है। काबुल पुलिस प्रमुख के लिए तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता खालिद जादरान ने कहा कि हमला कई घंटों तक चला। उन्होंने कहा कि पुलिस का अभियान जारी है। किसी संगठन ने हमले की तुरंत जिम्मेदारी नहीं ली है। घटनास्थल के नजदीक रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसने एक विस्फोट और फिर गोलीबारी की आवाज सुनी।

## क्विक न्यूज

### वेस्ट बैंक पर इज़राइली सेना के हमले में एक किशोरी की मौत

**रामल्ला।** वेस्ट बैंक पर इज़राइली सेना की कार्वाई मे सोमवार को एक किशोरी की मौत हो गई। फलस्तीन के एक अस्पताल ने यह जानकारी दी। जेनिन शहर के खलील सुलेमान सरकारी अस्पताल के अनुसार, 16 वर्षीय ज़ाना ज़कारन के सिर मे गोली लगी और उसकी मौत हो गई। फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि हमले के समय ज़कारन अपने घर की छत पर थी और बल के इलाके से जाने के बाद वह वही मृत मिली। इज़राइली सेना ने कहा कि उसे किशोरी की मौत की जानकारी है और इस संबंध मे जांच की जा ही है। सेना के अनुसार, उसके सैनिकों ने इज़राइलियों के खिलाफ हमलों के संदेह में वांछित तीन फलस्तीनियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान सैनिकों और संदिग्धों के बीच भीषण मुठभेड़ भी हुई। वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम मे इस साल इज़राइल तथा फलस्तीन के बीच हिसक संघर्ष मे करीब 150 फलस्तीनी मारे गए है, जो 2006 के बाद से मृतकों की सर्वाधिक संख्या है।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने अफगान तालिबान बलों की बिना उकसावे वाली गोलीबारी की निंदा की

**कराची।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती क्षेत्र चमन मे अफगान तालिबान द्वारा बिना उकसावे के गोलीबारी करने की सोमवार को निंदा की। शरीफ ने कहा कि काबुल की अंतरिम सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य मे ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने शुरुआत मे कहा कि रविवार को हुई गोलाबारी मे छह लोगो की मौत हुई, लेकिन बाद मे मरने वालो की संख्या बढ़कर सात हो गई। सेना ने कहा कि अफगान बलो द्वारा आम नागरिको पर भारी हथियारो से बिना उकसावे के अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिससे 16 लोग घायल हो गए। घटना की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने ट्वीट किया कि काबुल मे अंतरिम सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पाकिस्तान सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अफगान बलो द्वारा बिना उकसावे के अंधाधुंध गोलाबारी की गई, जो कुछ देर तक जारी रही। विदेश कार्यालय ने एक बयान मे कहा, ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं दोनो देशो के बीच भाईचारे वाले संबंधो के अनुरूप नही है। इसमे कहा गया, अफगान अधिकारियो को सूचित किया गया है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचा जाना चाहिए और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई होनी चाहिए।

### पाकिस्तानी पुलिस ने अहमदी समुदाय के इबादत स्थल की मीनारें गिराईं

**लाहौर।** पाकिस्तान पुलिस ने कथित तौर पर कुछ मौलवियो के इशारे पर पंजाब प्रांत मे अल्पसंख्यक अहमदी समुदाय के इबादत स्थल की दो मीनारे गिरा दी है।अहमदी समुदाय के प्रतिनिधियो के अनुसार, पुलिस की एक टुकड़ी ने आठ दिसंबर को लाहौर से लगभग 80 किलोमीटर दूर गुजरांवाला के बागबानपुरा इलाके को घेर लिया और अहमदी इबादत स्थल की मीनारो को ध्वस्त कर दिया। जमात अहमदिया पंजाब के पदाधिकारी आमिर महमूद ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया, पुलिस ने स्थानीय मौलवियो के इशारे पर काम किया, जिन्होंने मीनारो को नही गिराए जाने पर अहमदी उपासना स्थल पर हमला करने की धमकी दी थी। पाकिस्तान मे कानून के तहत, अहमदी समुदाय मीनारो का निर्माण नही कर सकता है और न ही अपने इबादत स्थल को मस्जिद कह सकता है।इससे पहले, अहमदियो ने धार्मिक चरमपंथियो के प्रकोप से बचने के लिए मीनारो को आम लोगो की नजरो से छिपाने के लिए चारो ओर इस्पात की चादरें लगा दी थी।

### लॉस एंजिलिस की पहली महिला मेयर बनीं कैरेन रूथ बास

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता कैरेन रूथ बास ने रविवार को लॉस एंजिलिस की मेयर के रूप मे शपथ ली और इसी के साथ वह शहर के शीर्ष पद पर आसीन होने वाली पहली महिला एवं दूसरी अश्वेत व्यक्ति बन गईं। उन्हें अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शपथ दिलाई। बास ने ऐसे समय मे शपथ ली है, जब देश का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला शहर कई संकटों से जूझ रहा है। बास सोमवार को औपचारिक रूप से कार्यभार संभालेंगी। बास के सामने बढ़ती अपराध दर को कम करने, नस्लवाद एवं भ्रष्टाचार से जूझ रहे शहर के प्रशासन मे विश्वास बहाल करने और कोरोना वायरस महामारी के बीच बेघर हुए हजारों लोगों को घर मुहैया कराने की चुनौती होगी। बास (69) ने कहा कि इन चुनौतियों से पार पाने के लिए सरकार की विभिन्न शाखाओ को एकजुट होकर काम करना चाहिए।

### रूस के एक और मॉल में आग लगी, चार दिन में दूसरी घटना

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को के पूर्वी बाहरी इलाके मे सोमवार को एक शॉपिंग मॉल मे भीषण आग लग गई। पिछले चार दिन मे मॉल मे आग लगने की यह दूसरी घटना है। बालाशिखा मे मॉल मे निर्माण सामग्री और घर की सजावट की सामग्री से भरे एक गोदाम में आग लग गई, जो बाद मे इमारत के एक हिस्से मे फैल गई। धुएं से तबियत खराब होने के बाद एक गार्ड को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। दमकलकर्मियो ने इस आग को पूरे मॉल मे फैलने से रोक लिया और यह करीब 9,000 वर्ग मीटर तक ही सीमित रही। अधिकारियों ने बताया कि मॉस्को मे भारी बारिश के बीच शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई।



प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के गोताखोर नासा और अमेरिकी नौसेना की टीम ओरियन कैप्सूल में विंच केबल लगाती हुई

# ईरान ने एक और प्रदर्शनकारी को फांसी दी, सरेआम क्रेन से लटकाया

एपी। दुबई

**ईरान ने** विरोध-प्रदर्शनों के दौरान कथित अपराधों के लिए हिरासत में लिए गए एक और कैदी को सोमवार को फांसी दे दी। अन्य लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कैदी को सरेआम क्रेन से लटका दिया गया। ईरान सरकार द्वारा देश में व्यापक स्तर पर जारी प्रदर्शनों के बीच हिरासत में लिए गए किसी कैदी को फांसी दिए जाने का यह दूसरा मामला है। ईरान की समाचार एजेंसी मिज़ान के अनुसार, मजीद रज़ा रहनवार्द को फांसी दी गई। उसे मशहद (शिया शहर) में 17 नवंबर को सुरक्षा बल के दो जवानों की चाकू मारकर हत्या करने का दोषी ठहराया गया था।मजीद को एक महीने के भीतर ही मृत्युदंड दिया जाना ईरान द्वारा प्रदर्शनकारियों को फांसी दिए जाने की कार्वाई में लाई गई तेजी को दर्शाता है। कार्यकर्ताओं ने आगाह किया कि प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए अब तक करीब 12 लोगों को बंद कमरे की सुनवाई में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।प्रदर्शनों पर नजर रख रहे ईरान के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, सितंबर के मध्य में प्रदर्शनों के शुरू होने के बाद से अभी तक कम से कम 488 लोग मारे गए हैं। वहीं अन्य 18,200 लोगों को अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। समाचार एजेंसी मिज़ान द्वारा जारी तस्वीरों में मजीद रज़ा रहनवार्द को क्रेन से लटकता दिखाया गया, उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे और सिर पर काला थैला था। सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो में एक व्यक्ति, एक अन्य व्यक्ति का पीछा करता, फिर उसके नीचे गिर जाने पर उसे चाकू मारता दिख रहा है। इसके बाद हमलावर मौके से भागता भी नजर आया। मिज़ान की खबर में मृतक की पहचान ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक अर्धसैनिक स्वयंसेवक तथा छात्र बासीज़ के तौर पर की है। बासीज़ को प्रमुख शहरों में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने के लिए तैनात किया गया था। मजीद रज़ा रहनवार्द ने हमले करने के लिए कोई मकसद नहीं बताया। खबर में दावा किया गया कि रहनवार्द को जब गिरफ्तार किया गया, तब वह विदेश भागने की तैयारी में था।

## जी20 के वित्त और केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों की बैठक कल से बेंगलुरु में

भाषा। बेंगलुरु

**भारत की** जी20 अध्यक्षता में वित्त एवं केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों (एफसीबीडी) की पहली बैठक कर्नाटक के बेंगलुरु में मंगलवार से शुरू होगी।

इस तीन दिन की बैठक से फाइनेंस ट्रैक एजेंडा पर वार्ता की शुरुआत होगी। बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक संयुक्त रूप से करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की अगुवाई वाले जी20 फाइनेंस ट्रैक में आर्थिक एवं वित्तीय मुद्दों पर गौर किया जाएगा। यह वैश्विक आर्थिक विमर्श और नीति समन्वय के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराएगा। इसमें बताया गया है कि वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक बेंगलुरु में 23-25 फरवरी, 2023 को होगी। जी20 वित्तीय और केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों की आगामी बैठक की सह-अध्यक्षता आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव अजय सेठ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल डी पात्रा करेंगे। जी20 सदस्य राष्ट्रों और कई अन्य देशों के उनके समकक्षों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भारत ने बैठक में शामिल होने का न्योता दिया है। बेंगलुरु की बैठक में भारत की जी20 अध्यक्षता में फाइनेंस ट्रैक एजेंडा पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

**● बेंगलुरु की बैठक में भारत की जी20 अध्यक्षता में फाइनेंस ट्रैक एजेंडा पर विचार-विमर्श किया जाएगा**

# रूस की भारत को बड़े जहाज पट्टे पर लेने में मदद की पेशकश

भाषा। मॉस्को

**रूस ने** जी-7 और उसके सहयोगियों द्वारा उसके (रूस के) कच्चे तेल के लिए मूल्य सीमा का समर्थन नहीं करने के भारत के फैसले का स्वागत किया है। इसके साथ ही रूस ने यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा बीमा सेवाओं और टैंकर को लेने की सुविधा पर रोक के बीच भारत को पट्टे पर बड़ा जहाज लेने के लिए सहयोग की पेशकश की है। रूस के उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने गत शुक्रवार को मॉस्को में भारतीय राजदूत पवन कपूर के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद यह प्रस्ताव आया है।

रूसी विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, उप- प्रधानमंत्री ने पांच दिसंबर को जी-7 देशों और उनके सहयोगियों द्वारा लगाई गई मूल्य सीमा का समर्थन नहीं करने के भारत के फैसले का समर्थन किया है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद उसपर पश्चिमी देशों ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। उसके बाद रूस ने रियायती दरों पर कच्चे तेल की बिक्री शुरू की। ऐसे में भारत ने रूस से बड़ी मात्रा में सस्ता कच्चा तेल खरीदना शुरू किया। नोवाक ने कहा कि ऊर्जा संकट के बीच रूस ऊर्जा की आपूर्ति के अपने अनुबंधों को पूरा कर रहा है।

## बिजली की मांग सात प्रतिशत बढ़कर 1,480 अरब यूनिट रहने का अनुमानः इक्रा

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की मांग चालू वित्त वर्ष में करीब सात प्रतिशत बढ़कर।,480 अरब यूनिट पहुंच जाने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि बीते वित्त वर्ष 2021-22 में अखिल भारतीय स्तर पर बिजली की मांग।,380 अरब यूनिट रही थी।इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा, देश में बिजली की मांग मजबूत रहने की संभावना है। पहली तिमाही में वृद्धि नरम रहने के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं अगले वित्त वर्ष 2023-24 में मांग में 5 से 5.5 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। इसमें कहा गया है कि उत्तर और मध्य भारत में भीषण गर्मी पड़ने से सालाना आधार पर चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में अखिल भारतीय स्तर पर बिजली की मांग 10.6 प्रतिशत बढ़ी है। इसके आधार पर सालाना मांग का अनुमान लगाया गया है। इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग) गिरीशकुमार कदम ने कहा कि ऊर्जा की मांग बढ़ने के साथ क्षमता में कम वृद्धि से देश भर में बिजली उत्पादक कंपनियों के बिजलीघरों की क्षमता का उपयोग (प्लांट लोड फैक्टर) बेहतर हुआ है।

# एयर इंडिया 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने के सौदे को अंतिम रूप देने के करीब

भाषा। मुंबई

**टाटा समूह** की कंपनी एयर इंडिया अपेक्षाकृत छोटे आकार के 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने के लिए अमेरिकी कंपनी बोइंग के साथ सौदे को अंतिम रूप देने के करीब है। कंपनी ए विमान सस्ती अंतरराष्ट्रीय सेवाएं देने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए खरीद रही है।





मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि यह सौदा बड़े विमान के ऑर्डर का हिस्सा होगा। इसको लेकर कंपनी बोइंग और एयरबस एसई के साथ चालू वित्त वर्ष की शुरुआत से ही बात कर रही है। घाटे में चल रही एयर इंडिया की अगले तीन साल में अपने विमानों के बड़े को तीन गुना करने की योजना है। टाटा समूह ने इस साल जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था।एयरलाइन कारोबार को सुदृढ़ बनाने के लिए टाटा समूह ने अपनी घरेलू इकाई एयर एशिया इंडिया के एयर इंडिया में विलय की भी घोषणा की है। कंपनी एयरबस ए320 विमानों के बेड़े का परिचालन करती है। फिलहाल एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 24 बोइंग 737 विमानों का बेड़ा है। सूत्रों ने कहा कि सौदे पर आगे की चर्चा के लिए एयर इंडिया और बोइंग के अधिकारियों की सोमवार को बैठक होने की संभावना है।उन्होंने कहा, एयर इंडिया ने एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने को लेकर बोइंग के साथ सौदे को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि, इस बारे में एयर इंडिया ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# सतर्क रुख के बीच सेंसेक्स 51 अंक गिरा, निफ्टी स्थिर

भाषा। मुंबई

**वैश्विक बाजारों** के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों की सतत निकासी के बीच सोमवार को सतर्कता भरे कारोबार में सेंसेक्स 51 अंक के नुकसान में रहा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी लगभग सपाट स्तर पर बंद हुआ।

कारोबारियों के मुताबिक, नवंबर के मुद्रास्फीति एवं औद्योगिक उत्पादन संबंधी आंकड़ों से पहले अधिकतर कारोबारियों ने सतर्कता बरती और वे जोखिम लेने से बचते रहे।



बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 51.10 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,130.57 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, सेंसेक्स एक समय 505.52 अंक यानी 0.81 प्रतिशत तक लुढ़क गया था लेकिन बाद में इसमें सुधार आया। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद सपाट स्तर पर रहा। निफ्टी 0.55 अंक की मामूली बढ़त के साथ 18,497.15 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स सर्वाधिक 1.94 प्रतिशत के नुकसान में रही। इसके अलावा इन्फोसिस, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, एसबीआई और बजाज फिनसर्व के शेयर भी नीचे आए। दूसरी तरफ टाटा स्टील, नेस्ले इंडिया, डॉ रेड्डीज, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक एवं आईटीसी के शेयरों में 1.18 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। बाजार में नकारात्मक धारणा हावी रही और सेंसेक्स के कुल 30 में से 16 शेयर शेयर नुकसान में रहे। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 0.36 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि मिडकैप 0.30 प्रतिशत बढ़ गया। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा, शुरुआती गिरावट से उबरने के बाद सूचकांक एक दायरे में ही रहे। निवेशकों ने मुद्रास्फीति के आंकड़े और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के पहले खुद को किनारे ही रखना बेहतर समझा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि स्थानीय स्तर पर कोई बड़ी घटनाक्रम न होने से घरेलू बाजार वैश्विक रुझान पर ही चल रहे हैं। उन्होंने कहा, शेयर कारोबारियों को मौजूदा स्थिति में जुझारूपन दिखाने वाले बैंकिंग, एफएमसीजी एवं धातु क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आईटी एवं फार्मा क्षेत्रों में गिरावट जारी रह सकती है। एशिया के अन्य बाजारों में भी गिरावट का रुख देखा गया। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में भी दोपहर के सत्र में गिरावट देखी जा रही थी। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नकारात्मक स्तर पर बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.80 प्रतिशत गिरावट के साथ 75.49 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय बाजार से निकासी का सिलसिला जारी रखा है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने शुक्रवार को 158.01 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

**● दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान के साथ बंद हुए**

# मोदी सरकार ने 1.25 लाख करोड़ का काला धन जब्त किया: वैष्णव

भाषा। नई दिल्ली

**रेल, संचार** और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद 1.25 लाख करोड़ रुपए का काला धन जब्त किए जाने का दावा करते हुए सोमवार को कहा कि पारदर्शिता इस सरकार के सुशासन मॉडल का एक अहम पहलू है। वैष्णव ने यहां रेल भवन में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि मोदी सरकार के समय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए करीब 4,300 करोड़ रुपए मूल्य की परिसंपत्तियों को कुर्क करने के साथ ही 1.75 लाख कंपनियों का पंजीकरण भी निरस्त किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने लंबी सार्वजनिक सेवा के दौरान सुशासन के उस मॉडल में महारत हासिल कर ली है जिसकी शुरुआत गुजरात में हुई थी। उन्होंने कहा, अब गुजरात के उसी मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जा रहा है। वैष्णव ने कहा, सुशासन के इस मॉडल में बुनियादी तौर पर आम आदमी हरेक गतिविधि के केंद्र में होता है और पारदर्शिता भी इस मॉडल का एक अहम पहलू है। पारदर्शिता की बात करें तो करीब 1.75 लाख कंपनियों का पंजीकरण रद्द किया गया, करीब 1.25 लाख करोड़ रुपए का काला धन जब्त किया गया।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Pushpa Mohan W/o Late Kapil Mohan, Cont. 9312301506, Email: dinesh.sharma61@yahoo.co.in, R/o. A-402, Rudra CGHS Ltd., Plot No.12, Sector-6, Dwarka, New Delhi, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Share Certificate and Allotment Letter & Possession Letter in respect of society, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 05.12.2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (GH) C-block, 2nd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

# सपने में भी कभी शिवाजी का अपमान करने के बारे में नहीं सोचा : कोश्यारी

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र के** राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी छत्रपति शिवाजी महाराज जैसी महान शख्सियत का अपमान करने के बारे में नहीं सोचा। राज्यपाल कोश्यारी छत्रपति शिवाजी महाराज को पुराने जमाने का आदर्श बताने की अपनी टिप्पणियों के लिए विपक्ष की आलोचना का सामना कर रहे हैं। कोश्यारी ने शाह को छह दिसंबर को लिखे पत्र में कहा, मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप और श्री गुरु गोविंद सिंह जैसी प्रतिष्ठित शख्सियतों का अपमान करने के बारे में कभी सपने में भी नहीं सोचा। आप जानते हैं कि अगर मैंने अनजाने में भी कोई गलती की है तो मैं तुरंत खेद व्यक्त करने या माफी मांगने में नहीं हिचकिचाता हूं।


राज्यपाल ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का नाम लिए बगैर उन पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, जब कुछ बड़े लोग कोविड-19 महामारी के दौरान घर पर रह रहे थे तो मैं अपनी उम्र के बावजूद महाराष्ट्र के ऊंचे किलों पर पैदल चढ़ा। मैंने ऊंचाई पर चढ़ने के लिए हेलीकॉप्टर या किसी वाहन का इस्तेमाल नहीं किया। राज्यपाल ने कहा कि एक विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में दिए गए भाषणों के कुछ अंश चुन लिए गए और विवाद पैदा करने के लिए उनका इस्तेमाल किया गया।उन्होंने कहा, कुछ लोगों ने एक विश्वविद्यालय में मेरे पूरे भाषण का एक अंश आलोचना के लिए चुन लिया। मैं पूर्व के आदर्शों के संदर्भ में मौजूदा प्रतिष्ठित शख्सियतों की बात कर रहा था जो युवाओं के लिए प्रेरणा हो सकते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी और राकांपा प्रमुख शरद पवार को नवंबर में डी.लिट की डिग्री प्रदान करने के बाद औरंगाबाद शहर में एक कार्यक्रम में कोश्यारी ने कहा था, 'पहले जब आपसे पूछा जाता था कि आपका आदर्श कौन है, तो जवाब होता था जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी। उन्होंने आगे कहा था कि महाराष्ट्र में आपको कहीं और देखने की आवश्यकता नहीं है (क्योंकि) यहाँ बहुत सारे प्रतीक हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज पुराने समय के आदर्श हैं तो अब अम्बेडकर और नितिन गडकरी हैं।



# निर्भया निधि से खरीदे गए शिंदे गुट के विधायकों के सुरक्षा वाहन वापस लिए जाएं : राकांपा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को निर्भया निधि के तहत खरीदे गए और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के विधायकों की सुरक्षा के लिए तैनात वाहनों को तत्काल वापस लेने की मांग की। विपक्षी दल ने कहा कि इन वाहनों को निर्भया दस्ते को वापस दिया जाना चाहिए, जो महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ होने वाले विभिन्न अपराधों को रोकने के लिए एक समर्पित बल है।

शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी ने इस मांग को लेकर महाराष्ट्र पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दावा किया था कि मुंबई पुलिस द्वारा इस साल की शुरुआत में निर्भया कोष से खरीदे गए कुछ वाहनों का इस्तेमाल मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के विधायकों और सांसदों को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया जा रहा था। राज्य एनसीपी के मुख्य प्रवक्ता महेश तपासे ने पत्र में लिखा है, निर्भया कोष राज्य में महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस तंत्र को सक्षम करने के लिए बनाया गया था। महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने वाहनों को डायवर्ट करना और सरकार का समर्थन करने वाले विधायकों की सुरक्षा के लिए उन्हें सेवा में लगाना स्पष्ट रूप से निर्भया योजना का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से राजनीतिक दबाव में की गई गलती को सुधारने के लिए बाध्य है। निर्भया निधि के तहत प्राप्त 30 करोड़ रुपए का उपयोग कर इस साल जून में शहर की पुलिस ने 220 बोलेरो, 35 एर्टिगा चार पहिया वाहन, 313 पल्सर मोटरसाइकिल और 200 एक्टिवा दोपहिया वाहनों की खरीद की थी। महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लागू करने के लिए 2013 से केंद्र द्वारा राज्य सरकारों को निर्भया निधि दी जा रही है। यह कोष 2012 में नई दिल्ली में 23 वर्षीय पैरामेडिकल छात्रा के दुष्कर्म और हत्या की पृष्ठभूमि में बनाया गया था।



जी-20 की बैठक से पहले गेटवे ऑफ इंडिया को लाइट व रेजर शो से छत्रपति शिवाजी की आकृति उकेरी गई

# जम्मू-कश्मीर अपने स्वर्ण युग की ओर अग्रसर: उपराज्यपाल

भाषा। जम्मू

**उपराज्यपाल मनोज** सिन्हा ने सोमवार को डोगरा सेना के जनरल जोरावर सिंह को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर बुनियादी मूल्यों व पूर्वजों के विचारों और आदर्शों के साथ अपने स्वर्ण युग की ओर अग्रसर है। सिन्हा ने भारत के इतिहास में जनरल जोरावर सिंह के योगदान और महत्ता को पूरा सम्मान दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को लद्दाख, बाल्टिस्तान और तिब्बत में उनके सैन्य अभियानों और महाराजा गुलाब सिंह के तहत डोगरा साम्राज्य के विस्तार में उनके अपार योगदान को बताया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लद्दाख में अपने सफल अभियानों के बाद, जनरल जोरावर सिंह ने साहसपूर्वक पश्चिमी तिब्बत (नगरी खोरसुम) पर विजय प्राप्त करने का प्रयास किया, लेकिन डोगरा-तिब्बती युद्ध के दौरान टो-यो की लड़ाई में शहीद हो गए।

उपराज्यपाल जनरल जोरावर सिंह मेमोरियल एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनरल के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।सिन्हा ने कहा, जनरल जोरावर सिंह ने एक मजबूत और समृद्ध जम्मू-कश्मीर की कल्पना की थी, जिसमें हर नागरिक सम्मान और स्वाभिमान का जीवन जी सके। हम एक समृद्ध और समावेशी समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।जम्मू-कश्मीर की परिवर्तनकारी यात्रा के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश नागरिक सर्वप्रथम के बुनियादी मूल्यों व पूर्वजों के विचारों और आदर्शों के साथ अपने स्वर्ण युग की ओर अग्रसर है। साथ ही सिन्हा ने लोगों से विकास की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

# राज्यसभा में भाजपा सांसद ने उठाई 2,000 के नोट बंद करने की मांग

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने राज्यसभा में सोमवार को दावा किया कि 2,000 रुपए के नोटों का आपराधिक गतिविधियों व अवैध व्यापार में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहा है, लिहाजा सरकार को इसे चरणबद्ध तरीके से बंद कर देना चाहिए। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के सुशील कुमार मोदी ने उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा, बाजार में गुलाबी रंग के 2,000 रुपए के नोटों का दर्शन दुर्लभ हो गया है। एटीएम से नहीं निकल रहा है और अफवाह है कि यह अब वैध नहीं रहा। उन्होंने सरकार से इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने 8 नवंबर, 2016 को नोटबंदी की घोषणा की थी। इसके तहत 500 और 1,000 रुपए के नोटों को अवैध घोषित कर चलन से बाहर कर दिया गया था। सरकार ने कुछ दिनों के बाद उनके स्थान पर 500 रुपए और 2,000 रुपए के नए नोट जारी किए थे। भाजपा सदस्य मोदी ने दावा किया कि पिछले तीन वर्ष से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2,000 रुपए के नोटों की छपाई बंद कर दी है और बड़ी संख्या में 2,000 रुपए के नकली नोट जब्त भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, बड़े पैमाने पर लोगों ने 2,000 के नोटों की जमाखोरी कर रखी है। केवल अवैध व्यापार में इसका इस्तेमाल हो रहा है। कुछ जगहों पर यह ब्लैक में भी मिल रहा है व प्रीमियम पर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों, धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण में सहित कई अपराधों में इन नोटों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है। मोदी ने कहा कि दुनिया की सभी आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में बड़े नोटों का प्रचलन बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अधिकतम 100 डॉलर है और वहां भी 1,000 डॉलर के नोट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चीन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ में भी नोटों के अधिकतम मूल्य 200 तक ही है। बिहार के पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि केवल पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे देशों में 5,000 के नोट हैं जबकि इंडोनेशिया में एक लाख मूल्य तक के नोट प्रचलन में हैं। उन्होंने कहा, भारत में 2,000 के नोट के प्रचलन का अब कोई औचित्य नहीं है। अब तो सरकार डिजिटल लेनदेन को भी बढ़ावा दे रही है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह चरणबद्ध तरीके से 2,000 के नोटों को धीरे-धीरे बंद कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार जनता को मौका दें ताकि वे एक या दो साल में 2,000 के नोटों को दूसरे नोटों से बदल लें। उन्होंने कहा, 2,000 का नोट यानी ब्लैक मनी यानी कालाबाजरी... अगर काले धन पर रोक लगानी है तो 2,000 के नोट को बंद करना चाहिए।



## क्विक न्यूज

### सुनील शर्मा को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का राजनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया

**हमीरपुर/शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस नेता सुनील शर्मा को उनका राजनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। रविवार को इस पहाड़ी राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले सुक्खू द्वारा की गई यह पहली नियुक्ति है। मुख्य सचिव आर डी धीमान द्वारा रविवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि शर्मा को मुख्यमंत्री का राजनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। उनका दर्जा कैबिनेट मंत्री के स्तर का होगा। शर्मा पूर्व में कांग्रेस की हमीरपुर जिला इकाई के अध्यक्ष और पार्टी के प्रदेश महासचिव के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके है। कांग्रेस ने राज्य की 68 विधानसभा सीटों में से 40 पर जीत हासिल कर भाजपा से सत्ता छीन ली। राज्य में 12 नवंबर को मतदान हुआ था और बृहस्पतिवार को नतीजे घोषित किए गए।शर्मा हमीरपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस के टिकट के दावेदारों की दौड़ में भी थे, लेकिन उन्हें टिकट नही मिला।

### असम में 1,179 ब्रू उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**हैलाकांडी।** असम के हैलाकांडी जिले में दो संगठनों के 1,179 ब्रू उग्रवादियों ने सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (विशेष शाखा) हिरेन चंद्र नाथ ने कहा कि यूनाइटेड डेमोक्रेटिक लिबरेशन फ्रंट ऑफ़ बराक वैली (यूडीएलएफ-बीवी) और ब्रू रिवोल्यूशनरी आर्मी ऑफ़ यूनियन (बीआरएयू) से जुड़े उग्रवादियों ने 18 एके राइफल, एम16 राइफल सहित 350 आग्नेयास्त्र और 400 से अधिक कारतूस भी सौंपे। दोनों संगठन ज्यादातर असम-मिजोरम सीमा से सटे इलाकों में सक्रिय थे। अधिकारी ने कहा, इन दोनों समूहों के साथ 2017 से शांति प्रक्रिया चल रही थी। कुछ मतभेद थे लेकिन मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के मार्गदर्शन में हम उन्हे बातचीत की मेज पर आने के लिए मना सके। उन्होंने कहा, अन्य औपचारिकताएं और पुनर्वास प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। हम इस प्रक्रिया को इस तरह आगे बढ़ाएंगे कि भविष्य में क्षेत्र में कोई नया उग्रवादी समूह न बने। अधिकारियों ने कहा कि इन उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों के साथ पहले से ही संघर्षविराम कर रखा था और आज अंततः उन्होंने औपचारिक रूप से असम विधानसभा के अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी तथा राज्य के जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका के समक्ष अपने हथियार डाल दिए।

### बीएसएफ ने गुजरात सीमा के पास से तीन पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा

**अहमदाबाद।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात में कच्छ जिले के तट पर भारत-पाकिस्तान सीमा के पास क्रीक क्षेत्र से तीन पाकिस्तानी मछुआरों को सोमवार को पकड़ा और उनकी नाव जब्त कर ली। बीएसएफ ने यह जानकारी दी। बीएसएफ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रातभर एक विशेष तलाश अभियान चलाया गया और हरामी नाला क्रीक क्षेत्र से सोमवार तड़के तीन पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा गया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय क्षेत्र में मछली पकड़ने की पाकिस्तानी नौका और मछुआरों की गतिविधियों का पता चलने पर बीएसएफ का गश्ती दल तुरंत मौके पर पहुंचा और नौका को अपने कब्जे में लिया। बीएसएफ कर्मियों को आता देख मछुआरों ने पाकिस्तान की ओर भागने की कोशिश की लेकिन जवानों ने उन्हें पकड़ लिया। विज्ञप्ति के अनुसार, ए लोग पाकिस्तान के जीरो प्वाइंट के निवासी हैं।

### जबरन धर्मांतरण के खिलाफ याचिका पर न्यायालय में सुनवाई नौ जनवरी तक टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई नौ जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें केंद्र और राज्यों को धमकी देकर, डराकर, धोखे से लालच और आर्थिक लाभ देकर धर्मांतरण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उपलब्ध नही होने के कारण न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एस. रविंद्र भट्ट की पीठ ने मामले पर सुनवाई टाल दी। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, एक पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मामले में पक्षकार बनने की मांग की और कहा कि धर्मों के खिलाफ कुछ बहुत ही गंभीर और घृणित आरोप है। दवे ने कहा, कृपया हमें पक्षकार बनने की अनुमति दें। आरोप वास्तव में दुखद है। आज आप इस पर विचार कर सकते है। पीठ ने हालांकि कहा कि वह मामले की सुनवाई की अगली तारीख पर विचार करेगी। दान के उद्देश्य पर जोर देते हुए, शीर्ष अदालत ने पहले पुष्टि की थी कि जबरन धर्म परिवर्तन एक गंभीर मुद्दा है और संविधान के खिलाफ है। अदालत वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें फर्जी धर्म परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़े कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई है।

# नीतीश प्रधानमंत्री बने तो लाल किले पर पाकिस्तानी झंडा फहराएंगे : भाजपा विधायक

भाषा। पटना

बिहार में भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर नीतीश प्रधानमंत्री चुने जाते हैं तो वह लाल किले पर पाकिस्तान का झंडा फहराएंगे। मधुबनी जिले के बिस्फी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले हरिभूषण ठाकुर बचौल जनता दल (यूनाइटेड) के नेताओं द्वारा व्यक्त की गई राय को लेकर संवाददाताओं के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जद (यू) नेताओं ने रविवार को पार्टी के अधिवेशन में इच्छा जताई कि कुमार 2024 में भाजपा को लोकसभा चुनावों में हराने के बाद तिरंगा फहराएंगे। अपने बयानों के लिए अक्सर सुर्खियों में रहने वाले बचौल ने कहा, सबसे पहली बात तो यह है कि नरेंद्र मोदी की बराबरी करने वाला कोई दूसरा नेता होना नामुमकिन है। अगर हम मान भी लें कि वह (नीतीश) जीत जाते हैं, तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि वह हमारे देश के बजाय पाकिस्तानी झंडा फहराएंगे। जद(यू) के वरिष्ठ नेता और राज्य के मंत्री अशोक चौधरी ने भाजपा विधायक पर पलटवार करते हुए कहा कि हम किसी विशेष समुदाय के लिए नहीं बल्कि मानवता के लिए हैं। मंत्री ने कहा कि भाजपा ने अल्पसंख्यकों की परवाह करने वालों को पाकिस्तानी या बांग्लादेशी के तौर पर पेश करने का एक नया चलन शुरू किया है। चौधरी ने कहा, बचौल और उनके जैसे लोगों को मुसलमानों से क्या समस्या है? क्या मुसलमानों ने स्वतंत्रता संग्राम में कुर्बानी नहीं दी? क्या वे सशस्त्र बलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा नहीं करते हैं? चौधरी ने कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो लोग आश्चर्य करते थे कि राष्ट्रीय राजनीति का पूर्व का कोई अनुभव नहीं होने के बावजूद वे मनमोहन सिंह की बराबरी कैसे कर सकते हैं। नीतीश कुमार, बिहार के मुख्यमंत्री बनने से पहले लंबे समय तक सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे।

दूसरी ओर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि आने वाले दिनों में राजनीतिक लड़ाई नागपुर और नालंदा के बीच होगी। उल्लेखनीय है कि नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुख्यालय है तथा नालंदा प्राचीन समय में शिक्षा के लिए प्रसिद्ध था। यादव ने नालंदा में एक दंत चिकित्सा कॉलेज एवं अस्पताल के उद्घाटन समारोह में यह टिप्पणी की जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद थे।

# उच्चतम न्यायालय बिल्कीस बानो की पुनरीक्षण याचिका को सूचीबद्ध करने पर करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह उस याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा, जिसमें बिल्कीस बानो सामूहिक बलात्कार मामले के 11 दोषियों की सजा माफ करने की अर्जी पर गुजरात सरकार से विचार करने के लिए कहने संबंधी आदेश की समीक्षा का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीध डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वकील शोभा गुप्ता के इस अभिवेदन का संज्ञान लिया कि पुनरीक्षण याचिका को अभी तक सूचीबद्ध नहीं किया गया है। वकील ने बताया कि संभावित तारीख पांच दिसंबर दिखाई गई थी, जिसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं इसे जल्द सूचीबद्ध करूंगा। मैं तारीख देखता हूं। प्रक्रिया के अनुसार, शीर्ष अदालत के फैसले के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका पर फैसला संबंधित निर्णय सुनाने वाले न्यायाधीश अपने कक्ष में करते हैं।बानो दंगों के दौरान बलात्कार की शिकार हुई थीं और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। बानो ने पुनरीक्षण याचिका के अलावा दोषियों की सजा माफ किए जाने के फैसले को चुनौती देते हुए एक अलग याचिका दायर की है। यह याचिका न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ के समक्ष 13 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

# विशिष्ट परिवार पहचान पत्र निगरानी का एक और हथकंडा : महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के निवासियों के लिए विशिष्ट परिवार पहचान पत्र बनाने की जम्मू कश्मीर प्रशासन की योजना अविश्वास बढ़ने का संकेत देती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीरियों को शक की निगाह से देखा जाता है और उन्होंने परिवारों को विशिष्ट पहचान पत्र देने की योजना को निगरानी का एक अन्य हथकंडा बताया। मुफ्ती ने ट्वीट किया, जम्मू कश्मीर के निवासियों के लिए विशिष्ट परिवार पहचान पत्र बनाना इस बात का संकेत है कि 2019 के बाद से अविश्वास बढ़ रहा है। कश्मीरियों को शक की निगाह से देखा जाता है और यह उनकी जिंदगियों पर नकेल कसने के लिए निगरानी का एक और हथकंडा है। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर प्रशासन केंद्र शासित प्रदेश में सभी परिवारों का एक प्रामाणिक डेटाबेस बनाने की योजना बना रहा है। इसमें शामिल किए गए प्रत्एक परिवार का एक अनूठा कोड होगा और इस कदम का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के चयन को आसान बनाना है।

## कांग्रेस ने मीडिया में पार्टी विरोधी बयान देने को लेकर अपने नेताओं को चेतावनी दी

**धनबाद (झारखंड)।** झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने सोमवार को अपने नेताओं को चेतावनी दी कि यदि वे पार्टी के खिलाफ सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करते पाए गए, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। पार्टी की अनुशासनात्मक समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता बार-बार पार्टी के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उन्होंने इसे अनुशासनहीनता बताते हुए कहा कि इस तरह के बयान देते पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा, पार्टी और शीर्ष नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान देना पार्टी के संविधान का उल्लंघन है। संगठन में इस तरह की अनुशासनहीनता को पार्टी कभी बर्दाश्त नही करेगी और इस तरह के लोगों के खिलाफ कार्वाई करेगी--चाहे वे सामान्य कार्यकर्ता हों या वरिष्ठ नेता। सिंह ने कहा कि यदि पार्टी के किसी सदस्य को कोई शिकायत है तो वह उसे उपयुक्त मंच पर रख सकते है और उसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, अनुशासन समिति जल्द ही जिला समितियों को इस विषय पर नोटिस भेजेगी।

# कांग्रेस की राज्यव्यापी यात्रा में खरगे, राहुल गांधी की मौजूदगी दिखेगी

भाषा। पटना

**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इस महीने के अंत में शुरू होने वाली राज्यव्यापी यात्रा के तहत बिहार का दौरा करेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी (बीपीसीसी) प्रमुख नियुक्त किए जाने के बाद राज्यसभा सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा कि खरगे ने बांका में रैली को संबोधित करने का न्योता स्वीकार कर लिया है, जहां से 28 दिसंबर को राज्यव्यापी यात्रा की शुरूआत होगी।

सिंह ने कहा, यात्रा के पटना पहुंचने पर एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी, जिसे सोनिया गांधी या प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी। हालांकि, यह उनके उपलब्ध रहने पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी निश्चित रूप से गया की जनसभा में मौजूद रहेंगे, जहां यात्रा के संपन्न होने का कार्यक्रम है। उल्लेखनीय है कि उस वक्त भी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भारत जोड़ो यात्रा पर होंगे। हालांकि, भारत जोड़ो यात्रा की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, 3,500 किमी लंबी पदयात्रा 21 जनवरी को पठानकोट (जम्मू कश्मीर) में संपन्न होगी। वहीं, मीडिया के एक वर्ग की खबरों अनुसार यह गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में संपन्न होगी। बिहार में यात्रा 1,000 किमी से अधिक दूरी तय करेगी और यह राज्य के सभी 38 जिलों से होकर गुजरेगी। कांग्रेस की बिहार इकाई के नए प्रमुख ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी नीतीश कुमार नीत सरकार के मंत्रिमंडल में सिर्फ एक पद मिलने से संतुष्ट नहीं है तथा वह और भी मंत्री पद के लिए शीघ्र ही दबाव बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ महागठबंधन में एक समन्वय समिति बनाने की भी जरूरत है और दावा किया कि यदि हम कुढ़नी विधानसभा सीट पर उपचुनाव नहीं हारते तो सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय रहता। उन्होंने कहा, जब हम समन्वय समिति की मांग करते हैं तो हम बिहार में महागठबंधन के नेता के रूप में मुख्यमंत्री (नीतीश) के विवेक को चुनौती नहीं दे रहे होते हैं। हम सिर्फ उनकी उस पहल की ओर इशारा कर रहे हैं, जो उन्होंने 2015 में महागठबंधन बनने के बाद की थी और वह राजद तथा कांग्रेस के जिला स्तरीय पदाधिकारियों तक से मिला करते थे। अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त मिलने की स्थिति में जनता दल(यूनाइटेड) के द्वारा नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बार-बार दबाव बनाए जाने के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का सिंह ने जवाब नहीं दिया। वह इस विवाद में नहीं पड़े कि कांग्रेस इस शीर्ष पद के लिए राहुल के अलावा किसी अन्य को स्वीकार करेगी।


# धन शोधन मामला: नवाब मलिक जमानत के लिए बंबई उच्च न्यायालय पहुंचे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े एक भूमि सौदे से संबंधित कथित धन शोधन के एक मामले में जमानत के लिए बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है। वकील तारक सैयद और कुशल मोर के जरिए दायर मलिक की याचिका का न्यायमूर्ति एम. एस. कार्णिक की एकल पीठ के समक्ष सोमवार को उल्लेख किया गया। उच्च न्यायालय ने मामले को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध किया है।इससे पहले 30 नवंबर को एक विशेष अदालत ने मामले में मलिक की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस साल फरवरी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता मलिक को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में हैं और अभी उनका यहां के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# यदि आप सार्वजनिक बहस को इस स्तर तक गिरा देंगे तो आपको अंजाम भुगतने होंगे: उच्चतम न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को कहा कि यदि आप सार्वजनिक बहस को इस स्तर तक गिरा देंगे, तो आपको अंजाम भुगतने होंगे। सिसोदिया ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी,जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा द्वारा उनके खिलाफ दायर किए गए एक आपराधिक मानहानि मामले को रद्द करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।मानहानि का मामला, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री द्वारा शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने को लेकर दायर किया गया था। उच्च न्यायालय के चार नवंबर के आदेश के खिलाफ सिसोदिया की याचिका स्वीकार करने के प्रति शीर्ष न्यायालय के अनिच्छा प्रकट करने पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने इसे वापस ले लिया।



शर्मा ने कोविड-19 महामारी की प्रथम लहर के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) प्राधिकारों को बाजार दर से अधिक पर पीपीई किट की आपूर्ति करने के सिलसिले में अपने (शर्मा के) खिलाफ भ्रष्टाचार के बेबुनियाद आरोप लगाने को लेकर शर्मा ने आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।आप नेता ने दावा किया था कि शर्मा ने 2020 में राज्य का स्वास्थ्य मंत्री रहने के दौरान अपनी पत्नी की कंपनी को आपूर्ति के आर्डर दिए थे। हालांकि, शर्मा ने इन आरोपों से इनकार किया था।यह विषय सोमवार को न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया।सिसोदिया की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आप नेता ने यह नहीं कहा था कि कोई पैसा लिया गया है। पीठ ने कहा, यदि आप सार्वजनिक बहस को इस स्तर तक गिरा देंगे, तो आपको अंजाम भुगतने होंगे। न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता को पहले ही बेशर्त माफी मांग लेनी चाहिए थी। सिंघवी ने कहा कि कोई व्यक्ति दूसरों को धौंस नहीं दिखा सकता और याचिकाकर्ता ने कभी नहीं कहा था कि कोई धन लिया गया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा, आपको अंजाम भुगतने होंगे। पीठ ने कहा कि आरोप महामारी के दौरान लगाए गए थे। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि महामारी के दौरान देश किस स्थिति से गुजर रहा था, इसे महसूस करने के बजाय याचिकाकर्ता आरोप लगा रहे थे। बाद में, सिंघवी ने याचिका वापस ले ली। असम सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता नलिन कोहली ने सुनवाई के बाद कहा, अनिवार्य रूप से, समन जारी करने के दौरान एक अदालत को यह विचार करना होगा कि झूठे आरोपों के सिलसिले में क्या मानहानि का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। उच्च न्यायालय ने शर्मा द्वारा दायर की गई शिकायत का संज्ञान लिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इस साल चार जून को सिसोदिया ने नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में असम के मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ एक मानहानिकारक बयान दिया। अदालत ने सिसोदिया के बारे में शर्मा की इस शिकायत का संज्ञान लिया, जिसमें उन पर (शर्मा पर) पीपीई किट खरीदने के लिए अपनी पत्नी को सरकारी ठेका देने में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया था।

# पहले सेमीफाइनल को तैयार अर्जेन्टीना व क्रोएशिया

## ● मेस्सी और मोड्रिच का सपना विश्व कप ट्राफी पर

**भाषा।** दोहा





**अर्जेन्टीना** और क्रोएशिया के बीच मंगलवार (रात 12 बजकर 30 मिनट पर) को यहां होने वाले फीफा विश्व कप सेमीफाइनल के साथ दो दिग्गज खिलाड़ियों लियोनल मेस्सी और लुका मोड्रिच में से किसी एक का विश्व कप जीतने का सपना संभवत: हमेशा के लिए टूट जाएगा। फुटबॉल के सबसे बड़े सुपरस्टार में शामिल ब्राजील के नेमार और फिर पुर्तगाल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो कतर में चल रहे विश्व कप से आंसुओं के साथ विदाई ले चुके हैं और अब मेस्सी या मोड्रिच में से एक का सपना टूटने वाला है। लय मेस्सी के साथ है जिन्होंने अर्जेन्टीना को सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। वह टीम की अगुआई उसी तरह कर रहे हैं जिस तरह डिएगो माराडोना ने 1986 में अर्जेन्टीना के दूसरे और आखिरी विश्व कप खिताब के दौरान की थी। अर्जेन्टीना और फाइनल के बीच अब क्रोएशिया की दीवार खड़ी है। मात्र 40 लाख की जनसंख्या वाले इस देश ने फुटबॉल की सबसे कड़ी टीम में से एक के रूप में प्रतिष्ठा बनाई है और उसके पास खेल के सबसे शालीन खिलाड़ियों में से एक मोड्रिच है। सेमीफाइनल मुकाबला लुसैल स्टेडियम में खेला जाएगा जिसे रविवार को होने वाले फाइनल की मेजबानी भी करनी है। सेमीफाइनल में पिछले दो विश्व कप की उप विजेता टीम आमने सामने होंगी। अर्जेन्टीना को 2014 जबकि क्रोएशिया को 2018 में फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। अर्जेन्टीना की टीम कोपा अमेरिका का खिताब जीतकर कतर पहुंची थी और उसे पिछले 36 मुकाबलों में हार का मुंह नहीं देखना पड़ा था। क्रोएशिया की टीम बिना किसी हो-हल्ले के चार साल पहले के अपने प्रदर्शन को दोहराने की राह पर है जब टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी और इस दौरान ग्रुप चरण में अर्जेन्टीना को भी हराया। अर्जेन्टीना की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे पहले ही ग्रुप मैच में सऊदी अरब के खिलाफ।-2 से हार का सामना करना पड़ा। टीम ने हालांकि वापसी करते हुए अपने अगले दोनों ग्रुप मैच जीते और प्री क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 2-। से हराया। अर्जेन्टीना ने क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया।मेस्सी विश्व कप में चार गोल कर चुके हैं और मौजूदा विश्व कप के शीर्ष स्कोरर फ्रांस के काइलियान एमबापे से एक गोल पीछे हैं। मोड्रिच ने भले ही मौजूदा विश्व कप में गोल नहीं दागा हो और ना ही किसी गोल को करने में मदद की है लेकिन क्रोएशिया की टीम में उनके महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। रूस में पिछले विश्व कप में क्रोएशिया के सभी नॉआउट मुकाबले अतिरिक्त समय में खिंचे थे और फिर अंत में टीम को फाइनल में फ्रांस के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। कतर में भी टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल और क्वार्टर फाइनल में क्रमश: जापान और ब्राजील को पेनल्टी शूट आउट में हराया। क्रोएशिया की टीम ब्राजील के खिलाफ अधिक सहज दिखी। मेस्सी को रोकने की जिम्मेदारी मिडफील्डर मार्सेलो ब्रोजोविच पर होगी जिन्होंने ब्राजील के खिलाफ शानदार खेल दिखाया था। अर्जेन्टीना की टीम इस मुकाबले में लेफ्ट बैक मार्कोस एकुना और राइट बैक गोंजालो मोनटिएल के बिना उतरेगी। ए दोनों निलंबित हैं।

### पेले की हालत में सुधार, अस्पताल में रहेंगे

**रियो दि जिनेरियो।** श्वसन संबंधी संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले की हालत में सुधार आया है। पेले को 29 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कोरोना संक्रमण के कारण उनकी हालत और खराब हो गई थी। अलबर्ट आइंस्टीन अस्पताल के डॉक्टरों ने हालांकि कहा है कि अभी कहा नहीं जा सकता कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी कब मिलेगी। अस्पताल द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उनकी हालत स्थिर है और वह होश में हैं। तीन बार के विश्व कप विजेता पेले कैंसर के इलाज के लिए कीमोथेरेपी भी करा रहे हैं।

## रणजी ट्रॉफी के सत्र का आगाज दिल्ली और महाराष्ट्र के मुकाबले से

**भाषा।** पुणे

**रणजी ट्रॉफी** के नए सत्र का आगाज मंगलवार से होगा जिसमें ईशांत शर्मा और अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का एक आखिरी मौका होगा जबकि तिलक वर्मा और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश में होंगे। पहले मैच में दिल्ली का सामना महाराष्ट्र से होगा जिसे रूतुराज गायकवाड़ और अंकित बावने की कमी खलेगी। दोनों चोट के कारण पहले मैच में नहीं खेल सकेंगे। गायकवाड़ के चेन्नई सुपर किंग्स टीम के साथ तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी भी चोट के कारण बाहर हैं। दूसरी ओर दिल्ली के पास ईशांत शर्मा, सिमरजीत सिंह, नितिश राणा जैसे धुरंधर हैं जबकि 20 वर्ष के यश धुल टीम के कप्तान हैं। आईपीएल स्टार ललित यादव, आयुष बदोनी, रितिक शोकीन भी टीम में हैं। दिल्ली की टीम में कई सीनियर खिलाड़ी हैं जिनकी कप्तानी ऐसा खिलाड़ी कर रहा है जिसे कुल जमा आठ प्रथम श्रेणी मैचों का अनुभव है। दो सत्र पहले विराट कोहली की गैर मौजूदगी में भारत की कप्तानी करने वाले रहाणे के पास घरेलू क्रिकेट के बारे में सोचने का समय नहीं था लेकिन मुंबई के कप्तान को अब हैदराबाद के खिलाफ मंगलवार को नए सिरे से शुरूआत करनी होगी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी में टेस्ट श्रृंखला के लिए अपना दावा पेश करने का उनके पास यह आखिरी मौका है।

## एक साल पहले शायद इस तरह से लक्ष्य हासिल नही कर पाते: मंधाना

**भाषा।** नवी मुंबइ



**भारतीय महिला** क्रिकेट टीम के लिए पिछले कई वर्षों से करीबी मैचों का सफल अंत करना परेशानी का सबब रहा था लेकिन उप कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि पिछले एक वर्ष में इस क्षेत्र में की गई कड़ी मेहनत से टीम विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ करीबी मैच में जीत दर्ज करने में सफल रही। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 49 गेंदों पर 79 रन बनाए जिससे भारतीय टीम लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई थी लेकिन आखिर में उसने 187 रन बनाकर स्कोर टाई करवाया। मंधाना ने बाद में सुपर ओवर में 13 रन बनाए जिससे भारत ने जीत दर्ज की। मंधाना ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम करीबी मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे हालांकि हम मजबूत टीमों को कड़ी चुनौती दे रहे थे। करीबी मैच ऐसे मामले थे जिन पर पूरी भारतीय टीम काम कर रही है और इसकी शुरुआत राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल से हुई। उन्होंने कहा, कुछ मैचों में हमने जीत दर्ज करनी शुरू कर दी थी। हमारे खिलाड़ियों ने दबाव की परिस्थितियों से निपटना शुरू कर दिया और हमारे पास कई मैच विजेता भी हैं। मंधाना ने कहा कि एक साल पहले तक भी टीम के लिए 25 गेंदों पर 45 के करीब रन बनाना आसान काम नहीं था।उन्होंने कहा, यदि 25 गेंदों पर 45 रन की जरूरत है तो एक साल पहले तक भी हो सकता था कि भारतीय महिला टीम इसे हासिल नहीं कर पाती। अब हमारे पास रिचा घोष, दीप्ति शर्मा और देविका वैद्य जैसे खिलाड़ी हैं। वे अच्छी तरह से अपनी भूमिका निभा रही हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज हेजलवुड दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार से गाबा में शुरू होने वाले पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में नहीं खेल पाएंगे। हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड और माइकल नेसर में से किसी को अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया में इस मैच में 419 रन से जीत दर्ज करके दो मैचों की श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया था। उसने पर्थ में पहला टेस्ट मैच 164 रन से जीता था। हेजलवुड और कमिंस की अनुपस्थिति में बोलैंड और नेसर ने मिशेल स्टार्क के साथ तेज गेंदबाजी विभाग का जिम्मा संभाला था तथा टीम को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई थी।

### आर्यवीर को बैंकॉक शतरंज में रजत

**मुंबई।** भारत के आठ साल के आर्यवीर पिट्टी ने बैंकॉक रेपिड शतरंज चैंपियनशिप मे अंडर-आठ वर्ग में रजत पदक जीता। आर्यवीर ने रविवार को प्रासर्नमित प्लाजा सुखुमवित मे संभावित छह मे से चार अंक जुटाए। थाईलैंड के सुथिपोनपेइसार्न प्रोदपिच ने पांच अंक के साथ खिताब अपने नाम किया। आर्यवीर की मां नीशा छाबरिया ने कहा, हमें इस जीत पर गर्व है और वह इस चैंपियनशिप मे काफी अच्छा खेला और भविष्य मे और अधिक जीत दर्ज करने पर नजरें है।

### बटलर और अमीन को महीने का खिलाड़ी का पुरस्कार

**दुबई।** इंग्लैंड के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान जोस बटलर को नवंबर मे उनके शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुना गया। पाकिस्तान की सिदरा अमीन को आयरलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला मे बेहतरीन प्रदर्शन के लिए महिला वर्ग मे महीने की क्रिकेटर का पुरस्कार मिला।

### ऑस्ट्रेलिया व द.अफ्रीका का अभ्यास मैच ड्रॉ

**ब्रिसबेन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकादश के खिलाफ सोमवार को यहां ड्रा रहे अभ्यास क्रिकेट मैच मे शीर्ष क्रम के विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अपनी तैयारियो को पुख्ता अंजाम दिए। दक्षिण अफ्रीकी टीम मे ब्रिसबेन के एलन बॉर्डर फील्ड मे बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया।

### डब्ल्यूओएलएफ ऑनलाइन गेमिंग का मजा लें

**मुंबई।** भारत में अब ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया में वेबसाइट के तौर पर एक नई क्रांति ने जन्म ले लिया है जिसका अत्याधुनिक नाम है डब्ल्यूओएलएफ-7 पे। ऑनलाइन वेबसाइट ना सिर्फ़ बाक़ी वेबसाइट्स के मुक़ाबले काफ़ी तेज़ हैं, बल्कि विभिन्न इंटरेस्टिंग फ ़ीचर्स, अत्याधुनिक इंटरफ़ेस और पेमेंट की आसान सुविधाओं के चलते यह वेबसाइट गेमिंग की दुनिया में तेज़ी से अपनी पहचान बना रहा है। डब्ल्यूओएलएफ 7 पे एक एडवांस्ड गेमिंग प्लेटफॉर्म है जो विभिन्न तरह की श्रेणियों में यूज़र्स को पूरा एक्सेस प्रदान करता है। डब्ल्यूओएलएफ 7 पे की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से यूज़र्स सहज तरीके से विभिन्न गेम्स का लुत्फ़ उठा सकते हैं,अधिकतकम परफ ॉर्मेंस के लिए सभी गेम्स को ऑटिमाइज़्ड किया जाता है ताक़ि यूज़र्स बिना किसी लैग टाइम देरी के तमाम तरह के गेम्स का भरपूर लुत्फ़उठा सकें।

### चांदनी ने जीता डब्ल्यूबीसी इंडिया नेशनल खिताब

**पुणे।** हरियाणा की मुक्केबाज चांदनी मेहरा ने मध्यप्रदेश की मुस्कान श्रीवास्तव को सर्वसम्मत फैसले से हराकर डब्ल्यूबीसी (विश्व मुक्केबाजी परिषद) इंडिया नेशनल में सुपर फेदरवेट का खिताब अपने नाम किया। चांदनी से रविवार को हुए मुकाबले में सर्वसम्मत फैसले से 80-72, 80-71, 80-71 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ चांदनी ने अपने जीत-हार का रिकॉर्ड 10-4 कर लिया।

# सूर्यकुमार और गिल की हो सकती है पदोन्नति

## रहाणे, इशांत केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने की कगार पर मिलेगा लाभ

**भाषा।** नई दिल्ली



अभ्यास करते शुभमन गिल साथ में बैटिंग कोच विक्रम राठौड़

**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद की 21 दिसंबर को होने वाली बैठक के दौरान 2022-23 सत्र के लिए सूची को अंतिम रूप दिए जाने के साथ अजिंक्य रहाणे और इशांत शर्मा को वार्षिक केंद्रीय अनुबंधों से हटाया जा सकता है, जबकि शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव को पदोन्नति मिल सकती है। भविष्य के टी20 कप्तान के रूप में पेश किए जा रहे हार्दिक पंड्या को ग्रुप सी से ग्रुप बी में पदोन्नति मिलने की संभावना है। इस बैठक के एजेंडे में 12 मुद्दे सूचीबद्ध है। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। भारतीय टीम का टी20 विश्व कप और बांग्लादेश वनडे में प्रदर्शन की समीक्षा एजेंडे का हिस्सा नहीं है, लेकिन अगर अध्यक्ष जरूरी समझे तो चर्चा के लिए गैर-सूचीबद्ध मुद्दों पर विचार किया जा सकता है। इस बैठक में शीर्ष परिषद वी जयदेवन के लिए एकमुश्त भुगतान की भी पुष्टि करेगी। जयदेवन की तैयार की गई प्रणाली (वीजेडी) का इस्तेमाल बारिश से प्रभावित घरेलू सीमित ओवरों के मैचों में होता है। जिसका वर्षा-नियम सूत्र एक दशक से अधिक समय से घरेलू सफेद गेंद के खेल में उपयोग किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति का उपयोग करता है जबकि वीजेडी का उपयोग मुश्ताक अली टी-20, विजय हजारे ट्रॉफी और पूर्ववर्ती देवधर ट्रॉफी और चैलेंजर ट्रॉफी के लिए किया जाता है। इस बैठक का मुख्य मुद्दा सीनियर पुरुष और महिला टीमों के लिए रीटेनरशिप अनुबंध पर चर्चा करना है। भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ से लगभग बाहर हो चुके पूर्व उपकप्तान रहाणे और तेज गेंदबाज इशांत का सूची से बाहर होना लगभग तय है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा को भी सूची से बाहर कर दिया जाएगा क्योंकि उन्हें साल की शुरुआत में बता दिया गया था कि उन्हें फिर से भारत के लिए नहीं चुना जाएगा। बीसीसीआई चार वर्गों में खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध देता है जिसमें ए प्लस (सात करोड़ रुपए सालाना), ग्रुप ए (पांच करोड़ रुपए सालाना) ग्रुप बी (तीन करोड़ रुपए सालाना), और ग्रुप सी (एक करोड़ रुपए सालाना) शामिल है। बीसीसीआई खिलाड़ियों अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के अलावा कई और मानकों को देखते हुए इस अनुबंध में खिलाड़ियों का वर्गीकरण को निर्धारित करता है। इसमें राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के परामर्श करना भी शामिल है। ए प्लस और ए ऐसी श्रेणियां हैं जहां खिलाड़ी या तो सभी प्रारूप में नियमित तौर पर खेलते है या टेस्ट और सीमित ओवर के किसी एक प्रारूप की टीम में उनकी जगह सुनिश्चित हो। ग्रुप बी में जगह पाने के लिए एक क्रिकेटर को कम से कम दो प्रारूप खेलने होते हैं, जबकि ग्रुप सी मुख्य रूप से एक प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए होता है। इस सूची में जगह बनाने के लिए विशिष्ट संख्या में अंतरराष्ट्रीय मैचों (प्रति प्रारूप) में खेलने की जरूरत होती है। पदोन्नति हालांकि प्रदर्शन-आधारित होती है और इसमें आईसीसी रैंकिंग को भी ध्यान में रखा जाता है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, सूर्यकुमार ग्रुप सी में है लेकिन पिछले एक साल के प्रदर्शन के बूते ग्रुप ए नहीं तो कम से कम ग्रुप बी में पदोन्नति के हकदार है। वह आईसीसी की मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज हैं और ए टीम में जगह पाने के दावेदार भी है। गिल अब नियमित तौर पर दो प्रारूप में खेलते है और वह ग्रुप सी से ग्रुप बी में पदोन्नति की उम्मीद कर रहे होंगे।

# आक्रामक खेलकर ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बना सकेंगे : राहुल

**भाषा।** चटगांव



**भारत के** कार्यवाहक कप्तान के एल राहुल ने सोमवार को कहा कि सितारों के बिना खेल रही भारतीय टीम को अगर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनानी है तो उसे बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में आक्रामक क्रिकेट खेलनी होगी। भारतीय टीम अपने तीन प्रमुख खिलाड़ियों नियमित कप्तान रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह के बिना खेल रही है। ए सभी चोटों के कारण बाहर हैं। वनडे श्रृंखला पहले ही गंवा चुकी भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंकतालिका में शीर्ष दो में रहने के लिए अगले छह टेस्ट (दो बांग्लादेश के खिलाफ और चार आस्ट्रेलिया के खिलाफ) जीतने होंगे। भारतीय टीम इस समय 52 . 08 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर है जबकि आस्ट्रेलिया 75 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर है और दक्षिण अफ्रीका 60 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।श्रीलंका 64 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। राहुल ने ट्रॉफी के अनावरण के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में कहा , टेस्ट चैम्पियनशिप क्वालीफिकेशन के लिए हमें आक्रामक खेलना होगा। हमें पता है कि हम कहां है और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए क्या करना है। हर दिन और हर सत्र में हम आकलन करेंगे कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए क्या करना है। सत्र की आखिरी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जून 2023 में लंदन में होगी। हम पूर्वाग्रह के साथ नहीं उतरेंगे। हम आक्रामक और बेखौफ खेल दिखाकर नतीजा निकालने की कोशिश करेंगे। यह पांच दिन का मैच है और छोटे लक्ष्य लेकर उतरना जरूरी है। हर सत्र में अलग मांग होगी लेकिन यह तय है कि हमें आक्रामक खेल दिखाना होगा। इंग्लैंड के बल्लेबाजों के आक्रामक तेवरों की दुनिया भर में चर्चा हो रही है लेकिन राहुल इसे लापरवाही के साथ बल्लेबाजी नहीं मानते। मुझे नहीं लगता कि यह लापरवाह क्रिकेट है। वे सोच समझकर ऐसा खेल रहे हैं। उन्होंने अपने खिलाड़ियों का साथ दिया और खिलाड़ी टीम के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने इसे कैसे किया। क्रिकेट बदल रहा है और इसका कोई पारंपरिक ढांचा नहीं है कि इसे कैसे खेला जाएगा। कप्तान रोहित शर्मा की चोट के बारे में उन्होंने कहा , रोहित हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। वह अनुभवी खिलाड़ी और कप्तान है। टीम को उसकी कमी खलेगी लेकिन उम्मीद है कि वह जल्दी उबरकर दूसरे टेस्ट में वापसी करेगा।

## दिव्या महिला राष्ट्रीय एयर पिस्टल चैम्पियन

**भाषा।** भोपाल

**कर्नाटक की** दिव्या टीएस ने सोमवार को यहां संपन्न हुई 65 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की संस्कृति बाना को हराकर अपना पहला महिला 10 मीटर एयर पिस्टल राष्ट्रीय खिताब हासिल किया। दिव्या ने स्वर्ण पदक के मैच में संस्कृति को 16-14 से हराया। इस स्पर्धा में हरियाणा की रिदम सांगवान ने कांस्य पदक जीता। ओलंपियन मनु



भाकर ने जूनियर महिला एयर पिस्टल का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में तेलंगाना की ईशा सिंह को 17-13 से शिकस्त दी। रिदम ने इस स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। उन्होंने हालांकि युवा वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। युवा वर्ग के फाइनल में रिदम ने संस्कृति को 16-12 से हराया। महिलाओं के क्वालीफिकेशन दौर में मनु 583 अंक के साथ शीर्ष पर थी जबकि दिव्या (578) तीसरे, संस्कृति (577) चौथे, ईशा (576) पांचवें और रिदम (575) छठे स्थान पर थी। दिव्या ने इसके बाद रैंकिंग दौर में 254.2 अंक के साथ शीर्ष जबकि संस्कृति (251.6) ने दूसरा स्थान हासिल किया।

# इंग्लैंड ने पाक से टेस्ट श्रृंखला जीती

## ● दूसरे टेस्ट में 26 रन से रोमांचक जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाइ

**भाषा।** मुल्तान



**तेज गेंदबाज** मार्क वुड (65 रन देकर चार विकेट) ने नई गेंद से तीन विकेट लिए जिससे इंग्लैंड ने सोमवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में 26 रन से रोमांचक जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। इंग्लैंड ने पाकिस्तान के सामने 355 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम मैच के चौथे दिन लंच के कुछ देर बाद 328 रन बनाकर आउट हो गई। यह पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान में लगातार दो टेस्ट मैच जीते। इंग्लैंड ने रावलपिंडी में पहला टेस्ट मैच 74 रन से जीता था। तीसरा टेस्ट मैच 17 दिसंबर से कराची में खेला जाएगा। पाकिस्तान का दारोमदार सऊद शकील पर टिका था जो मामूली अंतर से अपने पहले टेस्ट क्रिकेट शतक से चूक गए। शकील ने 213 गेंदों पर 94 रन बनाए और वह लंच से पहले आखिरी ओवर में वुड की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर पवेलियन लौटे। इसके बाद पाकिस्तान की अपनी घरेलू धरती पर सर्वाधिक लक्ष्य हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई। शकील का आउट होना विवादास्पद रहा। विकेटकीपर ओली पोप ने लेग साइड की तरफ नीचे रहता हुआ कैच लिया। मैदानी अंपायर अलीम दार ने बल्लेबाज को आउट दिया लेकिन सही निर्णय देने के लिए तीसरे अंपायर की मदद ली। तीसरे अंपायर ने कई रीप्ले देखने के बाद गेंदबाज के पक्ष में फैसला दिया। वुड ने नई गेंद से पहले ओवर में ही मोहम्मद नवाज (45) को इसी तरह की शार्ट पिच गेंद पर आउट करके शकील के साथ उनकी 80 रन की साझेदारी समाप्त की थी। शकील और नवाज ने लगभग 22 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया लेकिन इसके बाद वुड ने जल्दी-जल्दी दो विकेट निकालकर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया। पाकिस्तान ने सुबह चार विकेट पर 198 रन से आगे खेलना शुरू किया और दिन के छठे ओवर में ही फहीम अशरफ (10) का विकेट गंवा दिया। कामचलाऊ स्पिनर जो रूट ने उन्हें स्लिप में कैच कराया। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने दोनों छोर से स्पिन आक्रमण लगा रखा था लेकिन शकील और नवाज ने गेंदबाजों का डटकर सामना किया। पाकिस्तान को जब जीत के लिए 109 रन की दरकार थी तब इंग्लैंड ने नई गेंद ली जिसके बाद वुड ने कमाल दिखाया।

## यूपी ने राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग में चार स्वर्ण सहित जीते कुल 17 पदक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फिन स्विमर्स ने पुणे में गत 9 से 112022 तक आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप-2022 में दमदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्णए नौ रजत व चार कांस्य पदक सहित कुल 17 पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया। उत्तर प्रदेश अंडरवाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र सिंह चौहान के अनुसार चैंपियनशिप में विनय बोस ने मास्टर श्रेणी में तीन स्वर्ण, विराट चौहान ने जूनियर बालक में तीन रजत और धीरेंद्र यादव ने मास्टर श्रेणी में तीन रजत व एक कांस्य पदक जीते। चैंपियनशिप में विनय बोस ने 50 मी सरफेस मोनोफिन मास्टर वी टू पुरुष, विनय बोस 50 मी बाई फिन मास्टर वी टू पुरुष और विनय बोस 50 मी.एपीएनईए मोनोफिन मास्टर वी टू पुरुष में स्वर्ण पदक जीतेविराट चौहान ने 50 मी.सरफेस मोनोफिन जूनियर सी बालकए 50 मीण् बाई फिन जूनियर सी बालक और 50 मी एपीएनई जूनियर सी बालक में रजत पदक जीते।



## उत्तर प्रदेश की तनुश्री पाण्डेय व शक्ति मिश्रा बालिका युगल में उपविजेता



### 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप

**लखनऊ।** गुजरात की टीम ने 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में बालक टीम इवेंट का खिताब रोमांचक मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ जीत से अपने नाम किया। एमेच्योर साफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में एमेच्योर साफ्ट टेनिस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर खेले जा रहे मुकाबलों में बालिका युगल में उत्तर प्रदेश की तनुश्री पाण्डेय व शक्ति मिश्रा की जोड़ी उपविजेता रही। बालिका युगल फाइनल में तमिलनाडु की रागाश्री व सुष्मिता ने यूपी की जोड़ी को टाईब्रेक तक खिंचे रोमांचक मुकाबले में 3-1 से हराया। तमिलनाडु की जोड़ी ने 5-3, 4-2, 3-5, 1-4 7-2 से जीत हासिल की। बालक टीम इवेंट का फाइनल आज पिछली चैंपियनशिप की विजेता हरियाणा और उपविजेता गुजरात के मध्य खेला गया। दोनों टीमों के बीच काफी रोमांचक मुकाबला खेला गया जिसमें गुजरात की टीम ने 3-2 से जीत के साथ पिछली हार की कसक पूरी की जबकि हार से हरियाणा का खिताब बचाने का सपना टूट गया। बालक टीम इवेंट का कांस्य पदक तमिलनाडु और मध्य प्रदेश को संयुक्त रुप से प्रदान किया गया। खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, विधायक राजेश्वर सिंह, लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार सहित उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।